राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 195
लखनऊ, गुरुवार 19 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जिला एकीकरण समिति का हुआ पुनर्गठन 11

करियर को लेकर धैर्य रखें युवा : कपिल देव 03


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,57,900/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,44,750/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,18,460/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,65,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### सुलतानपुर : चिकित्सक हत्याकांड में दो दोषी करार

**सुलतानपुर।** चर्चित चिकित्सक डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड में बुधवार को अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह और दीपक सिंह को हत्या सहित अन्य आरोपों में दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को तत्काल हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। अब अदालत 24 मार्च को दोषियों को जेल से तलब कर सजा का ऐलान करेगी। एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में सुनवाई के दौरान फैसले को लेकर पूरे जिले की नजरें टिकी रहीं। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी पवन दूबे व वादी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने प्रभावी पैरवी करते हुए आठ अभियोजन गवाह पेश किए। गौरतलब है कि लंभुआ क्षेत्र के सखोली कला गांव निवासी डॉ. घनश्याम तिवारी जयसिंहपुर सीएचसी में संविदा चिकित्सक थे। 23 सितंबर 2023 को कोतवाली नगर के नरायनपुर गांव में उनकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

### मणिपुर के प्रतिबंधित संगठनों के तीन कैडर गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के विरुद्ध जारी अभियान की कड़ी में बीते 24 घंटों के दौरान पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों से तीन उग्रवादी संगठनों के तीन कैडरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कई तरह की सामग्री भी बरामद की गयी है। जिलों के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा बल तलाशी अभियान और क्षेत्र पर नियंत्रण जारी रखे हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं।

### 30 फीट गहरी खाई में गिरी एसयूवी, तीन दोस्तों की मौत

**कोटा।** राजस्थान के कोटा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। एक एसयूवी अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे जा गिरी, जिससे उसमें सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी युवक अपने दोस्तों के साथ लंबी ट्रिप से लौट रहे थे और घर पहुंचने से पहले ही यह हादसा हो गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वाहन चला रहे चालक को अचानक झपकी आ गई, जिसके चलते कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर करीब 30 फीट नीचे खाई में जा गिरी। मृतकों की पहचान सिद्धांत (21), कुणाल (25) और मयूरेवा (23) के रूप में हुई है, जो आपस में करीबी दोस्त थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के पहुंचने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद पूरे दोस्त समूह में शोक की लहर है, जो कुछ समय पहले तक खुशी-खुशी यात्रा कर रहा था।

# परिवर्तन 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सामूहिक शक्ति का प्रतीक : योगी

**नौ वर्षों में स्थापित किया सुरक्षा, विकास, रोजगार व सुशासन का नया मॉडल**

**बदलाव केवल माहौल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकार की नीयत, नीति, निरंतर प्रयासों का परिणाम**

> 9 वर्षों में यूपी में जो परिवर्तन हुआ है, वह डबल इंजन सरकार की नीतियों, पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, जनप्रतिनिधियों की सेवा भावना व जनता जनार्दन के सहयोग का परिणाम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में विकास और सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व उनकी विजनरी नेतृत्व क्षमता के तहत बीते 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह डबल इंजन सरकार की नीतियों, पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, जनप्रतिनिधियों की सेवा भावना और जनता जनार्दन के सहयोग का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को 9 वर्षों की उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह परिवर्तन 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सामूहिक शक्ति का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए लगभग 9 लाख 12 हजार करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है, जो उत्तर प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास को नई गति देगा। उत्तर प्रदेश आज कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। पहले जहां त्योहारों के दौरान भय, तनाव, दंगे और कर्फ्यू का माहौल बन जाता था, वहीं अब नवरात्रि और रमजान जैसे महत्वपूर्ण पर्व एक साथ पूरी शालीनता और सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। अलविदा की नमाज और ईद जैसे अवसर भी पूरी शांति से संपन्न हो रहे हैं और कहीं कोई हलचल या अव्यवस्था देखने को नहीं मिलती। बदलाव केवल माहौल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकार की नीयत, नीति, निरंतर प्रयासों का परिणाम है। आज प्रदेश में न कोई भय है, न तनाव, न अराजकता और न ही दंगों का खतरा, यह सब सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के कारण संभव हुआ है।

ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की पहुंच को मजबूत करने की दिशा में बुधवार को एक अहम पहल हुई। जल जीवन मिशन जेजेएम 2.0 के तहत केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है। पहले जहां सीमित गांवों तक पाइप पेयजल की सुविधा थी, वहीं आज हजारों गांवों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। जिन क्षेत्रों में कभी दूषित पानी के कारण गंभीर बीमारियां आम थीं, वहां अब हालात तेजी से सुधरे हैं। विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश मेइंसेफेलाइटिस जैसी समस्या पर नियंत्रण में स्वच्छता और पेयजल योजनाओं की अहम भूमिका रही है।

केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि होनी चाहिए। प्रदेश में 9 लाख से अधिक सरकारी भर्ती हुई। इसमें 1.75 लाख से अधिक बेटियों की भर्ती की गई। स्वयंसेवी समूह की 1.10 करोड़ से अधिक महिलाएं प्रदेश में आजीविका दीदी के रूप में उद्यमी बनकर कार्य कर रहीं हैं। सीएम ने निराश्रित महिला, वृद्ध व दिव्यांगजन पेंशन की भी चर्चा करते हुए बताया कि 1.06 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रदेश सरकार 12 हजार रुपये वार्षिक पेंशन उपलब्ध करा रही है। इनके कल्याण के लिए कैबिनेट जल्द ही इसमें वृद्धि का भी निर्णय लेगा। सरकार स्नातक व परास्नातक की मेधावी बेटियों को स्कूटी भी उपलब्ध कराएगी। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत अब तक 1.30 लाख से अधिक नए उद्यमी उत्तर प्रदेश में बने हैं। सरकार दो करोड़ से अधिक नौजवानों को टैबलेट देगी, इसमें से 50 लाख युवाओं को टैबलेट दिया जा चुका है, शेष को भी जल्द ही उपलब्ध होगा।

### पुलिस भर्ती के साथ-साथ प्रशिक्षण क्षमता को भी अभूतपूर्व रूप से बढ़ाया गया

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में भर्तियां नहीं होती थीं, क्योंकि सरकार की नीयत साफनहीं थी और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता था। लेकिन पिछले 9 वर्षों में इस स्थिति को पूरी तरह बदला गया है। सरकार ने 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी हैं, जिनमें 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती शामिल है। पुलिस भर्ती के साथ-साथ प्रशिक्षण क्षमता को भी अभूतपूर्व रूप से बढ़ाया गया है। उन्होंने 2017 के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि उस समय 30 हजार पुलिस भर्ती के लिए केवल 3 हजार प्रशिक्षण क्षमता उपलब्ध थी। तब केंद्र सरकार के सहयोग से मिलिट्री, पैरामिलिट्री और अन्य राज्यों के प्रशिक्षण केंद्रों का उपयोग करना पड़ा था। लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और 2025 में भर्ती किए गए 60,244 पुलिसकर्मियों को प्रदेश के भीतर ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नवनियुक्त पुलिसकर्मी प्रशिक्षण पूर्ण कर नवरात्रि के तुरंत बाद फील्ड में उतरेंगे और प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएंगे।पहले उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग समेत अन्य संस्थानों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगते थे और समय पर भर्ती नहीं हो पाती थी। प्रदेश में कई फॉरेंसिक साइंस लैब , स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई है, स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया गया है। पिछली सरकारों के दौरान उपेक्षित पड़ी पीएसी की 34 कंपनियों को पुनर्जीवित किया गया है, जिससे प्रदेश की सुरक्षा क्षमता में बड़ा इजाफा हुआ है। पहली बार उत्तर प्रदेश पीएसी में तीन महिला बटालियनों का गठन किया गया है, जिनका नामकरण वीरांगना ऊदा देवी पासी, वीरांगना झलकारी बाई और वीरांगना अवंती बाई लोधी के नाम पर किया गया है। इन बटालियनों में संबंधित वीरांगनाओं की अश्वारोही प्रतिमाएं भी स्थापित की जा रही हैं, जो नारी शक्ति और परंपरा के सम्मान का प्रतीक हैं। पुलिस सुधार के तहत कमिश्नरेट प्रणाली को सात जनपदों में लागू किया गया है, जिससे शहरी क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था और अधिक प्रभावी हुई है।

# इलेक्ट्रिक कार के चार्जिंग पॉइंट में ब्लास्ट से मकान में लगी आग, आठ लोगों की मौत

**एजेंसी, इंदौर।**



मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में बंगाली चौराहा के पास स्थित तिलक नगर इलाके में बुधवार सुबह चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक कार (टाटा पंच) में शॉर्ट सर्किट से आग ने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया और उनकी बहू सिमरन समेत आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

पुलिस के अनुसार, बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी में पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी थी। सुबह करीब चार बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार ने आग पकड़ ली। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया और घर के भीतर फैल गई। हादसे के समय पुगलिया परिवार के घर में पारिवारिक कार्यक्रम चल रहा था, जिसके कारण कई सदस्य और रिश्तेदार एक साथ मौजूद थे। घर के अंदर दस से ज्यादा गैस सिलेंडर और ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी। आग की चपेट में आते ही सिलेंडरों में विस्फोट शुरू हो गया। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। आग लगने की इस घटना में आठ लोगों की मौत हुई है। मृतकों में मकान मालिक मनोज जैन पुंगलिया (65), उनकी बहू सिमरन पुगलिया (30), विजय सेठिया (65), पत्नी सुमन सेठिया (60), छोटू सेठिया (22), राशि सेठिया (12), टीनू (35) और तनय (8 वर्ष) शामिल है।

### पालम अग्निकांड में नौ लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली का पालम इलाका बुधवार सुबह उस वक्त चीख-पुकार और अफरा-तफरी से भर गया, जब साध नगर की गली नंबर-2 स्थित एक चार मंजिली इमारत में भीषण आग लग गई। सुबह लगी इस आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें तीन मासूम बच्चियां भी हैं। पुलिस के अनुसार हादसे में 9 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु उर्फ अनिल (35), लाडो (70), हिमांशी (22) और तीन नाबालिग बच्चियां (15, 6 और 3 वर्ष) शामिल हैं। इसके अलावा दीपिका (करीब 28 वर्ष) को अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया।

# राजनीति में फुल स्टॉप नहीं होता : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



राज्यसभा में बुधवार को एक भावुक और गरिमामय माहौल देखने को मिला, जब अप्रैल से जुलाई के बीच सेवानिवृत्त होने जा रहे 59 सांसदों को औपचारिक विदाई दी गई।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद की भूमिका, वरिष्ठ नेताओं के योगदान और लोकतांत्रिक परंपराओं की अहमियत पर विस्तार से बात की। विदाई पाने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के नेता रामदास आठवले शामिल रहे। हालांकि, शरद पवार और रामदास आठवले दोबारा राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में संसद को ओपन यूनिवर्सिटी बताते हुए कहा कि यहां हर दिन सीखने और सिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि संसद में होने वाली बहसें, चर्चाएं और विचार-विमर्श लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह सदन एक ऐसा मंच है जहां विभिन्न विषयों पर चर्चा होती है, अलग-अलग विचार सामने आते हैं और हर सदस्य का योगदान महत्वपूर्ण होता है।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं होता। उन्होंने विदा हो रहे सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका अनुभव और योगदान हमेशा देश के काम आएगा। उन्होंने कहा, भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। कुछ लोग फिर से सदन में लौट सकते हैं, तो कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जो नेता अब सक्रिय संसदीय भूमिका में नहीं रहेंगे, उनका योगदान फिर भी राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा बना रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर सभी सांसदों से दलीय राजनीति से ऊपर उठकर एक-दूसरे का सम्मान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत आपसी सम्मान और संवाद में है। जब विदाई का समय आता है, तो हम सब पार्टी की भावना से ऊपर उठकर एक समान भाव से अपने साथियों के योगदान को याद करते हैं।

# पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी, चौकसी बढ़ी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित रीजनल पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और वीटीएस (विस्फोटक जांच टीम) मौके पर पहुंच गई और पूरे परिसर की जांच शुरू कर दी। इलाके में चौकसी बढ़ा दी गई है। आसपास के इलाकों में सख्ती बढ़ा दी गई है। फिलहाल, ऑफिस में किसी की भी आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। वहां मौजूद हर व्यक्ति और सामान की जांच की गई। धमकी की सूचना मिलते ही गोमतीनगर पुलिस और वीटीएस की टीम तुरंत हरकत में आ गई। टीम ने पासपोर्ट कार्यालय के अंदर और आसपास के इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पासपोर्ट कार्यालय में आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, धमकी किस माध्यम से दी गई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं, इसकी जांच की जा रही है। तकनीकी टीम भी इस मामले में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं।

### यूएई से 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर गुजरात पहुंचा भारतीय टैंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से करीब 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर एक भारतीय टैंकर जग लाडकी बुधवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह की संचालक कंपनी अडानी पोर्ट्स ने बताया कि 274.19 मीटर की लंबाई वाले और 50.04 मीटर चौड़े हल वाले इस टैंकर में 80,886 टन कच्चा तेल लाया गया है। यह यूएई के फुजैरा बंदरगाह से तेल भरकर रवाना हुआ था। अडानी पोर्ट्स ने कहा है कि इस खेप से बड़ी तेल शोधन कंपनियों को आपूर्ति जारी रखने में मदद मिलेगी जो पश्चिम एशिया में जारी व्यवधान के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में मुंद्रा बंदरगाह की भूमिका को उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई तथा ईरान द्वारा जवाबी हमले से पश्चिम एशिया से और पश्चिम एशिया के रास्ते आने वाली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# केंद्र ने बाराबंकी-बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे को दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए बाराबंकी से बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर कुल 6969.04 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसे हाइब्रिड एन्युटी मोड (एचएएम) के तहत विकसित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस परियोजना को स्वीकृति दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि करीब 101.515 किलोमीटर लंबा यह हाई-वे बाराबंकी और बहराइच जिलों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। इस परियोजना से मौजूदा सड़क की ज्यामितीय कमियों, तीखे मोड़ों और शहरी क्षेत्रों में होने वाली भारी भीड़भाड़ की समस्या को दूर किया जाएगा। नया हाई-वे प्रमुख आबादी वाले क्षेत्रों को बाईपास करेगा, जिससे यात्रा का समय घटकर लगभग एक घंटा रह जाएगा।

यह हाई-वे लखनऊ से रूपईडीहा कॉरिडोर का हिस्सा होगा और भारत-नेपाल सीमा तक सुगम संपर्क प्रदान करेगा। इससे रूपईडीहा लैंड पोर्ट तक पहुंच आसान होगी और दोनों देशों के बीच व्यापार और आवागमन को बढ़ावा मिलेगा।

### मंत्रिमंडल ने 2584 करोड़ रुपये की लागत वाली लघु जल विद्युत विकास योजना को दी मंजूरी

सरकार ने विशेष रूप से देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में पन बिजली क्षमता का दोहन करने के लिए 2584 करोड़ रुपये की लागत से लघु जल विद्युत विकास योजना शुरू करने का निर्णय लिया है जिसके अंतर्गत करीब 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना की जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लघु जल विद्युत विकास योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए स्वीकृति दी गयी है और इसकी कुल लागत 2584.60 करोड़ रुपये है। इस योजना के अंतर्गत लगभग 1500 मेगावाट क्षमता की लघु जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना विभिन्न राज्यों में 1 से 25 मेगावाट क्षमता वाली लघु जल विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने में सहायता प्रदान करेगी और विशेष रूप से पहाड़ी तथा पूर्वोत्तर राज्यों को लाभान्वित करेगी, जहां ऐसी परियोजनाओं की अधिक संभावनाएं हैं।

# एनआईए की बड़ी कार्रवाई, 6 यूक्रेनी व एक अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

**म्यांमार में ड्रोन-हथियार ट्रेनिंग का आरोप**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। इन पर म्यांमार में आतंकी गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण देने का आरोप है। एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और म्यांमार में हथियार चलाने तथा ड्रोन ऑपरेशन का प्रशिक्षण देने में कथित रूप से शामिल थे।

जांच में यह भी सामने आया है कि प्रशिक्षण में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन यूरोप से खरीदे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल एजेंसी आरोपियों से अवैध प्रवेश, हथियार प्रशिक्षण, ड्रोन संचालन और ड्रोन खरीद नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ कर रही है। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि इनका संबंध किसी बड़े आतंकी संगठन या नेटवर्क से तो नहीं है और क्या ये किसी बड़े आतंकी मॉड्यूल के लिए लोगों को प्रशिक्षण दे रहे थे। एनआईए इस पूरे मामले के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की भी जांच कर रही है, जिससे आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

**अपील** — **एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के बाद करें इंतजार**

# वितरणकर्ताओं के यहां लाइन लगाने से बचें : सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्र सरकार ने लोगों से अपील की है कि लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर की बुकिंग के बाद इंतजार करें और वितरणकर्ताओं के यहां लाइन लगाने से बचें। वर्तमान में एलपीजी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं को पर्याप्त वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं बुकिंग के लिए अब 93 प्रतिशत लोग ऑनलाइन तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

सरकार ने लोगों से अफवाहों पर विश्वास नहीं करने और गैस का उचित उपयोग करने को कहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भले ही कीमतें बढ़ रही हों, फिलहाल भारत में डीजल-पेट्रोल की कीमतों में कोई इजाफा नहीं होगा।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि कच्चे तेल की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही है। घरेलू एलपीजी उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल की कमी की कोई खबर नहीं है और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों, विशेषकर छात्रों के लिए, आर्मेनिया और अज़रबैजान की भूमि सीमा से यात्रा करने के संबंध में एक सलाह जारी की है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे सुगम सीमा पार आवागमन के लिए अपनी सुविधानुसार इस सलाह का पालन करें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की, जिनमें निर्दोष लोगों की जान गई और नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने पर जोर दिया और शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी भारतीय पोत सुरक्षित हैं और कोई घटना दर्ज नहीं की गई है।

# युद्ध के बीच संकटमोचक बना भारत ईरान को भेजी जीवनरक्षक दवाइयां

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



मध्य पूर्व में जारी भारी युद्ध के बीच, भारत ने एक बड़ा मानवीय कदम उठाते हुए ईरान को चिकित्सा सहायता की अपनी पहली खेप भेजी है। यह सहायता ऐसे समय में पहुंची है जब ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रही जंग अपने 19वें दिन में प्रवेश कर चुकी है।

भारत द्वारा भेजी गई चिकित्सा आपूर्ति और दवाइयां बुधवार को राजधानी तेहरान में ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंप दी गई हैं। इस मदद के पहुंचने पर भारत में स्थित ईरानी दूतावास ने तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए भारत सरकार और नागरिकों का शुक्रिया अदा किया। दूतावास ने बयान जारी करते हुए कहा- भारत के सम्मानित लोगों की ओर से चिकित्सा सहायता की पहली खेप ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को पहुंचा दी गई है। हम भारत के दयालु लोगों को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। यह दवाइयां और चिकित्सा उपकरण ऐसे समय में भेजे गए हैं जब युद्ध और लगातार हो रहे हमलों के कारण प्रभावित इलाकों में घायलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वहां के अस्पतालों और आपातकालीन टीमों पर भारी दबाव है, जिन्हें इस खेप से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# कानून व्यवस्था व विकास को मिली नई दिशा : घनश्याम

- गोण्डा में नव निर्माण के 9 वर्ष पर भव्य कार्यक्रम, विकास मेले का शुभारंभ
- प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का हुआ प्रदर्शन, मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण देखा गया



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को वेंकटाचार्य क्लब, गोण्डा में जिला प्रशासन के तत्वावधान में भव्य एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान लोक भवन सभागार, लखनऊ से आयोजित वार्षिक पुस्तक ÷नवनिर्माण के 9 वर्ष÷ के विमोचन का सजीव प्रसारण एनआईसी सभागार में देखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों को ध्यानपूर्वक सुना एवं देखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत ग्राम्य विकास की थीम पर आयोजित विकास मेले का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया गया है। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सड़कों एवं एक्सप्रेसवे के निर्माण, विद्युत आपूर्ति में सुधार तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक रूप से पहुंच रहा है।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं–स्वयं सहायता समूह, महिला सुरक्षा एवं रोजगारपरक कार्यक्रमों–के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से विकास का एक नया दौर स्थापित हुआ है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र को धरातल पर उतारते हुए प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी व बुकिंग बढ़ा रही समस्याएं : मंगलम गैस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

गोंडा-जिले में गैस का कोई संकट नहीं है। सप्ताह में एकाध दिन छोड़कर प्रतिदिन गैस कि गाड़ी आ रही है।समस्या ई-केवाईसी गैस बुकिंग और ओटी पी को लेकर खड़ी हो रही है। इसी को लेकर वितर ण में परेशानी हो रही है।सिर्फ एक दो दिन के लिए

डोर टु डोर सिलिंडर भेजने की प्रक्रिया रोकी गईं थी,अब इसकी शुरुआत कर दी गई है शहरी क्षेत्र में डोर टू डोर सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है

गैस एजेंसी संचालक अपनी देखरेख में वितरण क रा रहे हैं।कमर्शियल गैस सिलेंडर का संकट खड़ा होने पर होटलों में भट्ठियां धधकने लगी हैं।लोग ल कड़ी के गिट्टक इस्तेमाल कर रहे,आवास



विकास कच्चे बाबा मार्ग पर स्थित मंगलयम गैस प्रतिष्ठान गैस एजेंसी के संचालक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बता या कि गैस का कोई संकट नहीं है।सप्ताह में एका ध दिन को छोड़कर प्रतिदिन गैस की गाड़ी आ रही है,हमारे यहां करीब 26 हजार उपभोक्ता हैं,यह को ई नई बात नहीं है पूर्व में भी ऐसा होता रहा है।सम स्या बुकिंग और ओटीपी को लेकर खड़ी हो रही है इसी वजह से डोर टु डोर सप्लाई पहले रोक दी गईं। थी,अभी कुछ लोगो को एजेंसी से ही अपनी देखरे ख में वितरण करा रहे हैं ताकि ग्राहकों को शिकाय त का मौका नहीं मिल सके।

वहीं सिलिंडर का संक ट होने से होटल संचालक भट्ठी का सहारा लेने लगे हैं। शहर मे होटल चलाने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि गैस सिलेंडर का संकट खड़ा होने के बाद उन्हों ने पूर्व की तरह भट्ठी जलानी शुरू कर दी है।इससे कारोबार भी प्रभावित नहीं हो रहा है।

## खबरें एक नजर में

### संकुल मीटिंग में शिक्षा की गुणवत्ता एवं नामांकन पर जोर

- बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखना चाहिए : रवीन्द्र कुमार



**फखरपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शैक्षिक उन्नयन एवं आपसी शैक्षिक संवाद के लिए न्याय पंचायत जैतापुर के प्राथमिक विद्यालय कनेरा में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन मंगलवार को हुआ। शिक्षा के गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक रवीन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि बेहतर टीचिंग प्लान, टीएलएम और सहज वातावरण में छात्र - छात्राओं को आसानी से सिखाया जा सकता है। बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखना चाहिए। एआरपी अनमोल श्रीवास्तव ने कहा कि नया सत्र शुरू होने वाला है ऐसे में छात्र नामांकन को बढ़ाने के लिए अभिभावक संपर्क किया जाएं। पूर्व एआरपी राजकिशोर सिंह ने शैक्षिक गतिविधियों के बारे में चर्चा किया। इस मौके पर शिक्षक संकुल अजय चौहान, अमित त्रिवेदी, राजेश प्रजापति, पंकज श्रीवास्तव, शिक्षक राजकुमार सिंह, संयोगिता, संजय कुमार, नरेंद्र कुमार, राजेश तिवारी, जमील अहमद, आदित्य चतुर्वेदी, पीयूष पांडेय मौजूद रहें।

### यूपी सरकार के 9 साल पूरे, नवनिर्माण समारोह शुरू



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष नामक नौ दिवसीय समारोह का शुभारंभ किया गया। यह समारोह 18 से 26 मार्च 2026 तक कपूरथला परिसर स्थित उत्थान ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने किया। इस अवसर पर एमएलसी पदमसेन चौधरी, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र सहित कई अन्य अतिथि व अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम के दौरान मैट्रो एकेडमी द्वारा गणेश वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। उत्थान ऑडिटोरियम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन ने लखनऊ के लोक भवन सभागार में आयोजित मुख्य समारोह का सजीव प्रसारण देखा और सुना। यह प्रसारण उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया था। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में व्यापक परिवर्तन आया है। उन्होंने कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित सुशासन के क्षेत्रों में हुए विकास पर प्रकाश डाला।विधायक सिंह ने आगे कहा कि आज उत्तर प्रदेश भयमुक्त, निवेश अनुकूल और तेजी से विकसित होने वाला राज्य बन गया है। उन्होंने बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना का भी जिक्र किया, जिसके तहत बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई तक के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासीराम और जिला सेवा योजन अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।


### दवा उद्योग से जुड़ी समस्याओं के निराकरण की मांग



- मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स ने सौंपा ज्ञापन, कहा- सभी दवाओं पर जीएसटी शून्य हो

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन (यूपीएमएसए) की बहराइच यूनिट ने आज सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (NPPA) के चेयरमैन पी. कृष्णमूर्ति और सीनियर इकोनॉमिक एडवाइजर अवधेश कुमार चौधरी को संबोधित था, जिसमें दवा उद्योग और प्रतिनिधियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन यूपीएमएसए के अध्यक्ष रामजी पाठक की अध्यक्षता में दिया गया। इस दौरान स्टेट उपाध्यक्ष अरुण सिंह, सचिव तैयब अली, सचिव अविनाश त्रिपाठी और कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार सहित एसोसिएशन के कई अन्य सदस्य मौजूद रहे। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5ब्र दवाओं पर खर्च करने, सभी दवाओं पर जीएसटी शून्य करने, बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भारतीय कंपनियों के अधिग्रहण को रोकने और वैक्सीन उत्पादक इकाइयों सहित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को पुनर्जीवित करने की मांग शामिल थी। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों में दवा कंपनियों को पुनर्जीवित करने और दवा प्रतिनिधियों को सरकारी अस्पतालों में काम करने का अधिकार दिए जाने की बात भी कही गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अरुण सिंह ने जोर देकर कहा कि सभी दवाओं पर जीएसटी शून्य करना उनकी प्रमुख मांग है। कार्यक्रम में शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुजीत खरे, उपाध्यक्ष जिशान रिजवी, निरंजन यादव, लवकुश श्रीवास्तव, सी.पी. यादव, गोपाल पाठक, अमन मिश्रा, शिवेंद्र सिंह, सौरभ शर्मा, हेमंत सिंह, संदीप और मेराज अहमद सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# केबी सिंह अध्यक्ष, अनिल बने मंत्री



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

आज उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था, शाखा जनपद गोंडा का अधिवेशन/बैठक पेंशनर कक्ष में संपन्न हुई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था, लखनऊ के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्निहोत्री, कार्यकारी अध्यक्ष आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, महामंत्री ओमकार नाथ तिवारी एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष एस. के. मल्होत्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के दौरान संगठन के विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों पर जनपदीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष के. बी. सिंह ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। इसके उपरांत प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्निहोत्री की अध्यक्षता में, प्रांत के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में जनपद से उपस्थित सदस्यों से वर्तमान कार्यकारिणी के संबंध में राय ली गई। सदस्यों से पूछा गया कि यदि वे वर्तमान कार्यकारिणी से संतुष्ट हैं और उसे आगे भी जारी रखना चाहते हैं, तो हाथ उठाकर अपनी सहमति प्रकट करें। सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर अपनी सहमति व्यक्त की। तत्पश्चात प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को ही पुनः निर्वाचित/चयनित घोषित किया गया। पुनर्गठित कार्यकारिणी में के. बी. सिंह को अध्यक्ष, अनिल कुमार श्रीवास्तव को मंत्री, पाटेश्वरी प्रसाद द्विवेदी एवं नरेंद्र बहादुर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष के रूप में पुनः दायित्व सौंपा गया।

# किसान दिवस की बैठक में अब विद्युत विभाग व वन विभाग के लगेंगे कैम्प : जिलाधिकारी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



माह के तीसरे बुधवार के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार गोण्डा में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपकृषि निदेशक ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए जिलाधिकारी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की।

जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने गेहूँ खरीद के विषय में विभाग द्वारा की गई व्यवस्था के संबंध में कृषकों को जानकारी दी। अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई ने विभाग द्वारा किसानों के लिए संचालित कार्यक्रमों के विषय में जानकारी उपलब्ध कराई। गत माह आयोजित हुई बैठक में कृषकों के द्वारा उपलब्ध कराई गई 15 समस्याओं के निराकरण के प्रगति के विषय में चर्चा की गई तथा वर्तमान बैठक में कुल 09 कृषकों के द्वारा अपनी समस्याएं बैठक में प्रस्तुत की गईं, जिनमें से अधिकतर समस्याएं छुट्टा पशुओं एवं चकबंदी विभाग से संबंधित थीं।

बैठक में जिलाधिकारी ने बिजली विभाग तथा वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश है कि वे अगले माह से आयोजित होने वाली किसान दिवस की बैठकों में प्रातः 10:00 बजे से ही आयोजन स्थल पर अपना एक समाधान शिविर लगाकर विद्युत विभाग तथा वन विभाग से संबंधित समस्याओं का निराकरण त्वरित आधार पर निस्तारण करें।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### कैसरगंज में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

*त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन व धर्मगुरुओं ने बनाई रणनीति*



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** आगामी त्योहारों के मद्देनज़र शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना कैसरगंज परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के पेश इमामों, धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने की, जबकि पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, चेयरमैन कैसरगंज, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मौलाना खालिद सहित अन्य धर्मगुरुओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, मोहब्बत और एकता का संदेश देते हैं।

उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति एवं सद्भाव बनाए रखें।

अधिकारियों ने भी स्पष्ट रूप से कहा कि शांति व्यवस्था में बाधा डालने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सभी से प्रशासन का सहयोग करने, संवेदनशील मुद्दों पर सतर्क रहने एवं किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस तक पहुंचाने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने का संकल्प लिया।

# दर्दनाक हादसा : ट्रक की टक्कर से मां-बेटे की मौत, पिता घायल

- महिला का चेहरा कटकर अलग, बच्चे का निचला हिस्सा गायब



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** बाइक पर सवार होकर जा रहे परिवार को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में बाइक की पिछली सीट पर बैठी मां और उसके 2 साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि गाड़ी चला रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक के नीचे पेट्रोल टैंक के लोहे से महिला का आधा चेहरा कटकर पूरा अलग हो गया और करीब आधा फिट दूर जा गिरा। वहीं बच्चे के पेट पर से पहिया गुजरने के कारण उसकी अंतड़ियां तक बाहर आ गईं। निचला हिस्सा रोड पर पूरी तरह से चिपटा हो गया। घटना होते ही राहगीरों ने ट्रक को रोक लिया, जबकि चालक फरार हो गया। मां-बेटे की हालत देख सभी के रोंगटे खड़े हो गए। बच्चा निचला हिस्सा गायब होने के बावजूद जिंदा था और बुरी तरह रो रहा था। लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से तीनों को नजदीकी सीएचसी भेजा गया, मां को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कुछ ही देर में बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। गंभीर घायल पिता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

चालक की तलाश की जा रही है। घटना जिला मुख्यालय से 26 किलोमीटर दूर बहराइच-नानपारा इंटरनेशनल हाइवे पर मटेरा थाना क्षेत्र की है।हरदी थाना क्षेत्र के महसी गांव निवासी सोनू निषाद (25) दो दिन पहले अपनी पत्नी मंगला (23) और दो साल के बेटे शिवा के साथ बाइक से अपने ननिहाल मटेरा थाना क्षेत्र के मटेरा गांव में गए हुए थे। बुधवार सुबह सोनू, पत्नी और बच्चे को बाइक से लेकर अपने घर लौट रहे थे। बहराइच-नानपारा इंटरनेशनल हाइवे से होकर जा रहे थे। मटेरा चौराहे पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक (क्र22 ञ्च 4876) ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सोनू तो दूसरी ओर गिरा, पर मंगला और शिवा ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। मंगला का चेहरा ट्रक के पेट्रोल टैंक में फंस गया और आधा कटकर पूरी तरह अलग हो गया। वहीं दो साल के शिवा का शरीर का निचला हिस्सा पहिए तले कुचल कर पूरी तरह गायब हो गया।

### 50 मीटर पर चौकी, तत्काल पहुंची पुलिस

हादसे के बाद ट्रक का चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया। जिस जगह यह घटना हुई, वहां से महज 50 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी थी। राहगीरों की भीड़ जुटी देख पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों को तुरंत रिसिया स्वास्थ्य केंद्र भेजा। डॉक्टरों ने मंगला को मृत घोषित कर दिया। कुछ ही देर में शिवा की भी मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल सोनू निषाद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

परिजनों ने बताया– सोनू दिल्ली–पंजाब में मजदूरी करता है। करीब 15 दिन पहले ही घर आया था। सोनू और मंगला की शादी 3 साल पहले ही हुई थी। शिवा उनका इकलौता बेटा था। सोनू अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार में एक साथ दो लोगों की मौत की खबर पहुंचते ही परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है।

### ट्रक कब्जे में, कानूनी कार्रवाई जारी

मटेरा थाना प्रभारी हरिकेश सिंह ने बताया दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# मेडिकल स्टोर का शटर तोड़ लाखों की चोरी

- रात में दुकान बंद करके निकले थे, सुबह शटर मुड़ा होने की जानकारी मिली



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर से लाखों रुपये की चोरी हो गई। चोरों ने बीती रात दुकान का शटर तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। दुकान मालिक की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। कैलाश होटल के पास स्थित इस मेडिकल स्टोर के मालिक ननकऊ वर्मा मंगलवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह करीब 7 बजे आसपास के लोगों ने दुकान का शटर ऊपर की ओर मुड़ा हुआ देखा, जिसके बाद उन्होंने ननकऊ वर्मा को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे ननकऊ वर्मा ने बताया कि चोरों ने दुकान में रखी लगभग एक लाख रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया है। उन्होंने तत्काल 112 पर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी और चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और पीड़ित से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से रुपईडीहा में हर तरफ बिखरा कूड़ा

- ईओ और अध्यक्ष के बीच बढ़ता जा रहा है विवाद



**रुपईडीहा, बहराइच समृद्धि न्यूज**

नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के बीच खीचा तानी का मामला और बिगड़ता जा रहा है। मंगलवार से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा की सफाई कर्मियों ने सफाई नही की।

मंगलवार को सारे सफाईकर्मी बहराइच जिलाधिकारी के कार्यालय गये वहां पहुंच कर ज्ञापन दिया। बुधवार की सुबह से ही झाड़ू आदि हाथ में लेकर जुलूस निकालते हुए नारेबाजी की। चकियारोड, एनएच 927, स्टेशन रोड, सेंट्रल बैंक चौराहा, बजाजा मार्केट, रामलीला चौराहा, मालगोदाम रोड सहित नगर पंचायत के सभी वार्डों में कूड़ा छितरा दिया गया। कूड़ेदानों मे रखा कूड़ा पलट दिया। जिससे सड़कों पर भारी गंदगी फैल गयी। यही नही आंदोलित सफाई कर्मियों ने चेयरमैन व नगर पंचायत के कार्यालय पर कुड़ेदानो का कूड़ा पलट दिया। इस संबंध में जब चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एसआईआर का बहाना लेकर ईओ 6 माह से कार्यालय में नही बैठ रहे हैं। जिससे मैंने इनका दो माह का वेतन रोक दिया है। सफाई कर्मियों की झाड़ू इनके पास है। झाड़ू लेकर इन्होंने प्रदर्शन किया है। मेरे आवास व नगर पंचायत के मेन गेट पर कंटेनर्स का कूड़ा पलट दिया है। मैंने एडीएम बहराइच व एसडीएम नानपारा से शिकायत की है। अभी तक इसका समाधान नही निकल सका है। बिना उद्घाटन के ईओ राम बदन यादव नवनिर्मित कार्यालय पर बैठे हैं। मैंने एडीएम बहराइच अमित कुमार से बात की उन्होंने कहा कि मैं ईओ से बात करता हूं। सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मोनू वाल्मीकि व ईओ की साठगांठ से दो दिनों से नगर पंचायत की सफाई नही हो रही है।

### क्या कहते हैं ईओ

नवनिर्मित नगर पंचायत भवन में बैठे अधिशासी अधिकारी राम बदन यादव से बात की तो उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी नवनिर्मित भवन से ही काम करने को राजी हैं। मेरा कोई रोल नही है। सफाईकर्मियों का कहना है कि ठेले टूटे पड़े हैं। कूड़ा कैसे उठेगा। इस खींच तान में नगर पंचायत रुपईडीहा में सफाई का काम ठप है।

# ऋतू राज सिंह इंटरकालेज कौवापुर में कार्यशाला का आयोजन

**तुलसीपुर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** निपुण भारत मिशन एवम् ऑपरेशन कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत आज तुलसीपुर खण्ड शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक एवम् शिक्षिकाओं की एक दिवसीय कार्यशाला ऋतुराज सिंह इंटर कॉलेज कौवापुर में आयोजित की गई। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए बताया कि लक्ष्य निपुण भारत मिशन को प्राप्त करने में शिक्षको के साथ साथ विद्यालय प्रबंध समिति (ह्यद्मष्) की भी समान भूमिका है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को वर्तमान आवश्यकता अनुसार निपुण एवम् ह्यड्डद्बद्धड्डह्म्‌ बनने पर बधाई भी दिया। इस अवसर पर



खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ स्वामी नाथ शिक्षक संघ के पदाधिकारी धर्मेन्द्र शुक्ला, राजा राम यादव , अशोक गौतम, आलोक कुमार, धर्मराज वर्मा आदि उपस्थित रहे ।

### पुलिस चौकी के सामने आपत्तिजनक रील बनाने वाला गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** एक युवक को पुलिस चौकी के सामने आपत्तिजनक रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रील वायरल होने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। युवक की बाइक भी जब्त कर ली गई है। नगर कोतवाल प्रदीप सिंह ने बताया कि हिरासत में लिए गए युवक की पहचान नगर कोतवाली के काजीपुरा निवासी कामिल के रूप में हुई है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 170 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसकी बाइक भी जब्त कर ली है।

# गैस संकट से जूझ रही जनता, घंटों लाइन में लगने को मजबूर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर से लेकर कस्बों तक गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें आम दृश्य बन गई हैं। हालत यह है कि कई स्थानों पर लोग सुबह 5 बजे से ही लाइन में लगने को मजबूर हैं, फिर भी उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

स्थानीय उपभोक्ताओं के अनुसार, गैस की होम डिलीवरी व्यवस्था पहले सुचारु रूप से चलती थी, लेकिन अब अधिकांश क्षेत्रों में यह सुविधा लगभग ठप हो चुकी है। इसके कारण लोगों को खुद एजेंसी तक जाकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है, जिससे भीड़ और अव्यवस्था बढ़ती जा रही है। कई एजेंसियों पर उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ता है, जबकि कुछ लोगों को तीन से चार दिन तक चक्कर लगाने के बाद भी गैस उपलब्ध नहीं हो पाती।

गृहणियों के लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो गई है, क्योंकि रसोई का काम पूरी तरह गैस पर निर्भर है। गैस न मिलने से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। इस संबंध में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन का कहना है कि जनपद में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और एजेंसियों को नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने माना कि वितरण व्यवस्था में कुछ खामियां हो सकती हैं, जिन्हें सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वहीं दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरें और वीडियो प्रशासन के दावों पर सवाल खड़े कर रही हैं। इनमें साफ देखा जा सकता है कि लोग लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि समय रहते वितरण प्रणाली को दुरुस्त नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि होम डिलीवरी व्यवस्था को पुनः बहाल किया जाए और गैस वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# लोदीपुर धाम प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा : जयवीर



- पर्यटन विभाग का अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों पर फोकस
- लोदीपुर धाम के कायाकल्प को रफ्तार, 1.67 करोड़ से बदलेगा मंदिर का स्वरूप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों को नई पहचान दिलाने के तहत लोदीपुर धाम के विकास को नई गति मिली है। मुरादाबाद स्थित ऐतिहासिक श्री जम्भेश्वर मंदिर यानि लोदीपुर धाम का कायाकल्प होगा, मंदिर में पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण पर 1.67 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना के तहत मंदिर परिसर में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी और यह स्थल एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लोदीपुर धाम स्थित श्री जम्भेश्वर मंदिर का विकास हमारी उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत हम उत्तर प्रदेश के आध्यात्मिक और अल्पज्ञात स्थलों को नई पहचान दे रहे हैं। परियोजना के अंतर्गत सत्संग भवन, यज्ञशाला, विश्राम गृह, रसोई, आधुनिक शौचालय, प्रवेश द्वार और ढका हुआ परिक्रमा मार्ग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर और सुविधाजनक अनुभव मिलेगा।

बिश्नोई समाज की समृद्ध विरासत का संरक्षण भी होगा। लोदीपुर धाम सशक्त, प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। लोदीपुर धाम में हर साल चौत्र अमावस्या के अवसर पर लगने वाला दो दिवसीय धार्मिक मेला इस बार भी श्रद्धा और उत्साह के साथ बुधवार को संपन्न हुआ। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और पूजा-अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

### 200 साल से अधिक पुराना श्री जम्भेश्वर मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र

श्री गुरु जम्भेश्वर धाम सेवा समिति के सचिव अजीत सिंह बिश्नोई के अनुसार, इस वर्ष मेले में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आस्था, सामाजिक एकता के इस संगम में श्रद्धालुओं ने पर्यावरण संरक्षण व सदाचार का संकल्प लिया। लोदीपुर धाम में स्थित 200 साल से अधिक पुराना श्री जम्भेश्वर मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। गुरु जम्भेश्वर जिन्हें जांभोजी के नाम से भी जाना जाता है, बिश्नोई संप्रदाय के संस्थापक थे। यह समुदाय प्रकृति संरक्षण और संतुलित जीवन शैली के लिए प्रसिद्ध है। उनका जन्म करीब 1451 में राजस्थान के नागौर जिले के पिपासर गांव में पंवार राजवंश में हुआ था। श्रद्धालु उन्हें भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं। श्री गुरु जम्भेश्वर धाम सेवा समिति के सचिव अजीत सिंह बिश्नोई के अनुसार, गुरु जम्भेश्वर जी के आगमन पर भक्त सुरजी देवी के आग्रह पर लगाया गया पवित्र खेजड़ी का पेड़ आज भी मंदिर परिसर में आस्था का प्रतीक है। 1485 के भीषण अकाल के दौरान गुरु जी ने लोगों की मदद कर नैतिक जीवन और सामाजिक सुधार का संदेश दिया तथा बिश्नोई संप्रदाय की स्थापना कर 29 नियम बताए, जो आज भी समाज के मूल्यों का आधार हैं। बिश्नोई समाज पर्यावरण संरक्षण के लिए देशभर में जाना जाता है। उनकी यह परंपरा प्रेरणादायक है। प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन विकास और बेहतर कनेक्टिविटी पर किए गए कामों का असर अब साफ दिखने लगा है।

# प्रधानमंत्री से 28 मार्च को जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन का किया है अनुरोध : सीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 28 मार्च को जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करने का अनुरोध किया गया है। आदित्यनाथ ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश की हवाई कनेक्टिविटी काफी बढ़ी है।

उन्होंने कहा, देश में कनेक्टिविटी के लिए, विशेष रूप से हवाई कनेक्टिविटी के लिए, उत्तर प्रदेश में आज 16 घरेलू हवाई अड्डे और चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। देश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जेवर में बन रहा है। हमने प्रधानमंत्री से 28 मार्च को इसका उद्घाटन करने का अनुरोध करते हुए उन्हें आमंत्रित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस हवाई अड्डे के संचालन से राज्य की अर्थव्यवस्था को काफी प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, कल्पना करें कि जब जेवर हवाई अड्डे का संचालन शुरू होगा तो विकास का क्या स्तर होगा। इससे उत्तर प्रदेश सरकार को करीब एक लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित होने की उम्मीद है। उन्होंने नवनिर्माण के नौ वर्ष कार्यक्रम में यह बात कही। गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर में सार्वजनिक-निजी साझेदारी मॉडल के तहत विकसित किया जा रहा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एक प्रमुख ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और प्रमुख घरेलू व अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाना है। इसके पहले चरण में, हवाई अड्डे में एक रनवे और एक यात्री टर्मिनल होगा, जिसकी वार्षिक यात्री वहन क्षमता लगभग 1.2 करोड़ यात्री होगी। टर्मिनल लगभग 1.38 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला होगा, जिसमें 48 चेक-इन काउंटर, नौ सुरक्षा जांच लेन और नौ आव्रजन काउंटर होंगे।

## खबरें एक नजर में

### पंकज चौधरी का नया आशियाना आवास 6-ए लाल बहादुर शास्त्री मार्ग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी सरकार में व्यवसायिक और कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल की लाल बहादुर शास्त्री मार्ग स्थित 6 ए के अपने सरकारी आवास को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को देने की पेशकश को राज्य सरकार ने अनुमोदन कर दिया है। मंत्री श्री अग्रवाल गोमती नगर विभूति खंड आवास संख्या 25 में शिफ्ट हो जाएंगे। कपिल देव अग्रवाल का आवास पहले समाजवादी पार्टी का प्रदेश कार्यालय रहा है। समाजवादी पार्टी का प्रदेश दफ्तर विक्रमादित्य मार्ग शिफ्ट हो जाने के बाद सपा के फ्रंटल संगठनों के दफ्तर सहित पूर्व जेल,खेल मंत्री एसपी एमएलसी राजेंद्र चौधरी को आवंटित कर दिया गया।बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी के विधानसभा, राजभवन क्षेत्र में नए पड़ोसी तकनीकी शिक्षा मंत्री एवं सहयोगी अपना दल एस के नेता आशीष सिंह पटेल, सपा विधायक पूर्व मंत्री शिवपाल यादव, कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना होंगे।

### लखनऊ में 733 किलो गांजा बरामद, बांदा व हमीरपुर के तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे अंतरराज्यीय गिरोह के 2 तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों हरियाणा नंबर के कंटेनर से गांजा ला रहे थे। इसे यूपी और बिहार के जिलों में सप्लाई करना था। एसटीएफकी टीम ने कंटेनर को पकड़ लिया। इसमें 733 किलो गांजा मिला। एसटीएफको सूचना मिली थी कि एक गिरोह उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से गांजा लाकर यूपी-बिहार में सप्लाई कर रहा है। इसी सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही ने एसटीएफटीम को अलर्ट किया। टीम ने लखनऊ में मंगलवार रात 1.45 बजे घेराबंदी शुरू की। मोहनलालगंज के बिंदुआ में श्री महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज के पास बाबा ढाबा के सामने कंटेनर नंबर एचआर 55 डब्लयू 3217 आता दिखा, जिसकी तलाशी ली गई। तलाशी में कंटेनर के अंदर भारी मात्रा में गांजा मिला। इस पर कंटेनर में सवार दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में तस्कर आरोपियों ने बताया कि उनका गिरोह उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता का गांजा खरीदता है। उस गांजे को मध्य प्रदेश के रास्ते उत्तर प्रदेश लाकर अलग-अलग जिलों में ऊंचे दाम पर बेचता है। दोनों तस्करों के खिलाफथाना मोहनलालगंज में एनडीपीएस एक्ट में तहत केस दर्ज किया गया है। एसटीएफसे मिली जानकारी के अनुसार, 733 किलो गांजे की कीमत करीब 1.83 करोड़ रुपए आंकी गई है। दो तस्करों की पहचान मर्दन नाका बांदा के विनोद कुशवाहा और नेवादा विवार हमीरपुर के जितेंद्र शिवहरे के रूप में हुई है। एसटीएफने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन और टाटा कंटेनर भी जब्त किया गया।

### बंद घरों में चोरी करने वाले गिरफ्तार नाबालिग भी गैंग में शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में पुलिस ने चोरी की कई वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को संरक्षण में लिया गया है। आरोपियों के पास से करीब 31 ग्राम सोने और 2 किलो चांदी बरामद हुई है। गोमती नगर एसीपी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शहीद पथ अंडरपास के पास विनीतखण्ड सब्जी मंडी के नजदीक कुछ अज्ञात युवक खड़े है। दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया। जांच के दौरान सामने आया कि ये आरोपी गोमतीनगर ही नहीं, बल्कि विभूतिखंड समेत शहर के कई इलाकों में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी के साथ रात में पॉश कॉलोनियों में घूमते थे। जिन घरों में ताला लगा मिलता, उनमें गेट फांदकर घुस जाते और जेवर व कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने की चेन, अंगूठी, झुमके, कंगन और लॉकेट सहित कई सामान बरामद किए हैं। इसके अलावा करीब 2 किलो चांदी के बर्तन, पायल, सिक्के भी मिले है। साथ ही 2900 रुपए नकद भी बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी संतोष कश्यप उर्फराहुल कश्यप (19) बाराबंकी का रहने वाला है और पहले भी लखनऊ के चिनहट, गाजीपुर और इंदिरानगर थानों में कई मामलों में नामजद रहा है। इस गिरफ्तारी के साथ गोमतीनगर और विभूतिखंड थानों में दर्ज आधा दर्जन से अधिक चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस अब अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

### भाकियू का कृषि मंत्री को 11 सूत्रीय ज्ञापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु एक ज्ञापन दिया। संगठन ने 11 सूत्रीय मांगों के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए किसानों के आर्थिक अस्तित्व और उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर तत्काल निर्णय लेने का अनुरोध किया है। कृषि मंत्री ने संगठन की मांगों पर विचार करते हुए उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।किसान संगठन द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में मुख्य रूप से सी250 प्रतिशत एमएसपी की कानूनी गारंटी, आलू पर एमएसपी लागू करने, राष्ट्रीय किसान आयोग के गठन और भारत-अमेरिका ट्रेड डील को खारिज करने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, किसानों के संपूर्ण कर्ज माफी, मनरेगा द्वारा किसानों को श्रमिक उपलब्ध कराने, केंद्र सरकार द्वारा पेंशन योजना लागू करने तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोल्ड स्टोरेज भाड़ा और मंडी शुल्क पर पूर्ण सब्सिडी प्रदान करने जैसे विषयों को भी प्रमुखता से उठाया गया है।ज्ञापन में शीट बिल 2025 व विद्युत संशोधन बिल को वापस लेने और किसानों व मजदूरों के लिए घरेलू बिजली मुक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। संगठन ने आलू के निर्धारित समय सीमा में भुगतान न होने पर ब्याज सहित भुगतान और दंडात्मक कार्यवाही के प्रावधान की भी मांग की है। कृषि मंत्री के निर्देश पर ज्ञापन ओएसडी ने प्राप्त किया।

# करियर को लेकर धैर्य रखें युवा : कपिल देव

- कौशल विकास मंत्री ने किया रोजगार मेले का उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने वृहद रोजगार मेला-2026 का उद्घाटन किया, जिसमें हजारों युवाओं को नौकरी के अवसर मिलेंगे। कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कौशल दृष्टि, कौशल दर्पण और कौशल दोस्त नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए गए।

उन्होंने कहा कि कौशल दृष्टि एक मोबाइल एप्लिकेशन है जो प्रशिक्षण केंद्रों की वास्तविक समय में निगरानी करता है, कौशल दर्पण एक एआई-आधारित डैशबोर्ड है जो कौशल विकास से संबंधित जानकारी को एकीकृत करता है, और कौशल दोस्त एक चौटबॉट है जो उपयोगकर्ताओं को तत्काल सहायता प्रदान करता है। श्री अग्रवाल ने युवाओं को कौशल, आत्मविश्वास, प्रभावी संचार कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने युवाओं को यह भी सलाह दी कि वे अपने करियर को लेकर धैर्य रखें और बेहतर अवसर के बिना नौकरी छोड़ने से बचें।सरकार का लक्ष्य युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला उद्यमी बनाना है। उत्तर प्रदेश सरकार रोबोटिक्स, ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 3डी प्रिंटिंग, सोलर एनर्जी और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।वर्तमान में लगभग 350 आईटीआई संचालित हैं, जिनमें से 22 नई आईटीआई चालू हो गई हैं और अगले सत्र में 30 और आईटीआई शुरू करने की योजना है।

रोजगार मेले में डिजिटल पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था लागू की गई, 15,000 से अधिक रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें 2,500 युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। दिव्यांग व्यक्तियों, महिलाओं जीरो पॉवर्टी श्रेणी के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई।

### कुछ लोगों को असहज कर रही हमारी दलित पृष्ठभूमि : अनिल कुमार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक दल लीडर और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने समाजवादी पार्टी के विधायक पंकज मलिक को करारा जवाब देते हुए कहा कि उनकी दलित पृष्ठभूमि ही कुछ लोगों को असहज कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और उसके कुछ नेताओं को यह स्वीकार नहीं हो रहा कि एक दलित समाज का व्यक्ति आगे बढ़कर कैबिनेट मंत्री के पद तक पहुंचा है। अनिल कुमार ने कहा कि वे अपने समाज के सम्मान और अधिकारों के लिए लगातार काम करते रहेंगे और किसी भी प्रकार की राजनीति से पीछे हटने वाले नहीं हैं।

# आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों ने राज्यमंत्री का आवास घेरा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों ने लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। मंगलवार को हजरतगंज में प्रदर्शन के बाद आज बुधवार को आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र के आवास का घेराव किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि 2024 की भर्ती प्रक्रिया में देरी हो रही है।

वैकेंसी का फॉर्म भरवाने के बाद मामला कोर्ट में चला गया। 53 तारीखें लग चुकी हैं लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं आया है। हम बेरोजगारी में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। मानक राय ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया कोर्ट केस के कारण अटकी हुई है। अब तक 53 तारीखें लग चुकी हैं। लगातार बढ़ती तारीखों से अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है। सरकारी पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी न होने के कारण मामला लंबित चल रहा है, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। रोजगार की आस में घर-परिवारवाले भी बैठे हैं। हम लोग बेहद गरीब परिवार से आते हैं अगर नौकरी नहीं मिली तो स्थिति और भी दयनीय हो जाएगी। अभ्यर्थी ने बताया कि पूरे प्रदेश में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के लगभग 60 प्रतिशत पद खाली हैं। सरकार की ओर से 1002 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जबकि कुल स्वीकृत पद करीब 2100 हैं। इनमें से लगभग 1200 पद अब भी रिक्त पड़े हैं। 2024 वाली वैकेंसी में भी अप्लाई किया, उसके बाद वैकेंसी कोर्ट चली गई। इतने बड़े पैमाने पर पद खाली होने से आयुष और स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में दवाओं के वितरण और फार्मेसी संचालन की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने मांग किया कोर्ट में बेंच-वाइज निर्णय कराकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि आवश्यक हो तो सरकार उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के माध्यम से लिखित परीक्षा आयोजित कर भर्ती प्रक्रिया पूरी कराए। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए इस मामले में प्राथमिकता से हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि लंबित भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो सके।

# सीनियर कैडर कोर्स-04 की कोर्स-समापन परेड संपन्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) सेंटर और कॉलेज, लखनऊ के ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आज 18 मार्च को सीनियर कैडर कोर्स के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में एक कोर्स-समापन परेड आयोजित की गई। इस परेड में 120 कोर्स एनसीओज ने भाग लिया, जिन्हें ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षित किया गया था और जो आने वाले समय में उच्च पद ग्रहण करेंगे। इन बहादुर सैनिकों को दिए गए सैन्य प्रशिक्षण ने उनके मनोबल, आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को बढ़ाया है, जिससे वे सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के मूल्यों और लोकाचार के साथ जूनियर नेतृत्व की भूमिकाओं को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए तैयार हो गए हैं।

कोर्स-समापन परेड सैन्य सटीकता और पारंपरिक भव्यता से परिपूर्ण थी। इस औपचारिक परेड का निरीक्षण मेजर जनरल विनोद कुमार पात्रा, कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर और कॉलेज ने किया। मिलिट्री हॉस्पिटल जबलपुर के हवलदार (नर्सिंग असिस्टेंट) लीला राम साहू को कोर्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए नाइक दीपक सिंह, वीर चक्र रोलिंग ट्रॉफी और लेफ्टिनेंट जनरल पीवी रामचंद्रन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोर्स को संबोधित करते हुए, निरीक्षण अधिकारी ने उनकी बेहतरीन वेशभूषा और परेड के त्रुटिहीन संचालन के लिए उनकी सराहना की। जनरल अधिकारी ने इस तथ्य पर पुनः जोर दिया कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा, युद्ध और शांति दोनों ही स्थितियों में हमारे सैनिकों को गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है; साथ ही उन्होंने सैनिकों से उच्चतम स्तर की पेशेवर दक्षता बनाए रखते हुए कोर की परंपराओं को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया। इस परेड को कोर्स एनसीओज के रिश्तेदारों, तथा मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स, बेसिक नर्सिंग ऑफिसर्स कोर्स और एएमसी (गैर-तकनीकी) पोस्ट कमीशनिंग कोर्स के अधिकारियों ने भी देखा।

# राम बहादुर सिंह, संतोष चौधरी ने उपाध्यक्ष व सुजीत द्विवेदी ने कायकारिणी पद पर भरे पर्चे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



बुधवार 18 मार्च को नामांकन के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) के चुनाव के लिये समिति के तीन सदस्यों ने अपना नामांकन पत्र अपने प्रस्तावकों के साथ चुनाव आयोग के समक्ष पेश किए। नामांकन करने वालों में राम बहादुर सिंह, संतोष चौधरी उपाध्यक्ष और सुजीत द्विवेदी ने कार्यकारिणी सदस्य पद पर अपना पर्चा दाखिल किया। समिति सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 11 सदस्यों ने विभिन्न पदों पर नामाकंन पत्र दाखिल कर चुके हैं।

अध्यक्ष और महासचिव पद पर कई सदस्य नवरात्र के शुरू होने के इंतजार में हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन दोनों बड़े पदों पर कई नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। आज 19 मार्च से 23 मार्च तक नामांकन का समय 12 बजे से एक घंटा बढाकर 5 बजे तक कर दिया है। मतदान 25 मार्च को सुबह 11 बजे से शुरू हो जायेगा। परिणाम उसी दिन रात तक घोषित भी हो जायेगा।






**सराहनीय** — फार्मर आईडी बनाने के लिए 1 जनवरी से चल रहा विशेष अभियान

# रामपुर शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने वाला प्रदेश का पहला जिला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




- 31 मार्च तक हर जिले को सभी आईडी बनाने का लक्ष्य
- टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, हरदोई और कन्नौज

उत्तर प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने एवं सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री फार्मर आईडी बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों की शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के लिए 1 जनवरी से अभियान चलाने के निर्देश दिए थे, जो 31 मार्च तक जारी रहेगा। ऐसे में किसानों के घर-घर जाकर फार्मर आईडी बनाई जा रही है। रामपुर जिला प्रशासन ने निर्धारित तिथि से पहले ही किसानों की 100 प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया है।

रामपुर ने शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने में पहला स्थान प्राप्त किया है दूसरे स्थान पर गाजियाबाद और तीसरे स्थान परअंबेडकरनगर हैं। उत्तर प्रदेश में 2,88,70,495 किसानों की फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष अब तक 1,99,42,798 फार्मर रजिस्ट्री बन चुकीं हैं। डीएम रामपुर अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के लिए 1 जनवरी से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

लक्ष्य को हासिल करने के लिए अन्नदाताओं को जागरूक करने के लिए किसान गोष्ठी, गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, होर्डिंग, ग्राम पंचायत स्तर पर खुली चौपाल का आयोजन किया गया। वॉल पेंटिंग एवं प्रचार वाहन के जरिये प्रचार-प्रसार किया गया।

राजस्व, कृषि, पंचायती राज, ग्राम्य विकास एवं गन्ना विभाग के कर्मचारियों को किसानों के घर-घर जाकर फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए गये। वह खुद प्रत्येक सप्ताह अभियान की समीक्षा करते हैं। अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया जबकि कम प्रगति वाले कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई। रामपुर को 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य 2,09,828 था। इसके सापेक्ष 17 मार्च तक शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया। रामपुर ने लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत 2,09,828 फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है।

रामपुर ने प्रदेश में शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने में पहला स्थान प्राप्त किया है। रामपुर प्रदेश में सर्वप्रथम 50 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण कर प्रथम पुरुस्कार प्राप्त कर चुका है। गाजियाबाद ने निर्धारित लक्ष्य 38,909 के सापेक्ष अब तक 36,598 फार्मर आईडी बनाकर प्रदेश में दूसरा तथा अंबेडकरनगर ने 31 मार्च तक लक्ष्य 3,42,847 के सापेक्ष3,10,145 फार्मरआईडी बनाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, मीरजापुर, बिजनौर ने जगह बनाई है।

## खबरें एक नजर में

### श्रमजीवी पत्रकार यूनियन चुनावः कनौजिया अध्यक्ष, सक्सेना महामंत्री निर्वाचित

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के निर्वाचन में संगठन को नया नेतृत्व मिल गया है। अध्यक्ष पद पर अरविंद कुमार कनौजिया तथा महामंत्री पद पर ज्ञान प्रकाश सक्सेना निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी माहौल में संपन्न हुई, जिसमें पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष अरविंद कुमार कनौजिया ने अपने संबोधन में कहा कि वे पत्रकारों के हितों की रक्षा, उनके अधिकारों के लिए संघर्ष और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। वहीं महामंत्री ज्ञान प्रकाश सक्सेना ने भी पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और संगठन को नई दिशा देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पत्रकारों और सदस्यों ने नव-निर्वाचित टीम को बधाई देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हज यात्रियों को उपलब्ध कराई जाएगी स्मार्ट वाचः रोहित

शाहजहांपुर। हज यात्रा को लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा हज यात्रियों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिसके अंतर्गत हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई द्वारा घोषणा के उपरांत हज यात्रियों को निर्देशित किया गया है कि इस बार हज यात्रियों की निर्धारित धनराशि में कैटरिंग की धनराशि सम्मिलित नही होगी, जो हज यात्रियों को अलग से जमा करनी होगी। हज-2026 में पूर्व की भांति स्वयं बिल्डिग में किचन व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। इस वर्ष यात्रियों को उपलब्ध श्रेणी के अनुसार कैटरिंग की कॉमन व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। प्रत्येक हज यात्री को उड़ान स्थल पर बुकिंग उपरांत प्रपत्रों के वितरण के समय एक स्मार्ट वाच उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमे यात्रा से सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध होगा, जो भारत में कार्य नहीं करेगा तथा सऊदी अरब पहुंचने पर स्वतः संचालित हो जाएगी। सभी यात्रियों को यात्रा से संबंधित आवश्यक मोबाइल एप डाउनलोड कर उसे सक्रिय रखना अनिवार्य होगा, जिससे यात्रा संबंधी सूचना समय-समय पर प्राप्त होती रहे। हज यात्रियों का मोबाइल नंबर सक्रिय रहना आवश्यक है। जिन यात्रियों ने अपने सगे सम्बन्धियों या एजेण्ट के नंबर अंकित कर रखे है, वह तत्काल अपना नया नंबर पंजीकृत कराएं, अन्यथा सूचना प्राप्त न होने पर होने वाली असुविधा के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रत्येक यात्री को अपना पासपोर्ट, वीजा एवं अन्य आवश्यक अभिलेख सुरक्षित रखना होगा तथा उड़ान तिथि से दो दिवस पूर्व निर्धारित उड़ान स्थल पर स्वयं या अपने सगे सम्बन्धी को भेजकर बुकिंग कन्फर्म करना आवश्यक है। उड़ान तिथि से 24 घण्टे पूर्व यात्री को स्वयं पहुंचना होगा जिससे सम्बन्धित प्रपत्र सम्बन्धित यात्री को उपलब्ध कराए जाएगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा उक्त दिशा-निर्देश हज यात्रियों के हितार्थ एवं उनकी जानकारी के लिए निर्गत किये गए है। हज यात्री किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संबंधित हज सुविधा केंद्र अथवा जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत का दूसरे दिन धरना जारी



**पुवायां, शाहजहांपुर।** किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर बताया कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नही किया गया तो अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। दूसरे दिन भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन जारी रखा। जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने बताया कि गांव घनश्याम पुर खुर्द में गाटा संख्या 250 सरकारी चकमार्ग है जिसको पड़ोसी किसानों द्वारा जोत कर अपने अपने खेतों में मिला लिया है। जिस कारण सरकारी चकमार्ग पूरी तरह बंद पड़ा है। इसलिए पर चकमार्ग की पैमाइश कराकर रास्ता खुलवाया जाए, गांव गंगसरा में अरब सिंह ने मुनेश व राजेन्द्र से एक प्लाट खरीदा लेकिन अरब सिंह जब उस प्लॉट पर जाता है तो विक्रेताओं की महिलाएं उसे प्लॉट पर आकर गाली गलौज व हरिजन एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है जिसकी जांच कराकर कानूनी कार्यवाही की जाए, गांव गंगसरा में 18 लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में फर्जी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जिसको विवेचना के दौरान समाप्त किया जाए। साथ ही कहा कि अगर इन सभी समस्याओं का समाधान नही होने पर कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर दिया किसानों का कहना है कि जब तक समस्याओं का समाधान नही होगा तब तक धरना जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन करने बालों में तहसील अध्यक्ष श्रीकृष्ण जाटव, विजय प्रकाश शर्मा, पातीराम, बदनसिंह, विजयपाल सिंह, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र शर्मा, जयसिंह, अरब सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मेडल पाकर झूम उठे बच्चे



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** बचपन इंटरनेशनल एकेडमी बाजपुर सिधौली शाहजहांपुर में रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। विद्यालय के संस्थापक विमल शुक्ला ने में मेधावी टॉपर बच्चों को शील्ड और मैडल देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विमल शुक्ला ने बताया जो बच्चे टॉपर नहीं आ पाए वो बच्चे इस बार खूब मेहनत करे और अच्छे अंक पाकर मैडल प्राप्त करें। विद्यालय में टॉप करने वाले बच्चे स्वाति वर्मा, रिशु सिंह,विवेक वर्मा, अवंतिका सिंह, सेजल सिंह, आशिफा, साक्षी मिश्रा, मो. अमान, अमन, आर्यन, रिया प्रतीक्षा वर्मा, नवज्योति अर्पिता वर्मा, आलोक वर्मा आरु सिंह आदि बच्चों ने कड़ी मेहनत कर के विद्यालय में टॉप करके अपने माता पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका अतिथि दीक्षित, सविता यादव, अंशी, अरविंद वर्मा सौरभ दीक्षित तथा प्रधानाचार्या साक्षी दीक्षित ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की और बताया सभी बच्चे 20 मार्च 2026 को न्यू सेशन शुरू होगा जिसमें सभी बच्चे समय से स्कूल आए।और जो विद्यालय में आगामी सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश लेना चाहते है वो विद्यालय प्रबन्धक से संपर्क कर सकते हैं।

### सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने को प्रतिबद्धः विधायक



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से राजकीय पॉलीटेक्निक ददरौल में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की 30 प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त मेले में 3087 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से साक्षात्कार उपरान्त निजी क्षेत्र के विभिन्न पदों के लिए 1132 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। वृहद रोजगार मेलें में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरविन्द कुमार सिंह उपस्थित हुए। विधायक द्वारा दीप जलाकर शुभारंभ किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह द्वारा विधायक को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा वृहद रोजगार मेला में चयनित अभ्यर्थियों में से 15 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये तथा अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार कई पहल की है, उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत युवाओं का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार प्रदान किये जा रहे है और उन्हें स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे है तथा मैं रोजगार मे चयनित सभी अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। गृहद रोजगार मेले में मुख्यतः महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लि., जेएफ राने रूद्रपुर, वोल्टास लि. उधमसिंह नगर, सुवरोज प्रा. लि। नोयडा, मैसर्स सिसका इलेक्ट्रीकल्स लखनऊ आदि 30 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। वृहद रोजगार मेला के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक राहुल बाधवा तथा समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। अन्त में जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह द्वारा अतिथियों का धन्यवाद तथा चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामना संदेश ज्ञापित किया।

---

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना**

# 212 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

- आदर्श इंटर कालेज रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में विधायक सलोना कुशवाह ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विधानसभा तिलहर के अंतर्गत निगोही के आदर्श इन्टर कालेज रामलीला मैदान में मुख्य अतिथि तिलहर विधायक सलोन कुशवाहा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा एवं ब्लाक प्रमुख निगोही कविता यादव साहित अन्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 212 नव दंपतियों जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिसमें 198 हिन्दु एवं 14 मुस्लिम नवयुगलों का विवाह में उपस्थित समस्त माननीयों द्वारा नव युगलों को नव दामपत्य जीवन की शुभकामनायें दी। विधायक ने कहा कि बेटियों को बोझना समझा जाए, सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बेटियों के हाथ पीले करने के लिए सरकार प्रति जोड़े पर एक लाख रुपए खर्च कर रही है। सरकार महिलाओं के लि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास दे रही है। उन्होंने कहा कि नव विवाहिता अच्छा कार्य करके दोनों परिवारों का नाम रोशन करें। सरकार निर्धान परिवारों को गरीबी से उठाने का कार्य कर रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री की बहुत प्राथमिकता वाली योजना है। उन्होंने बताया कि 60 हजार रुपए कन्या के खाते में, 25000 रुपए का सामान तथा 15000 रुपए विवाह की व्यवस्थाओं में खर्च किए जाते हैं। उन्होंने सभी नव जोड़ों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत निगोही, सिधौली एवं तिलहर, शिवनरायण मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सर्वेश वर्मा एवं विपिन, जिलामंत्री, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### आत्महत्या के प्रयास में ग्रामीण की हालत नाजुक, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** आत्महत्या का प्रयास करने वाले ग्रामीण को गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार देकर जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

सीएचसी से मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव बरखेड़ा हवेली निवासी ग्रामीण झब्बू लाल को उनके परिवारीजन गंभीर हालत में सीएचसी लाए थे। उनके साथ आए चचेरे भाई नाथूलाल व भतीजे सर्वेश ने बताया कि झब्बू लाल ने आत्महत्या करने का प्रयास किया था। सीएचसी पर प्राथमिक उपचार देकर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। चूंकि मामला आत्म हत्या के प्रयास का है सो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

## निपुण परीक्षा में शाहजहांपुर प्रदेश में तीसरे पायदान पर आया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार के निपुण परीक्षा 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद को प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। जिसको लेकर शिक्षा विभाग ने खुशी मनाई। उक्त परीक्षा मे जनपद के खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र मौर्य- ददरौल, नागेंद्र सिंह नगर क्षेत्र-तिलहर, विनय कुमार मिश्रा-भावलखेड़ा, शिव बोधन -कांठ, नीरज कुमार मिश्र- मदनापुर, शाहीन अंसारी जलालाबाद, अजय कुमार-कलान, अरविंद कुमार-मीरजापुर, रमेश पंकज - निगोही, हेमेंद्र कुमार कटरा खुदागंज, कृष्ण देव यादव-सिंधौली, केके शुक्ला-पुवायां,मृत्यंजय कुमार खुटार, नवीन पटेल बंडा एवं जिला समन्वयक रोहित सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर बीएसए दिव्या गुप्ता ने कहा कि निपुण परीक्षा-2026 में जनपद की रैंक उत्तर प्रदेश में 3 रही है। इसके लिए जनपद के खण्ड शिक्षाधिकारी एवं विद्यालयों का स्टाफ बधाई के पात्र हैं। आशा है कि सभी की मेहनत से जनपद आगे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा।

## परीक्षा फल पाकर बच्चों के चेहरे खिले

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने आज वार्षिक परीक्षा फल घोषित करते हुए प्राइमरी स्कूल में टॉपर कक्षा तीन की छात्रा ब्यूटी राठौर जूनियर स्तर पर साहिल खान एवं कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन बच्चों ने स्कूल टॉप एवं कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है वह अपनी पढ़ाई लगातार जारी रखें और अपना स्थान अगले वर्ष भी कायम रखें जो बच्चे कक्षा में स्थान नहीं प्राप्त नहीं कर सके वह निराश न हों बल्कि आगे की कक्षा में निरंतर पढ़ाई करते हुए मेहनत करें जिससे आपका कक्षा में स्थान आ सके। एम ए पब्लिक स्कूल में एनसी कक्षा में देव अर्पित कार्तिक केजी में वैष्नवी कक्षा एक में प्रिया यादव प्रिया राज काव्या कक्षा दो में उत्कर्ष शर्मा सिंधु सिंह जियानूर अंसारी कक्षा तीन में ब्यूटी राठौर सहायता दीपक कक्षा चार में रिषिका सागर राघव गुप्ता आराधना कक्षा पांच में प्रतिज्ञा गुप्ता रोशनी देवी प्रभात गुप्ता ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छः में मोहम्मद इबाद ने प्रथम जुनैद मंसूरी में द्वितीय अंजुम राठौर ने तृतीय कक्षा सात में साहिल खान ने प्रथम श्रेयांशी त्रिवेदी ने द्वितीय रागिनी ने तृतीय स्थान कक्षा आठ में प्रतिज्ञा चौहान ने प्रथम अनामिका प्रजापति ने द्वितीय नैना सिंह ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया स्कूल के परीक्षा प्रभारी अब्दुल रहमान खान सहायक परीक्षा प्रभारी शिवम वर्मा कार्यक्रम के संचालक कृष्ण पाल गौतम स्कूल के लेखाकार मोहम्मद जैद मंसूरी ने अपने विचार व्यक्त किये इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक नीतेश कुमार त्रिवेदी जितेंद्र कुशवाहा जितेंद्र सक्सेना राजकुमार पाल करुणा शंकर पांडे रीता चौहान रीना मीनू यादव निदा अंसारी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अतिथियों में स्कूल कमेटी के सदस्य निर्भय सिंह ज्ञान देवी ध्रुव सिंह मोहम्मद इस्लाम खान मोहम्मद वारिस अली अंसारी पूर्व शिक्षक मोनिस खान निजामुद्दीन अंसारी मोहम्मद अरबाज शोएब खान रामपाल प्रेम शंकर गुप्ता मोहम्मद नबीशान अकील खान माहेनूर सलमानी पूर्व प्रधान मोहम्मद उमर खान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## जिला कोर्ट के आदेश पर डिग्री कॉलेज परिसर में मंदिर भूमि की हुई पैमाइश

- कमीशन अमीन श्रीधर मिश्रा ने नजरी नक्शा पैमाईश की रिपोर्ट तैयार की

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्री रामकृष्ण संघ ट्रस्ट की ओर से दाखिल याचिका मामले में सिविल जज न्यायालय के आदेश पर कमीशन अमीन श्रीधर ने स्थलीय नजरी नक्शा पैमाईश की।

गौरतलब है कि 5 नवंबर 2022 को बने श्री रामकृष्ण संघ ट्रस्ट के रामौतार दास , विशाल सिंह व सुशीला देवी गुप्ता की ओर 18 सितंबर 2025 को न्यायालय सिविल जज के यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सरन पाल सिंह आदि को पार्टी बनाते हुए मंदिर भूमि की सुरक्षा, पैमाईश समेत विभिन्न बिंदुओं को दर्शाते हुए याचिका दाखिल की गई थी।

ट्रस्ट की मांग पर सिविल जज शाहजहांपुर द्वारा टीम गठन कर गुरुवार को पैमाइश कराई गई।श्री रामकृष्ण संघ ट्रस्ट के विशाल सिंह आदि द्वारा न्यायालय से अनुरोध किया गया कि विवादित स्थल पर कहां क्या बना है उसकी पैमाइश आख्या मय उसके निर्माण अवधि के संबंध में मंगाई जाए। साथ ही यह जानकारी मंगाई जाएगी विवादित मंदिर देवस्थान परिसर की वर्तमान स्थिति क्या है। जिसकी संपूर्ण रिपोर्ट में नक्शा नजरी नाप जोख सहित मंगाने की अपील की गई थी। गुरुवार दोपहर को कमीशन से आए श्रीधर मिश्रा सहयोगी के साथ विवादित स्थल पर पहुंचे और उन्होंने जमीन की पैमाइश करते हुए नाप जोख की और नजरी नक्शा की रिपोर्ट तैयार की। उधर विशाल सिंह ने बताया कि मंदिर काफी प्राचीन है। और मंदिर तक आने वाला रास्ता महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा हठधर्मिता दिखाते हुए ताला डालकर बंद कर दिया गया है। जिसके चलते भक्तों को मंदिर पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत पूंछे जाने पर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ सरनपाल सिंह ने बताया कि उन्हें मंदिर अथवा भक्तों के आने से कोई दिक्कत नहीं है। कॉलेज का गेट इसलिए बंद किया गया है। क्योंकि यह गेट नेशनल हाईवे पर खुलता है। कई बार यहां पर विद्यार्थी दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। विद्यार्थियों की सुरक्षा के चलते इसे बंद किया गया है।

## किसान दिवस बैठक अब 25 को

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में माह मार्च में 18 मार्च को 12 बजे से किसान दिवस बैठक का आयोजन जोकि कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर में प्रस्तावित था, जिसे डीएम के अनुमोदनोपरान्त अब बिस्मिल नवीन कलैक्ट्रेट सभागार में 25 मार्च को किया जाएगा। जानकारी जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने दी। उन्होंने बताया कि किसान दिवस बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े समस्त विभाग के अधिकारी जिसमें सिंचाई, ऊर्जा एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे- कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, गन्ना एवं रेशम विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, लीड बैंक मैनेजर तथा इन्श्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा भाग लिया जाएगा।

## मॉडलिंग करने वाली प्रियंका बहरीन में फंसने के बाद तिलहर पहुंचीं



**तिलहर-शाहजहांपुर।** ईरान व अमेरिका इजराइल युद्ध के दौरान तिलहर के भाजपा नेता संजय पाठक की बेटी प्रियंका पाठक व दामाद अनुज पाठक मासूम बेटे अहान के साथ बहरीन में एक पखवाड़े तक पार्किंग में फंसे रहने के बाद आखिरकार भारत में उनकी सकुशल वापसी हुई। उनके तिलहर पहुंचने पर व्यापारी नेता सौरभ गुप्ता रवि ने हिंदू पट्टी स्थित आवास पर पहुंचकर हाल चाल जाना। गौरतलब है कि प्रियंका बहरीन में मॉडलिंग करती हैं। प्रियंका पाठक ने बताया कि वह बहरीन मैं युद्ध के दौरान फस गई थी। उन्हें 15 दिन कार पार्किंग में रुकना पड़ा जो की आर्मी एरिया के बिल्कुल नजदीक था। उन्होंने बताया कि और भी इंडियन वहां पर फंसे हुए थे। बहरीन में एयरपोर्ट बिल्कुल बंद कर दिया गया था उसके बाद वहां से परसो सऊदी वाया रोड लाया गया। वहां से कल की फ्लाइट से मुंबई पहुंचकर मंगलवार को तिलहर पहुंची है। जबकि सऊदी से निकलते हुए फिर से एयरपोर्ट पर हमला हो गया है। जिसके कारण अब फ्लाइट बंद हो चुकी हैं। फिलहाल प्रियंका अपने पति व बेटे के साथ सकुशल घर लौट चुकी हैं। प्रियंका के पिता संजय पाठक ने बच्चों की सकुशल वापसी पर ईश्वर का आभार व्यक्त किया है।

## गैस सिलेंडर की किल्लत को सपा महिला सभा का हल्लाबोल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी की महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में गैस सिलेंडर की किल्लत होने पर सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया के नेतृत्व में खिरनीबाग जीआईसी मैदान के पास महिला सभा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित होकर केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और प्रदर्शन कर मांग कि गैस की किल्लत खत्म की जाए और गैस उपलब्ध करवाई जाए। इस मौके पर महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा ने कहा कि पूरे भारत में खासकर उत्तर प्रदेश में विगत कई दिनों से गैस सिलेंडर की भारी किल्लत है।जिससे आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। यह मामला हम महिलाओं से सीधे जुड़ा है, पहले कमर तोड़ महंगाई और फिर इस परेशानी से महिलाओं की जिंदगी बाद से बदत्तर होती जा रही है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार पूरी तरह विफल है। इस मौके पर महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया ने कहा कि आम जनता की रोजमर्रा की ज़िंदगी में बढ़ती परेशानी को अनदेखा करते हुए केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा ये कहना कि गैस की कोई कमी नहीं है, हास्यप्रद और आम जनता एवं महिलाओं के जख्म पर नमक छिड़कने के समान है। साथ में सपा महानगर अध्यक्ष जाफरीन, निधि श्रीवास्तव, ममता देवी, राज बेटी, अरुण गुप्ता, विटोली देवी, सुनीता देवी, नन्ही, सीमा, प्रियंका, सुनीता राणा, बबीता कश्यप, मुस्कान, ज्योति कश्यप आदि मौजूद रही।

### मारपीट, घरेलू हिंसा व दहेज प्रतिषेध में सात पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार के ग्राम जादोपुर कलां की एक पीड़िता ने अपने ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मारपीट, घरेलू हिंसा एवं दहेज उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह लगभग छह वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज से कासिम पुत्र बहदुल्लाह निवासी अर्जुन नगर कॉलोनी, गोला (कोतवाली), जनपद लखीमपुर खीरी के साथ हुआ था। विवाह के समय उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग उससे संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि सास रुखसाना, ससुर बहदुल्लाह, देवर तौफीक व तौसीफ तथा ननद सहित अन्य परिजन उसे दहेज के लिए लगातार ताने देते और अभद्र व्यवहार करते थे। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान उसने दो पुत्रों को जन्म दिया, लेकिन इसके बावजूद उसके साथ व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। उसने अपने पति पर शराब पीने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह ससुराल वालों की शिकायत करती थी, तो पति भी उनका साथ देते हुए उसके साथ मारपीट करता और अतिरिक्त दहेज की मांग करता था। मामले को सुलझाने के लिए कई बार समाज के संभ्रांत लोगों के बीच पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल पक्ष ने उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। लगातार उत्पीड़न और मारपीट से आहत होकर पीड़िता अपने मायके लौट आई।थाना खुटार पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर सात आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जनगणना भारत 2027 के अंतर्गत चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण

- जनगणना भारत सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारत की जनगणना 2027 के संबंध मे डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह कि अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना चार्ज अधिकारियो को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। भारत कि जनगड़ना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु होटल ग्रैंड आर्क में कार्यक्रम का आयोजन किया। एडीएम वित्त अरविंद कुमार द्वारा जनगणना की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद जनगणना की प्रक्रिया कराई जा रही है जैसी सुचारू रूप से सफल बनाना है। उन्होंने सभी सम्बन्धित चार्ज अधिकारियों को गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के आग्रह किया। डीएम ने बताया कि शहर में लगभग 1000 कार्मिकों की आवश्यकता होगी। 104 फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण हेतु व्यवस्था की जा रही है। प्रशिक्षण उपरांत परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को ही कार्य में लगाया जाएगा।साथ ही निर्देशित किया गया कि जनगणना बिंदुओं पर कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। सेल्फ एन्यूमरेटर व्यवस्था को लागू करने हेतु अलग से विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जिससे अधिकत लोगों को स्वत ऑनलाइन फॉर्म फिल करने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया प्रशिक्षण में जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित दिशा-निर्देशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस चरण के अंतर्गत क्षेत्र के सभी भवनों, आवासीय एवं गैर-आवासीय मकानों का व्यवस्थित विवरण संकलित किया जाएगा।अधिकारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, निर्धारित प्रपत्रों के सही संकलन, डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग तथा समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रशिक्षण के दौरान स्पष्ट किया गया कि त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक सूचियाँ उपलब्ध कराई जाएं। बीएसए, डीसी तथा डीपीआरओ सहित सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी, गंभीरता एवं सजगता के साथ संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर में सिटी हीट एक्शन प्लान के फाइनल ड्राफ्ट का अवलोकन

- डीएम की अध्यक्षता में बाढ़ पूर्व तैयारी, हीट-वेव प्रबंधन की बैठक संपन्न
- हथौड़ा चौराहा पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लगेगा वाटर मिस्ट सिस्टम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आगामी मानसून के दृष्टिगत बाढ़ पूर्व तैयारियों और भीषण गर्मी (हीट-वेव) के प्रभावी प्रबंधन को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीएम द्वारा जनपद की सुरक्षा और जन-सुविधाओं के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए। डीएम ने बाढ़ की संभावनाओं को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ से निपटने हेतु समस्त आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। मुख्य निर्देश निम्नलिखित रहे। डाटा अपडेशन जनपद की समस्त बाढ़ चौकियों, राहत शिविरों, उपलब्ध नावों और गोताखोरों की सूची को तत्काल अद्यतन किया जाए। निविदा प्रक्रिया के बारे में आवश्यक उपकरणों और राहत सामग्रियों के लिए टेंडर की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर ली जाए। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि गत वर्ष के बाढ़ अनुभव के आधार पर संवेदनशील गौशालाओं को चिन्हित करें और बाढ़ की स्थिति में पशुओं के लिए पहले से ही सुरक्षित वैकल्पिक स्थान तय कर लिए जाएं। राहत के लिए वाटर मिस्ट सिस्टम का होगा प्रयोग बढ़ती गर्मी और लू से आम जनमानस को बचाने के लिए सिटी हीट एक्शन प्लान के फाइनल ड्राफ्ट का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निम्नलिखित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। सभी प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर, ठंडे पानी के मटके और शेल्टर होम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नवाचार के रूप में हथौड़ा चौराहा पर वाटर मिस्ट सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि राहगीरों को तपती गर्मी से तत्काल राहत मिल सके। लू से बचाव के उपायों के लिए व्यापक स्तर पर बैनर, पोस्टर और सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाए।




प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आपदा आने से पूर्व इतनी सुदृढ़ तैयारी करना है कि आम जनजीवन पर इसका न्यूनतम प्रभाव पड़े। बाढ़ और गर्मी दोनों ही स्थितियों में पशुओं का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। बैठक में सीडीओ, नगर आयुक्त, एडीएम वित्त, एसपी सिटी सहित सभी अधिशासी अधिकारी एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग किशोरी को ननिहाल से भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट

**तिलहर - शाहजहांपुर।** ननिहाल में मेहमानी में गई नाबालिग किशोरी को दो युवकों द्वारा भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं पुलिस आरोपी युवकों की सरगर्मी से तलाश में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उस की 16 वर्षीय नाबालिग बेटी शाहजहांपुर के एक मोहल्ला में ननिहाल में मेहमानी में गयी थी। बीती 11 मार्च को सुबह करीब 10 बजे गांव बरहा मोहब्बतपुर निवासी शैलेन्द्र पुत्र भैयालाल नानी के घर से बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया । बेटी को तलाश किया तो गर्रा पुल पर शैलेन्द्र पुत्र भैयालाल व उसी के गांव का संजीत पुत्र लालाराम उसकी बेटी को बुलेट पर धमकाते हुए बैठा रहे थे । उसने व उसके भाई ने मौके पर पहुंचकर बेटी को बचाने का प्रयास किया । तो उक्त लोगों ने हाथापाई की और धक्का देकर नैनसी को भगा ले गये । पीड़ित मां ने बताया कि उसने भाई के साथ जाकर गर्रा फाटक पुलिस चौकी पर सूचना दी । पुलिस जांच में सीसी टीवी में उक्त लोग बेटी को भगाकर ले जाते देखे गए । अपरान्ह चार बजे वह अपने भाई के साथ शैलेन्द्र के घर गई । तो बेटी वहीं मिली । जिसे लाने के दौरान उक्त लोगों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । अंततः वह किसी तरह बेटी को साथ ले आई। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है । घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर अधिकारियों ने देखा सजीव प्रसारण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष पर वार्षिक पुस्तक नवनिर्माण के 9 वर्ष का विमोचन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में सीडीओ डा.अपराजिता सिंह, डीडीओ ऋषिपाल सिंह अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में देखा गया। नव वर्ष पूर्ण अवसर होने के अवसर पर लघु फिल्म देखी गयी। मुख्यमंत्री द्वारा सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संबोधन सुना गया। उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति, विकास और उन्नति की ओर अग्रसर है। सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियों के




माध्यम से प्रदेश में एक नए युग का निर्माण हो रहा है।सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास÷ के मंत्र को साकार करते हुए यह नव वर्ष प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रतीक बन रहे हैं। अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के लोगों को बेहतर सेवाएँ और सुशासन प्राप्त हो रहा है।

# सामाजिक सेवा भावना को बढ़ावा देने हेतु सोसायटी का सराहनीय प्रयास

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रेड क्रॉस सोसायटी कार्यालय में सामाजिक सरोकारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। सोसायटी सचिव डा. विजय जौहरी ने पण्डित विश्वनाथ जन कल्याण सेवा संस्था के सचिव रजत विश्वनाथ त्रिपाठी का स्वागत करते हुए रेड क्रॉस सोसायटी के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं समाजहित में किए जा रहे विभिन्न कार्यो की विस्तार से जानकारी प्रदान की।

डा.जौहरी ने बताया कि रेड क्रॉस सोसायटी निरंतर समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गो की सहायता के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि सोसायटी द्वारा समय-समय पर दिव्यांग जनों को कम्बल वितरण, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों को त्रिपाल



उपलब्ध कराना, आपदा के समय राहत सामग्री का वितरण तथा अनाथ एवं बेसहारा बच्चों को गोद लेकर उनके भरण-पोषण एवं शिक्षा-दीक्षा का संपूर्ण खर्च वहन करने जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति एवं संस्था को आगे आकर ऐसे कार्यो में सहयोग करना चाहिए, जिससे जरूरतमंद लोगों तक अधिक से अधिक सहायता पहुंचाई जा सके। डा. जौहरी ने पण्डित विश्वनाथ जन कल्याण सेवा संस्था से अपील की कि वह भी रेड क्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर सामाजिक सेवा के इन कार्यो में सक्रिय सहयोग प्रदान करे। इस अवसर पर संस्था के सचिव रजत विश्वनाथ त्रिपाठी ने भी समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी संस्था हमेशा जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहती है और भविष्य में रेड क्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से श्री त्रिपाठी को जरूरतमंदों में वितरण हेतु कम्बल भी प्रदान किए गए, जिससे वे अपने स्तर पर भी सेवा कार्यो को आगे बढ़ा सकें। दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों के बीच आगामी समय में संयुक्त रूप से स्वास्थ्य शिविर, राहत वितरण कार्यक्रम, जागरूकता अभियान एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा एक प्रारंभिक रूपरेखा तैयार की गई। सदस्यों ने सामाजिक सेवा के इस साझा प्रयास की सराहना की और इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर डा.विजय जौहरी, रजत विश्वनाथ त्रिपाठी, ब्रजेश गुप्ता सुजीत त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।


## खबरें एक नजर में

### भाजपा ने बढ़ाया महिलाओं का मानः मंजू आनंद



**पुवायां, शाहजहांपुर।** भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आभा गुप्ता ने एल आईसी अधिकारी मिथिलेश आनंद की पत्नी मंजू आनंद को सतीश पुरम स्थित उनके आवास पर पहुंचकर भाजपा का जिला कार्यकारिणी में मंत्री नियुक्त किए जाने पर उनका माल्यार्पण कर और मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। मंजू आनंद ने कहा कि भाजपा ने जिला कार्यकारिणी में उन्हें मंत्री पद का दायित्व देकर केवल उनका ही नहीं बल्कि सभी महिलाओं का मान बढ़ाया है। इसके उपरांत भाजपा नगर मंत्री मधु सिंह को शासन द्वारा सभासद नामित किए जाने पर माल्यार्पण के उपरांत उनका मुंह मीठा कराया और बधाई दी। आभार गुप्ता ने कहा कि इस बार भाजपा की नवीन कार्यकारिणी में युवाओं और महिलाओं को विशेष स्थान दिया गया है। भविष्य मे जिसके सुखद परिणाम मिलेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और सभासदों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रमोद चंद्र गुप्ता,मिथिलेश आनंद, राजीव शर्मा और डॉ प्रदीप वैरागी आदि तमाम कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### देवी मेले का हुआ आयोजन, भक्तों की उमड़ी भीड़



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बमिहाना मे अमावस्या पर लगने वाले मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया मेले में दूर दराज के गांव से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर अपनी मन्नतें मांगी मंदिर परिसर में लोगों द्वारा मांगी गई मन्नते पूरे होने पर बच्चों के मुंडन संस्कार भी किए गए मंदिर के पुजारी हेकड पंडित जी 75 के अनुसार यह मंदिर लगभग 100 साल पुराना है क्योंकि इनके पिताजी भी इसी मंदिर के पुजारी रहे हैं पंडित जी के अनुसार एक बार इसी ग्राम के एक राजपूत परिवार के व्यक्ति ने मां दुर्गा की मूर्ति को चुराकर नदी के किनारे रेत में दवा दी थी लेकिन जब सुबह पूजा करने के लिए पंडित जी गए तो मूर्ति वहीं विराजमान मिली गांव वालों के मुताबिक इस मंदिर में मांगी गई मुराद मां दुर्गा अवश्य पूर्ण करती हैं मेला मैदान में दूर-दूर से आए दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें लगाई थी जिसमें लोगों ने चाट पकौड़ी एव महिलाओं ने साज श्रृंगार की खरीदारी की मेला व्यवस्था में ग्राम प्रधान प्रमोद सिंह, नन्हे पंडित, सुरेश सैनी, बलवीर बाबा, राम अवतार सिंह, गुरपाल सिंह सहित गांव के अनेक लोग उपस्थित रहे एवं पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा।

# रायन स्कूल के विद्यार्थियों का एमआरएफ सेंटर पर शैक्षणिक भ्रमण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

महापौर अर्चना वर्मा एवं नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में नगर निगम की सहयोगी संस्था एकत्व वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा रायन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का एमआरएफ सेंटर पर शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण तथा सूखे एवं गीले कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों द्वारा एमआरएफ सेंटर में भ्रमण के दौरान यह अवलोकन किया गया कि घरों एवं बाजारों से एकत्रित कचरे को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित कर पुनः उपयोग योग्य बनाया जाता है। इस



व्यावहारिक जानकारी से विद्यार्थियों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई तथा उनमें जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना का विकास हुआ। नगर निगम द्वारा आयोजित इस प्रकार के शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गो, विशेष रूप से बच्चों एवं युवाओं को स्वच्छता अभियान से जोड़ते हुए उन्हें स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर शहर के निर्माण में सहभागी बनाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।

# रेस्टोरेन्ट मालिक सहित दो पर हरिजन एक्ट में रिपोर्ट दर्ज

- पैसे के लेनदेन पर मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज का आरोप

**रोजा,शाहजहांपुर।** क्षेत्र के लोदीपुर में पैसे के लेनदेन को लेकर दो लोगों पर मारपीट करने व जातिसूचक गाली-गलौज करने के आरोप में एक रेस्टोरेन्ट मालिक सहित दो लोगों के विरूद्ध मारपीट करने व हरिजन एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू रोजा क्षेत्र के सहमतगंज गौटिया निवासी सूरज पुत्र राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 मार्च को कुक साजन ने दो हजार रूपए विनय को ऑन लाइन किये थे,तो उन्होने वह रूपये नगद साजन को दे दिया। वही रूपये साजन ने गिनने के लिए सूरज पुत्र राजेश कुमार को दे दिये सूरज ने गिनकर पैसे साजन को वापस कर दिये। अगले दिन साजन ने सूरज को फोन करके कहा कि तुमने गिनकर मुझे पैसे वापस नहीं दिये। जबकि सूरज ने कैमरे की निगरानी में तुरन्त रूपए साजन को वापस कर दिये थे। लेकिन इस बात को साजन मानने को तैयार नही है। तब सूरज व साजन ने रेस्टोरेन्ट के मालिक यासीन, सुशील शर्मा से कैमरे चेक करने के लिए कहा तो मालिक ने जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि तेरी इतनी औकात है कि तू हमारे कैमरे चेक करवायेगा। कैमरे चेक करवाना पुलिस की भी हिम्मत नहीं है और उसके साथ मारपीट की, और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने दोनों पुत्र बलजिन्दर सिंह और रमनदीप सिंह को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। कपूर सिंह पुत्र करनैल सिंह नि. ग्रा. रझौआ खुर्द पो. बरतारा तह. सदर जिला शाहजहांपुर।

### चर्चित राजनपुर फायरिंग मामले में 17 लोग पाबंद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मौसेरे भाइयों में उपजे विवाद के चलते पुलिस ने अनिष्ट की आशंका के चलते दोनों पक्षों के 17 लोगों के खिलाफ पाबंद की कार्यवाही की है। बता दें कि बीती 15 मार्च की देर शाम राजनपुर गांव में वीरेंद्र गंगवार व उनके मौसेरे भाई पूर्व प्रधान विद्यासागर उर्फ लालू के बीच मारपीट व फायरिंग हो गई थी। जिसमें दो महिलाओं समेत चार घायलों की पुलिस ने डाक्टरी कराई थी। वहीं वीरेंद्र की ओर से विद्यासागर समेत 9 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। उक्त विवाद के चलते खूनी संघर्ष बढ़ने की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 17 लोगों के खिलाफ पाबंद किए जाने की कार्यवाही की है। जिसमें विद्यासागर पक्ष से राजपाल पुत्र बादशाह, विनय पुत्र विद्यासागर उर्फ लालू, रामशरन पुत्र तोलेराम प्रभुदयाल पुत्र रामस्वरूप, रामऔतार पुत्र सियाराम, विद्यासागर उर्फ लालू पुत्र कुंवरसेन, धर्मवीर पुत्र कुंवरसेन, भारतेन्दु उर्फ दन्नू पुत्र रविन्द्र प्रसाद उर्फ बंगाली, शिवम पुत्र भारतेन्दु उर्फ दन्नू, लिटिल पुत्र धर्मवीर, कृष्ण कुमार पुत्र अनोखेलाल व वीरेंद्र गंगवार पक्ष से सुमित गंगवार पुत्र वीरेन्द्र गंगवार, राजबहादुर पुत्र रामकिशन, विजय बहादुर पुत्र रामकिशन, देवकी नन्दन पुत्र लालाराम, नेमचन्द पुत्र लालाराम, विरेन्द्र पुत्र रामकिशन पर पाबंद कार्यवाही की है।

# कार रोककर मारपीट, नकदी लूट का आरोप

- जान से मारने की धमकी देकर फरार, पुलिस जांच में जुटी



**शाहजहांपुर।** भावलखेड़ा क्षेत्र के थाना रोजा क्षेत्र में बदमाशों ने एक युवक की कार रुकवाकर उस पर लाठी डंडों से हमला कर देने का एक सनसनीखेज मामला जानकारी में आया हैं। आरोप हैं कि बदमाशों ने मारपीट कर करीब 10 से 12 हजार रुपये लूट लिये। घटना सोमवार की देर शाम की बताई जाती हैं। थाना कोतवाली शहर के गार्डन स्टेट बरेली मोड़ निवासी प्रांजल सिंह ने पुलिस को बताया कि 16 मार्च की रात करीब 9=15 बजे वह सिटी पार्क से घर लौट रहे थे। उनकी कार में उनका बेटा भी सो रहा था। तभी रोजा थाना क्षेत्र के अटलसिया पुल के पास पीछे से आ रही तीन बाइक और एक काले रंग की कार ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया। आरोप है कि वाहनों से उतरे आधा दर्जन से अधिक लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें गाड़ी से बाहर खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। प्रांजल सिंह के मुताबिक, हमलावर उनकी जेब से 10-12 हजार रुपये छीन ले गए। साथ ही कार का साइड शीशा तोड़ दिया। हमले में उनके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। घटना के बाद वह किसी तरह बच्चे को लेकर थाना रामचंद्र मिशन पहुंचे, जहां पुलिस ने उनका मेडिकल कराया। पीड़ित ने इसके रोजा थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान के लिये सीसीटीवी कैमरों से फुटेज निकाली गई है। आरोपी बाइक सवारों की पुलिस तलाश कर रही है जल्द ही आरोपी गिरफ्तार होंगे।

**आम सूचना**

आम सूचना मैं, हवलदार निर्मल कुमार रैंक नम्बर 15159897 निवासी= ग्राम-घनेवा, पोस्ट-सराय, तहसील-अकबरपुर, जिला-कानपुर देहात (उत्तर प्रदेश) पिन-209303, मेरे पुत्र का नाम विद्यालयीय अभिलेखों एवं बोर्ड दस्तावेजों में साहिल त्रिपाठी जन्म तिथि 01 सितंबर 2010 है, नाम में संशोधिन कर सूर्यांश साहिल त्रिपाठी किया जाए।

**आम सूचना**

मैं, रामकली माता (सेवा क्रमांक 14685409k, नायक, स्व. सत्य देव, ग्राम बाबूपुर, पोस्ट-मोहद्दीनपुर, बण्डा तहसील पुवायां, शाहजहांपुर उ.प्र. 242042) ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट पुवायां के समक्ष दि. 17/03/2026 को शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम RAMKALEE से बदलकर RAMKALI कर लिया है और जन्मतिथि 01/07/1964 से बदलकर 01/01/1959 कर ली है।

**आम सूचना**

सूचित हो मेरे पिता हरद्वारी लाल पुत्र ख्याली राम 01 फरवरी 2018 को घर से बिना बताए चले गए। जिनका आज तक पता नहीं चला है, यदि किसी को उनके बारे में कोई जानकारी हो तो मोबाइल नं 8174941994 जानकारी देने का कष्ट करें। राकेश चंद्र पुत्र हरद्वारी लाल, गांव-रमापुर उत्तरी, थाना-कटरा, जनपद-शाहजहांपुर।

**आम सूचना**

मेरा हाइस्कूल वर्ष 2014 का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 1082902, इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0863656, बीएससी परीक्षा वर्ष 2017-2019 अनुक्रमांक 8035090107 प्रथम व द्वितीय वर्ष नबर 9235090047 व तृतीय वर्ष का अंकपत्र नंबर 2335090053 व बीएससी डिग्री अंक पत्र नंबर 2335090053, बीएड परीक्षा वर्ष 2019-2021 अंकपत्र नंबर 0407096 प्रथम व द्वितीय वर्ष का अंकपत्र अनुक्रमांक 0407096 व एमएड परीक्षा वर्ष 2022 का अंकपत्र प्रथम व द्वितीय वर्ष का अनुक्रमांक 227055060020 के अंकपत्र वास्तव में खो गए हैं। सुधा शर्मा पुत्री नंदराम शर्मा निवासी परशुरामनगर,आर्य समाज स्कूल, पुवायां, शाहजहांपुर।

**आम सूचना**

मैं,गोदावरी पत्नी (सेवा क्रमांक 14685409द्य, नायक, स्व. सत्य देव, ग्राम बाबूपुर, पोस्ट-मोहद्दीनपुर, बण्डा तहसील पुवायां, शाहजहांपुर उ.प्र. 242042), ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट पुवायां के समक्ष दि. 17/03/2026 को शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम GODAVRI से बदलकर GODAVARI कर लिया है।

# पीएनजी गैस कनेक्शन वालों को नहीं मिलेगा घरेलू गैस का लाभः डीएसओ

- पीएनजी गैस कनेक्शन धारकों के लिए हेल्पलाइन नंबर किया गया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद घरेलू व कामर्शियल गैस को लेकर आ रही दिक्कतों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा रोजाना मानीटरिंग कर गैस एजेंसियों से लाइन कम किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि कही कही अब गैस बुकिंग व गैस डिलीवरी के लिए दिक्कतें कम होने की बात पूर्ति विभाग कह रहा है। बुधवार को डीएसओ चमन शर्मा की ओर एक



आदेश जारी किया गया है। जिसमें उन्होंने बताया कि जनपद में पीएनजी गैस सप्लाई नगर कांट, ग्राम पिपरौला, ग्राम जमौर, टीचर्स कॉलोनी, गीतापुरम कॉलोनी, गार्डेन स्टेट निकट पॉलीटेक्निक, साउथसिटी, आवास विकास निकट बरेली मोड़, काशीराम कॉलोनी, वृन्दावन गार्डेन, अजीजगंज, नवादा, बालाजी नगर निकट बरेली

> जिनके पीएनजी गैस कनेक्शन है और वह घरेलू गैस का भी उपयोग कर रहे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं को आनलाईन चिंहित कर इनके घरेलू गैस कनेक्शन बंद कर दिए जाएगे। इसके लिए टीमों ने कार्य शुरू कर दिया है। घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर अब धीरे धीरे दिक्कतें दूर हो रही है। जिन एजेंसियों पर लाइन लगी है, वहां पर केवाईसी या फिर जिनके अभी तक कनेक्शन ही नहीं थे। वह लोग अपना कनेक्शन व केवाईसी करा रहा है।
>
> -चमन शर्मा, डीएसओ।

मोड़, सिटी पार्क, लोधीपुर, रेती, नई बस्ती, बसंत बिहार कॉलोनी, रौजा पॉवर टॉउनशिप, कृभको नगर टाउनशिप, कटरा में उपलब्ध है तथा 4000 व्यक्तियों द्वारा इसके लिए पंजीकरण कराया गया है। जिनके घर पर पाइप व मीटर लग चुका है। नए नियमों के अन्तर्गत जिनके घर पर पीएनजी गैस कनेक्शन है, उनको घरेलू गैस का लाभ नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी व्यक्ति जिनके द्वारा पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया गया है, वह तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 8765177544 व 18002706720 पर सम्पर्क कर पीएनजी कनेक्शन निर्गत कराना सुनिश्चित करें। गैस उपभोक्ताओं को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए विभाग निरंतर कार्य कर रहा है।

# छात्रवृत्ति परीक्षा की पास



**सिधौली, शाहजहांपुर।** सिधौली क्षेत्र के रुकमणी देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गांव सिसैया की होनहार छात्र जहुवि देवी पुत्री महेंद्र सिंह निवासी ग्राम सिसैयाने नवोदय विद्यालय हथोड़ा बुजुर्ग में कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा पास की परीक्षा पास करने पर छात्र को विद्यालय की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी विद्यालय स्टाफ ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक जगदीश सिंह चौहान ने छात्रा को मिष्ठान खिलाया एवं पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## आदत बनता सोशल मीडिया

बचपन की मासूमियत निगलती सोशल मीडिया की लत विश्व भर में चर्चा का विषय बन चुकी है। बच्चों तथा किशोरों पर सोशल मीडिया के प्रयोग संबंधी पाबंदी लगाने की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया से होती हुई फ्रांस, इंडोनेशिया, स्पेन, नार्वे, ग्रीस जैसे कई देशों तक जा पहुंची है। गत दिनों भारत के आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक भी इस मुद्दे पर आवाज उठाते नजर आए। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने 13 साल से कम बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंधित करने की बात कही, जबकि कर्नाटक सरकार की घोषणा अनुसार, निर्धारित आयु सीमा 16 वर्ष रहेगी। वैश्विक नैटवर्किंग, व्यापक व्यापार तथा विपणन अवसरों, सहज अंत:क्रिया और विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर सूचना सांझाकरण में बहु-उपयोगी सिद्ध हो रहे सोशल मीडिया का दरअसल, एक स्याह पक्ष भी है, जिसमें गोपनीयता संबंधी चिंताएं, ध्यान भटकना, गलत सूचना और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव आदि समस्याएं उभरकर सामने आ रही हैं। विशेषकर बच्चों तथा किशोरों में सोशल मीडिया के प्रति अनवरत बढ़ता आकर्षण न केवल लत बनकर उनकी सेहत निगल रहा है, अपितु असामाजिक तत्वों द्वारा उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा में सेंध लगाने का जरिया भी बन रहा है। मनोवैज्ञानिकों एवं बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय में, सोशल मीडिया का अनियंत्रित उपयोग बच्चों के मानसिक तथा भावनात्मक विकास को बहुत प्रभावित कर सकता है। मस्तिष्क विकास के दृष्टिगत किशोरावस्था का प्रारंभिक चरण अत्यधिक संवेदनशील होता है, जोकि सामाजिक दबावों, साथियों के विचारों आदि से काफी हद तक प्रभावित हो सकता है। वास्तव में, सोशल मीडिया का लगातार उपयोग भावनाएं-आवेग नियंत्रित करने वाले क्षेत्रों में विशेष परिवर्तन ला सकता है, जिससे सामाजिक संकेतों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ने से हृदय अधिक भावुक या दुखी हो सकता है। ऑनलाइन धमकाया जाना अथवा साथियों का दबाव (पीअर प्रैशर) किशोरों को तनाव अथवा आत्मघाती विचारों की ओर मोड़ सकता है। आधुनिक बच्चों के व्यवहार में अधीरता, आक्रामकता, चिड़चिड़ापन आदि लक्षण बहुतायत में देखे जा सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक खेल-कूद से दूरी, परिवर्तित लाइफ स्टाइल एवं बढ़ता स्क्रीन टाइम इसमें प्रमुख कारण हैं। यद्यपि पूर्णत: प्रमाणित नहीं, तथापि कुछ शोधों के तहत, सोशल मीडिया का उपयोग अवसाद तथा चिंता जैसे लक्षण उत्पन्न कर सकता है। स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी सर्कैडियन रिदम को बाधित कर सकती है। देर रात सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने से नींद का पैटर्न गड़बड़ा सकता है। बहुत अधिक समय बिताने से एकाग्रता में कमी जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं। 2020 में हुए अध्ययन के अनुसार, एक माह के लिए अपना फेसबुक अकाऊंट निष्क्रिय करने वाले कुछ लोगों ने अवसाद तथा चिंता में कमी के साथ-साथ खुशी और जीवन संतुष्टि में बढ़ौतरी होने की सूचना दी। सोशल मीडिया का निकृष्टतम पहलू है, साइबर बुलिंग अथवा साइबर धोखाधड़ी, जिसमें यौन शोषण से लेकर वित्तीय ब्लैकमेल के लिए अंतरंग छवियों को वितरित करना आदि शामिल हैं। एक अध्ययन के तहत, 72 प्रतिशत किशोरों ने किसी न किसी समय साइबर बुलिंग का शिकार होने की बात स्वीकारी। सरसरी तौर पर भले ही यह निर्णय अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान अभिभावकों की चिंता कम करने वाला प्रतीत होता हो, किंतु कार्यान्वयन के आधार पर व्यावहारिकता जांचें तो इसे लागू करने में अड़चनें भी कम नहीं! सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना कुछ मायनों में अवश्य अच्छा हो सकता है लेकिन इसे पूर्णतरू प्रतिबंधित करना संभव नहीं, वह भी आज के तकनीकी दौर में, जब इसका प्रयोग पठन-पाठन, ज्ञानार्जन आदि से लेकर शैक्षिक संस्थानों द्वारा गृहकार्य, सूचनाएं वगैरह भेजने के निमित्त किया जाता हो। चूंकि घोषणा का प्रारूप अभी तक स्पष्ट नहीं, ऐसे में इस प्रतिबंध का प्रभावी क्रियान्वयन कैसे सुनिश्चित होगा, समझना मुश्किल है? सोशल मीडिया संचालित करने वाली तकनीकी कंपनियां इस बाबत कितना सहयोगी रवैया अपनाएंगी, यह भी स्वयं में एक यक्ष प्रश्न है? किशोरों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के निहितार्थ भारत के दो राज्यों में उठी यह गूंज अवश्य सार्थक सिद्ध हो सकती है, यदि घोषणा को अमली जामा पहनाने में अपेक्षित तत्परता दिखाई जाए। बृहद परिवर्तन तभी संभव है, जब सरकारें, शिक्षा संस्थान, अभिभावक तथा तकनीकी प्लेटफार्म पारस्परिक सामंजस्य से एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए सारगर्भित हल निकालें। तब दो राज्यों की पहल एक सार्थक मुहिम बनकर केंद्र सरकार के सहयोग से ऐसे गंभीर विषय पर केंद्रीय कानून लाने की ओर उन्मुख होगी। बच्चे देश का भविष्य हैं, उनका आज और कल सेहतमंद एवं सुरक्षित बनाना सांझा दायित्व है।

# संभावना के महासागर का मंथन

*डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा*



हमारी गौरवमयी एवं समृद्ध सनातन सांस्कृति परंपरा के महान पर्व गुड़ी पड़वा, हिंदू नववर्ष पर सब तरफ हर्षोल्लास का वातावरण निर्मित होता हुआ दिखाई देता है। नववर्ष आगमन में प्रकृति ने नूतन साज श्रृंगार कर लिया है, चन्द्रमा की ओजपूर्ण किरणें वनस्पति जगत सहित हमारे तन मन को आप्लावित करने लगी है, कहीं किसी वृक्ष पर बैठी कोयल मीठे स्वरों में कुहुकने लगी है, गुलाब मोगरा, चमेली, आम, नीम, महुआ की मदमय सुगंध सुरभि जीवन को नई ऊर्जा, नई चेतना एवं नया आयाम देने लगी है, किंशुक सुमन ने अपने मनभावन ओर आग उगलते रंग से हमारे मनोभावों को उद्दीप्त कर दिया है और अमलतास एवं गुलमोहर का उन्मादित सौंदर्य सिर चढ़कर बोलने लगा है। नियति के ऐसे मनमोहक परिदृश्य को निहारते हुए अरण्य निवासी योवनाओं के प्रणय गीतों का गुंजायमान मद्धिम स्वर भी सुनाई देने लगा है। ऐसे रसमय वातावरण में लगता है कि सनातन संस्कृति के प्रतीक नव संवत्सर के स्वागत हेतु नियति नटी ने अपना वैभव लुटाना शुरू कर दिया है। अतः प्रकृति की इस वैभवी कृपा को प्रणाम करते हुए, नव संवत्सर 2083 का हर्षोल्लास पूर्वक स्वागत अभिनन्दन किया जाना चाहिए।

उत्सव प्रधान हमारे देश में उत्सवी दिनों को पूरी जिंदादिली से मनाया जाता रहा है, और चूंकि हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा हमारी गौरवमयी एवं समृद्ध सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है, इसलिए गुड़ी पड़वा पर हमारी उत्सव धर्मिता की अभिव्यक्ति भी स्वाभाविक ही है। हिंदू नववर्ष के शानदार आगाज से अंतर्मन आनंद की उन्मादकारी सीमाओं को छू लेने को आतुर है, ऐसे रंगारंग उत्सवी माहौल में हमारी सांस्कृतिक परंपराएं भी हमें अपने महाभावों को अभिव्यक्त करने हेतु प्रेरित करती है। अतः महान आध्यात्मिक वैभव से युक्त पंचाक्षर नमः शिवाय और सनातन आध्यात्मिक संस्कृति के महानतम वंदनीय वाक्यों जय श्री राम और जय श्री कृष्ण के महाबोधि संबोधन से हम समवेत स्वरों में सनातन संस्कृति के महापर्व नववर्ष 2083 गुड़ी पड़वा का स्वागत अभिनन्दन करते हुए नववर्ष के आगमन पर विश्व में शांति और सभी प्राणियों के कल्याण के निमित्त अति प्रासंगिक एवं समीचीन यह शुभमङ्गलकामना करते हैं, कि सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों, सभी का जीवन मंगलमय हो, और किसी को भी कोई दुःख न हो।

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित् दुःख भागभवेत्।

गुड़ी पड़वा से आरंभ नव संवत्सर संपूर्ण विश्व के लिए सुख समृद्धि दायक, अहिंसा, शांति और सौहार्द का संदेश वाहक तथा वैभव कारक होगा और हम जीवन में सर्वोच्च सफलताओं की और अपने कदम बढ़ाते हुए अविरल गति से निरंतर आगे बढ़ते जाएंगे।

जीवन में सर्वोच्चता की और बढ़ने की यह संकल्प शक्ति ही यकीनन हमें एक बेहतर कल की तरफ ले जाती है, जहां से उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, और उस मार्ग पर चलते हुए हम अपनी मंजिल तक पहुंचने में कामयाब हो सकते है, किंतु जीवनपथ में आने वाली वास्तविकताओं को भी हम नहीं नकार सकते, इसलिए उन्हें दृष्टिगत रखते हुए ही हमें अपने उद्देश्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होना है।

जीवन के आलोक पथ पर अग्रसर होते हुए मानसिक स्तर पर चाहे हम सागर की अनंत गहराइयों को पा जाएं अथवा विंध्याचल की शैल श्रृंखलाओं को अपनी फौलादी बांहों में भर लें, किंतु वास्तविकताओं की विराटता भी हमें बार बार अपनी जमीनी हकीकत बताती ही रहती है, ऐसे में जीवन की वास्तविकताओं से रूबरु होते हुए एवं एक एक दिन के मैदानी अनुभव से ही श्रेष्ठता के आयामों को छुआ जा सकता है।

महान उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उठे कदम अंततः अपनी मंजिल पर पहुंच ही जाते हैं, किंतु जीवन पथ पर आगे बढ़ते हुए हमें यह समझना होगा कि रास्ते कभी भी सीधे सपाट नहीं हुआ करते हैं, इसलिए कठिन रास्तों से गुजरने की क्षमताएं भी हमें पहले ही विकसित करनी होगी, साथ ही हौसलों की बुलंदियों को बरकरार रखना होगा, क्योंकि एक वह हौसला ही तो है, जो भूतकाल की असफलताओं को नई सफलताओं में तब्दील कर देता है, और एक मुकम्मल जहां हमारे हाथों में सौंप देता है।

जीवन में आगे बढ़ते हुए कदाचित् ऐसे से मोड़ भी आते हैं जब धैर्य ही हमारा आदर्श मित्र साबित होता है, क्यौकि धैर्यहीनता ही एक ऐसी बेड़ी है, जो हमारे कदमों को बरबस ही थाम लेती है, तब दिखाई दे रही मंजिल भी सहसा ही दूर दिखाई देने लगती है, और तब उस गतिमान समय की परिधि में आबद्ध हम लोग सहसा ही विचलित हो कर नियति पर नाराज हो जाते हैं, और तब व्यथा की विपरीतता में कह उठते हैं कि एक एक क्षण पहाड़ बन गया है, और जब खुशी का अवसर मिलता है तो कहने लगते हैं कि समय कितना जल्दी व्यतीत हो गया, ऐसा लगता है कि जैसे बात आजकल की ही हो, किंतु वह क्षण न तो पहाड़ की मानिंद था, और न ही चींटी द्वारा ले जाए जा रहे एक महीन कण की तरह अतिलघु ही था, वक्त का वह कतरा परिंदे की तरह आसमान को अपने आगोश में भर लेने के कथित मानसिक भावों से युक्त भी नहीं था, वास्तविकताओं में हमने ही उसे अपने संकीर्ण सुख-दुःखों से, हानि लाभ से या फिर जय-पराजय से संयुक्त कर दिया था, शायद इसीलिए वह शुचि वक्त अच्छा या खराब नाम पा गया। दरअसल वह कालचक्र के परिक्रमा पथ का एक नन्हा सा हिस्सा था, समय का वह एक कतरा था, जिस पर दौड़ते हुए हम कभी उत्कर्ष पर पहुंचे थे, और वह भी समय का ही एक कतरा था, जिस पर चलते हुए कदाचित हम लड़खड़ाते हुए गिर पड़े थे, और तब उस गतिमान शुचि समय को हमारे ही द्वारा कई संज्ञाओं से विभूषित कर दिया गया था, जबकि समय के उसी प्रवाह ने अन्य अनगिनत लोगों को अमृत तत्व से अभिसिंचित भी किया। निश्चित तौर पर उस एक ही समय को देखने का हमारा नजरिया तात्कालिक लाभ हानि के अल्पकालिक प्रवाह से ही संयुक्त था, शायद इसीलिए अनुभूतियां भी पृथक पृथक रूप ग्रहण कर गईं।

समय के उसी महावैभवी पथ पर एक तरफ जहां फूलों की सौंदर्य सुरभि समाई है, वहीं कंटक भी बिखरे पड़े हैं। यह वही पथ है जो एकबारगी हमें लहूलुहान कर देता है, किंतु संभावनाओं का अनन्त सागर भी तो वहीं से आकार ग्रहण करता है। यही है वह अरण्यपथ जो कठिन है, किंतु असीम संभावनाओं एवं उपलब्धियों से युक्त भी है। शायद यही है वह उपलब्धियो से ओतप्रोत रास्ता जिस पर चलते हुए दुविधाओं की सड़ांध समाप्त हो जाती है, और उद्देश्य पूर्ण यात्रा के फूल खिलते हुए दिखाई देते हैं, किंतु हमें यह समझना होगा कि यात्रा की इस सुख सुरभि में कांटों की वेदना भी समाई होती है, इसलिए प्रत्येक कदम सम्हाल कर रखने की जरूरत पेश आती है, क्योंकि कठिन कंटकाकीर्ण मार्ग को, अरण्यपथ को चुन लिया है जिसने, परीक्षाओं के सिलसिले उसके समक्ष कतारबद्ध खड़े नजर आते ही हैं। सफलताओं के ये आसान से लगने वाले रास्ते परीक्षाओं की वह पूर्व दिशा है, जिसे बादलों ने आच्छादित कर रखा है, किंतु सतत प्रयासों रुपी पुरुषार्थ उन्हें छिन्न भिन्न कर देता है, ओर सफलता रुपी स्वर्णिम प्रभात की नूतन रश्मियां प्रस्फुटित हो ही जाती है। कठिनाइयों के उन बेतरतीब सिलसिलों से होकर ही सफलताओं के महाद्वार खुलते हैं। यही है, वह दिव्यतम सुख की अनुभूति का महाद्वार, जहां से आसमानी बुलंदियां हमारे स्वागत समारंभ हेतु तत्पर दिखाई देती है।

यही है वह चिरंतन शाश्वत सत्य के अनुसंधान का पथ जहां पर आगे बढ़ जाने पर फिर होकर भी नहीं होने की विराट संभावनाएं दस्तक देने लगती है। यही है वह अमृत का महाकोश, युग युगान्तर से जिसे हम खोजते आए हैं, और जिसकी छत्रछाया ने अनगिनत मानवों को महामानव के रूप में स्थापित कर दिया है।

आलोक पथ की ओर अग्रसर होते हुए तथा अपने कर्तव्य बोध, कर्मशीलता और राष्ट्र हित के महाभावों को सर्वोपरि स्थान प्रदान करते हुए हम पुनः नव संवत्सर 2083 का स्वागत अभिनन्दन करते हैं।

विचार

# युद्ध ने तोड़ी कई धारणाएं, कम नहीं होतीं अमेरिकी बाधाएं

*डॉ. प्रभात ओझा*

विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहलाने वाला अमेरिका इसके अलावा भी कई कारणों से पहचाना जाता है। दूसरे वर्ल्ड वॉर के बाद से सुदृढ़ होती उसकी आर्थिक व्यवस्था ने उसे अत्यधिक मजबूत बनाया। अपने प्राकृतिक संसाधनों के बूते उसने विश्व बाजार में दावेदारी पक्की कर ली। आज अमेरिकी डॉलर के दबदबे और सैन्य शक्ति के प्रभाव में उसका जवाब नहीं। कमोबेश यही स्थिति इजराइल की है, जो अपनी कुशल आधुनिक सेनाओं और खुफिया एजेंसी मोशाद के लिए प्रसिद्ध है। किसी भी आपात स्थिति से मुकाबले के लिए यहां आम नागरिकों के लिए भी सैन्य प्रशिक्षण इस देश को विशेष बनाता है। दुनिया की ऐसी दो बड़ी ताकतें एक साथ मिलकर लंबे समय से कई तरह के प्रतिबंध झेल रहे ईरान पर हमला करें, तो सहज परिणाम की कल्पना की जा रही थी। युद्ध के खिंचते चले जाने से यह धारणा टूटने लगी कि सोवियत संघ के बिखराव के बाद विश्व अमेरिका के पीछे एकध्रुवीय हो गया है। ईरान के साथ युद्ध के 14 वें-15वें दिन अमेरिका ने खुद दुनिया के देशों से एक अपील कर इस धारणा को खत्म कर दिया कि वह किसी से भी अकेले लड़ने में सक्षम है।

राष्ट्रपति ट्रंप की इस अपील में अमेरिका की लाचारी झलकने लगी कि साथी देश होर्मुज जलडमरू क्षेत्र को खुला, सुरक्षित और स्वतंत्र बनाने में सहयोग करें। ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका के संघर्ष के चलते इस क्षेत्र से तेल और गैस आपूर्ति रुक गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर ट्रंप ने इस तरह की अपील ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया सहित चीन से भी कर डाली। यह अपील ऐसे समय आई, जब कहा जा रहा था कि ईरान के पीछे चीन भी कई तरीकों से खड़ा है। अमेरिका की बौखलाहट को उसकी ओर से ईरान के खार्ग द्वीप पर किए हमले से समझा जा सकता है। ईरान के तेल का करीब 90 फीसद यहीं से निर्यात होता है। ईरान ने दावा किया कि अमेरिका हमले में तेल के बुनियादी ढांचे पर फर्क नहीं पड़ा। देखने की बात है कि इस हमले का वैश्विक तेल बाजार पर कितना असर होगा। भले तेल के बुनियादी ढांचे पर फर्क न पड़े, पर सैन्य तनाव तेल आपूर्ति में बाधक ही होगा।

दो हफ्ते से भी अधिक समय तक ईरान भी अमेरिकी और इजराइली हमलों का माकूल जवाब देता हुआ लगा। उन खाड़ी देशों में भी हमले हुए जहां अमेरिका ने अपने सैन्य अड्डे बना रखे हैं। कतर, कुवैत, सऊदी अरब, यूएई और बहरीन में मिसाइल, ड्रोन या इंटरसेप्शन के मामले दिखे। इन देशों ने सुरक्षात्मक स्थिति बनाए रखना सही समझा। समय के साथ उनका अमेरिका पर भरोसा खत्म हो जाए तो इसमें आश्चर्य नहीं।

अपनी दुर्गति देख अमेरिका ईरान से वापसी का फैसला कर ले, तो यह आश्चर्य की बात नहीं होगी। वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर अमेरिका ले आना लोगों को याद है। इस ताजा घटना के बाद मानवाधिकारों के उल्लंघन, हत्याओं के दोषी और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों में निकोलस पर अमेरिका में ही मुकदमा चल रहा है। उनकी पत्नी पर मादुरो को सहयोग करने के आरोप हैं। दोनों को किस तरह की सजा मिल सकती है, इस पर वर्ल्ड मीडिया को कोई शक नहीं है। यह जरूर है कि अमेरिका अब भारत सहित कई देशों को वेनेजुएला से तेल खरीदवाने की नीति पर काम कर रहा है। रूस से तेल लेने की कथित



छूट की उसने समय सीमा तय करने का दावा किया।

अब ईरान पर हमले में इजराइल के साथ उतरने का अमेरिकी मकसद भी आर्थिक अधिक है। हालांकि उसे वेनेजुएला जैसी सफलता नहीं मिल सकी है। दुनिया में अमेरिका के कुछ प्रमुख सैन्य अभियान पहले भी असफल हो चुके हैं अथवा उसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं। इराक का मामला लोगों के जेहन से शायद उतर गया हो। वर्ष 2003 में इराक में उसके दखल से बाथ पार्टी की सरकार जरूर गिर गई। तीन साल के अंतराल पर 2006 में बगदाद के उत्तरी उपनगर काजिमैन के इराकी-अमेरिकी संयुक्त सैन्य अड्डे 'कैंप जस्टिस' में सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी गई थी। इसके बावजूद सब कुछ अमेरिका के अनुकूल नहीं रहा। साल 2011 में वापसी के बाद 2014 में उसे फिर से इराक में दखल देना पड़ा था।

ऐसी प्रमुख घटनाओं में इसके पहले 1975 में वियतनाम युद्ध के बीच अमेरिका को अपनी सेनाएं वापस बुलानी पड़ी थी, तो अफगानिस्तान में तो लगभग दो दशक तक काबिज रही अमेरिकी सेनाएं 2021 में वापस आने को मजबूर हुईं। इन प्रमुख देशों के अतिरिक्त अन्य कई जगह अमेरिकी सेना उतारी गई, पर सामान्य तौर पर इस कवायद में मनोनुकूल सफलता नहीं मिली। कुछ विश्लेषक कहते हैं कि अमेरिका इस धारणा को तोड़ना चाहेगा। इसलिए वह अपनी सेनाओं को सीधे ईरान की धरती पर नहीं उतारना चाहता। कुछ और दिनों तक ईरान के सुदृढ़ आर्थिक ठिकानों को वह निशाने पर रखेगा। सुप्रीम लीडर को मारने के बावजूद अमेरिका के हाथ पूरी सफलता नहीं लगी। फिर ईरान की आर्थिक कमर तोड़ने और परमाणु क्षमता समाप्त करने का दावा करते हुए उसके अपना मकसद पूरा होने की घोषणा करने की उम्मीद जरूर बंधी। आखिर व्हाइट हाउस के एआई और क्रिप्टो प्रमुख डेविड ने भी तो यही सलाह दी। डेविड का कहना था कि यह अमेरिका के लिए अच्छा मौका है, जब वह अपनी जीत बताते हुए ईरान से निकल आए।

*(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

साहित्य



## नदी के किनारे

**कुंवर नारायण**

हाथ मिलाते ही
झुलस गई थीं उँगलियाँ
मैंने पूछा, कौन हो तुम?
उसने लिपटते हुए कहा, आग!

मैंने साहस किया-
खेलूँगा आग से
धूप में जगमगाती हैं चीज़ें
धूप में सबसे कम दिखती है
चिराग़ की लौ।

कभी-कभी डर जाता हूँ
अपनी ही आग से
जैसे डर बाहर नहीं
अपने ही अन्दर हो।

आग में पकती रोटियाँ
आग में पकते मिट्टी के खिलौने।
आग का वादा-फिर मिलेंगे
नदी के किनारे।

हर शाम
इन्तजार करती है आग
नदी के किनारे।



## राशिफल

**मेष:-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**वृषभ:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

**मिथुन:-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्क:-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंह:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्या:-** भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुला:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिक:-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनु:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं।

**मकर:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें।

**मीन:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# नीतीश-डीजीपी के सिपाही बनने की कहानी

बिहार में 20 सालों तक सत्ता का निर्बाध आनंद लेने के बाद नीतीश कुमार अब फिर दिल्ली की राजनीति में लौट रहे हैं। 2005 में बिहार का मुख्यमंत्री बनने से पहले नीतीश कुमार छह बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं, लेकिन अब सातवीं बार सांसद बनने के लिए उन्होंने राज्यसभा को चुना। बिहार में नीतीश कुमार समेत एनडीए के पांचों उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव जीत लिया है। मजेदार बात ये है कि तीन विभिन्न पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष इनमें शामिल हैं।

नीतीश कुमार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, उपेन्द्र कुशवाहा राष्ट्रीय लोकमोर्चा के अध्यक्ष हैं और नितिन नवीन बिहार और केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वैसे बिहार में राज्यसभा चुनावों की सबसे खास बात यही रही कि पहली बार किसी मौजूदा मुख्यमंत्री ने राज्य की सत्ता छोड़कर राज्यसभा को चुना हो। राज्य की सत्ता छोड़कर नरेन्द्र मोदी भी आए थे, लेकिन उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा था और सामने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी थी। जबकि नीतीश कुमार ने तो इंडिया गठबंधन इसी नाम पर छोड़ा था कि उन्हें विपक्षी मोर्चे की तरफसे प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया गया था। केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षा अगर प्रधानमंत्री बनने की थी, तो उसमें न कुछ गलत है, न आश्चर्य है। लेकिन असली हैरानी इसी बात पर है कि आखिर राज्यसभा के लिए 20 सालों की राज्य की सत्ता को कौन ठुकराता है। अभी तो ये भी तय नहीं है कि नीतीश कुमार को कौन सा मंत्री पद मिलता है, या अगले साल उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जाता है। वैसे इतना तो तय है कि इस समय नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने से जदयू के लोग तो खुश नहीं ही हैं, बिहार के लोगों को भी भाजपा का ये राजनीतिक खेल समझ नहीं आ रहा है, कि एकदम से उन्हें नीतीशविहीन क्यों किया जा रहा है। उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में एक व्यक्ति ने बीबीसी से कहा कि यह तो डीजीपी के सिपाही बनने जैसा है।

वहीं जदयू में नीतीश के पुराने साथी के सी त्यागी ने तो अब पार्टी ही छोड़ दी, जबकि बहुत से कार्यकर्ताओं ने निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की। ये मांग तो शायद ही पूरी हो, लेकिन परिवारवाद की माला जपते हुए नीतीश कुमार ने बेटे निशांत का राजनीति में प्रवेश करा ही दिया है। निशांत कुमार क्या अपने पिता की तरह बिहार के लोगों के दिल में जगह बना पाएंगे, क्या नीतीश कुमार को किसी भी खेमे में रहने के बावजूद जो समर्थन मिलता रहा, वैसा ही समर्थन निशांत कुमार को मिलेगा, नीतीश को इसकी चिंता भी करना चाहिए।

लेकिन नीतीश कु मार के लिए इस समय सबसे बड़ी चिंता बिहार में भाजपा का वर्चस्व कायम होने की होनी चाहिए। एनडीए का सहयोगी होने के बावजूद नीतीश कुमार ने भाजपा को कभी बिहार में बड़ा भाई नहीं बनने दिया था, लेकिन 2025 के



चुनावों में भाजपा बड़े भाई से आगे बढ़कर मोहल्ले का दादा ही बन चुकी है। कहा जा रहा है कि अब भाजपा अपने मुख्यमंत्री बनाने का सपना पूरा कर लेगी, इसके लिए शायद पिछले साल चुनावों में ही सौदेबाजी कर ली गई थी कि जनता को दिखाने के लिए नीतीश कुमार को कुछ दिन मुख्यमंत्री बनाया जाए और फिर धीरे से उनसे ये पद ले लिया जाए। अगर इस दावे में दम है तो यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। क्योंकि अक्सर ऐसी सौदेबाजियां भ्रष्ट तरीकों से सत्ता हासिल करने का रास्ता बनाती हैं। नीतीश कुमार के दिल्ली आने से बिहार में एक बड़ा बदलाव यह होगा कि राज्य से जे पी आंदोलन की बची-खुची यादों की भी विदाई हो जाएगी।

शरद यादव रहे नहीं, लालू प्रसाद यादव भी राजनीति में कम ही सक्रिय हैं, उनकी जगह तेजस्वी ने पार्टी संभाल ली है और अब नीतीश कुमार भी पूरी तरह भाजपा के रंग में रंग चुके हैं। 2005 में जब उन्होंने लोकसभा सीट छोड़कर मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली थी तब उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि वे इतने लंबे समय तक राज्य की राजनीति के केंद्र में रहेंगे। 24 नवंबर 2005 को जब उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, तब उन्होंने बिहार को श्जंगलराज्य से बाहर निकालने का संकल्प लिया था। जिसे जनता ने हाथोंहाथ लिया। हालांकि अब जब उनकी विदाई हो रही है, तब भी हालात सुधरे नहीं हैं, बल्कि जिस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से लालू प्रसाद ने बिहार को दूर रखा, वो अब सिर चढ़कर बोल रहा है। नरेन्द्र मोदी की इस राजनीति का विरोध करने के लिए एनडीए से 17 साल पुराना गठबंधन तोड़कर लालू यादव के साथ महागठबंधन नीतीश ने बनाया और तब भी बिहार के मुख्यमंत्री वही रहे।

बस थोड़े वक्त के लिए जीतनराम मांझी मुख्यमंत्री रहे, उसमें भी सरकार की डोर नीतीश के पास ही रही। हालांकि 2017 में नीतीश फिर भाजपा के साथ हो लिए, मगर इसके बाद वर्ष 2022 में फिर पाला बदल लिए और साल 2024 के चुनाव से ठीक पहले एक बार फिर एनडीए में शामिल हो गए। यह शायद आखिरी मौका था जब नीतीश कुमार ने अपनी मर्जी से फैसला लिया, क्योंकि इस बार भाजपा ने उन्हें ऐसे जकड़ कर रखा कि मोदी सरकार की बहुत सी बातों से असहमत होते हुए भी नीतीश कुमार हामी भरने पर मजबूर रहे। मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा आना भी संभवतः भाजपा की जकड़न का ही परिणाम है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा पर बल देकर आत्मनिर्भर बनाया: रजनी

- 9 वर्ष में जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए: प्रेमावती
- उद्योगों की स्थापना कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है: अजीत सिंह बब्बन
- कल्याणकारी योजनाओं से गरीब एवं पात्र लोगों को लाभान्वित कराया जा रहा है: अनुनय झा

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के नव निर्माण के तहत 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी, सभापति याचिका समिति अशोक अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा तथा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी सहित जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिती मे भव्य कार्यक्रम का आयोजन गांधी भवन हाल में किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रेमावती व अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण पर 9 वर्ष पर आधारित लघु फिल्म का सजीव प्रसारण दिखाया गया तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को मंत्री,जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों, कर्मचारियों, लाभार्थियों द्वारा देखा सुना गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा रोजगार पर बल देकर आत्म निर्भर बनाया है और जनपद की महिलाये शिक्षा के साथ रोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से मजबूत बन रही है तथा प्रदेश सरकार ने बालिकाओं की जन्म से लेकर शिक्षा का भी निःशुल्क प्रबन्ध किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन नौ वर्षो में जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद में



कई महत्वपूर्ण कार्य करायें गये है जिससे आम जनता को राहत मिली है। अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर गरीब एवं जरूरत मंद लोगों को गरीबी रेखा के नीचे से उठाकर एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कराकर स्वालंबी बनाया है। विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नौ वर्षो में सबसे अधिक स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, परिवहन एवं विद्युत के क्षेत्र में काम कर आम जनमानस को राहत दी है।भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की डबल इंजन की सरकार ने देश के युवक एवं युवतियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए उद्योगों की स्थापना कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी अनुनय झा ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनपद के गरीब एवं पात्र लोगों को लाभान्वित कराया जा रहा है और जनपद में व्यापक स्तर पर विकास कार्यो के साथ हाईवे आदि के निर्माण कराये जा रहे है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री युवा रोजगार, महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार, आजीविका मिशन, नेडा, पंचायती राज, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की। इसके उपरान्त जनप्रतिनिधियों ने गांधी भवन परिसर में लगी विभिन्न विभागों की तथा सूचना विभाग की प्रर्दशनी का फीताकाट कर उद्घाटन किया तथा खाद्य एवं रसद, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, मत्स्य, नेडा, डूडा, जन निगम, उद्योग, सूचना विभाग ,खादी ग्रामोद्योग, आईटीआई आदि विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मंत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ । कार्यक्रम में प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, डीसी मनरेगा, डीडी कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

## फोटो खींचने का विरोध करने पर किया लहूलुहान

**शाहाबाद, हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के चरनजीत पुर गांव में लड़कियों के फोटो खींचने का विरोध करने पर दबंग युवकों ने डंडों से हमला करके एक ग्रामीण का सिर फोड़ कर लहू लोहान कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। कमलेश पुत्र राम रतन निवासी चरनजीत पुर मजरा भोगीपुर ग्रांट के अनुसार विकास पुत्र अर्जुन लाल लड़कियों के फोटो खींच रहा था जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर दोपहर 3ः00 बजे विकास, आसाराम, अवधेश ने उसके ऊपर डंडों से हमला कर दिया जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द और उनके शिष्यों पर हुआ प्रशासनिक अत्याचार निंदनीय



**शाहाबाद, हरदोई।** कस्बे के मोहला दिलेरगंज स्थित कात्यायनी शक्तिपीठ पर मंगलवार को हिन्दू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानन्द गिरी महाराज ने धर्म कों देश और सभी राजनैतिक पार्टियों से ऊँचा बताते हुए मकर संक्रांति पर्व पर प्रयाग राज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द और उनके शिष्य बटुंकों पर की गई प्रशासनिक कार्यवाही की घोर निंदा की। उन्होंने कहा मकर संक्रांति,कुम्भ और महाकुम्भ का आयोजन सदियों से मुनियों और साधू संतों के समागम और अध्यात्म कों फैलाने के लिए होता आया है।इसमें भक्त और आम लोग साधू संतों के दर्शन और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं।ऐसे आयोजनों में संत कों स्नान करने से रोकना और उन्हें अपमानित करना अत्यंत निंदनीय है।धर्म से बड़ी कोई पार्टी नहीं होती है और सनातन से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।गौ माता कों राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए और गोकशों पर मनुष्य की हत्या में लगने वाले कानून के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। प्रदेश की योगी सरकार ने गाय की रक्षा के लिए बहुत किया है लेकिन वह पूर्ण नहीं है। गाय के हत्यारों पर देशद्रोह के तहत कार्यवाही की जाए। गाय की रक्षा करना हमारा धर्म है जब गाय बचेगी तभी सनातन धर्म की सुरक्षा हो सकेगी। उन्होंने ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के विषय में कहा भारत को अपने स्थान पर टथस्त रहते हुए देखना चाहिए अमेरिका तो हथियारों का सौदागर है वह अपने हथियार बेचने के छोटे देशों कों भड़का कर युद्ध में धकेल रहा है। शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर आत्मानंद गिरी महाराज ने कहा वे पूर्व में जगतगुरु शंकराचार्य और उनके बटुकों पर हुए अत्याचार की भत्सर्गना खुले मंच से कर चुके हैं। सनातन धर्म से बड़ी कोई सरकार नहीं है।शंकराचार्य की पदवी सनातन धर्म में सर्वश्रेष्ठ है। उनका अपमान सनातन का अपमान है।

### पोते की मौत के सदमें में बाबा ने तोड़ा दम, सड़क हादसे में गई थी निजामपुर के रामू कुशवाहा की जान


**पाली, हरदोई।** पाली–रूपापुर मार्ग पर हुए सड़क हादसे के बाद एक और हृदयविदारक घटना सामने आई है, हादसे में जान गंवाने वाले युवक रामू कुशवाहा की मौत का सदमा उसके बाबा रामनाथ सहन नहीं कर सके और बुधवार भोर करीब 4 बजे उनकी भी मौत हो गई। परिवार में लगातार दो मौतों से मातम छाया हुआ है। बताया गया कि ग्राम निजामपुर निवासी रामू कुशवाहा पुत्र संतराम कुशवाहा की बीते शनिवार शाम सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार देर शाम उसका अंतिम संस्कार किया गया। रामू परिवार का सबसे बड़ा बेटा और एकमात्र कमाऊ सदस्य था, जिससे उसकी मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। परिजनों के अनुसार रामू की मौत के बाद से ही उसके बाबा रामनाथ गहरे आघात में थे। वह लगातार सदमे में थे और कुछ भी बोलने–समझने की स्थिति में नहीं थे। इसी बीच बुधवार तड़के करीब 4 बजे उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी और उन्होंने दम तोड़ दिया। गौरतलब है कि प्रारंभिक सूचना में इस घटना को दो बाइकों की भिड़ंत बताया गया था, लेकिन बाद में जांच में सामने आया कि रामू सड़क किनारे पैदल जा रहा था, तभी सवायजपुर क्षेत्र के अमिरता पुरवा निवासी बाइक सवार युवकों ने उसे टक्कर मार दी। आरोप है कि घटना के बाद बाइक सवारों ने खुद को बचाने के लिए झूठी कहानी गढ़ी। रामू दिल्ली में एक जीन्स फैक्ट्री में काम करता था और 11 मार्च को हुई अपनी बहन की शादी में शामिल होने गांव आया था। उसकी मौत के बाद अब बाबा के निधन ने परिवार को पूरी तरह तोड़कर रख दिया है। गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एसबीडी पब्लिक स्कूल के छह बच्चों का नवोदय में हुआ चयन



**कदौरा (जालौन)।** क्षेत्र के अलीपुर–हांसा स्थित आवासीय एसबीडी पब्लिक स्कूल के छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। रिजल्ट में छह बच्चों का नाम आने पर क्षेत्र और जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रिंसिपल अलकेश सर ने बताया कि दस छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। इसमें छह छात्रों मनीष पाल चतेला, सत्यम पाल कानाखेड़ा,योगेंद्र सैनी, अंश सैनी, आयुष पाल निवासीगण अलीपुर, रॉबिन पाल ग्राम पालपुर कानपुर नगर का चयन हुआ है। चयन की जानकारी होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्य अलकेश सर ने बताया कि जनपद में सबसे अधिक छह बच्चों का चयन उनके विद्यालय से हुआ है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर प्रिंसिपल ने छात्रों को शील्ड और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने अभिभावकों का भी सम्मान किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफसहित बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

### पहूज नदी में मृत मगरमच्छ मिलने से हड़कंप, ग्रामीणों में दहशत



**रामपुरा (जालौन)।** विकास खंड रामपुरा के नदियापार क्षेत्र में बहने वाली पहूज नदी में एक मृत मगरमच्छ मिलने से आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है और लोग नदी किनारे जाने से भी कतराने लगे हैं। बुधवार सुबह ग्राम बुढ़ेरा के समीप नदी किनारे एक मृत मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना मिलते ही यह खबर तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गई। निनावली जागीर, किशनपुरा, कूसेपुरा, बूढ़ेरा, कर्रा और मई सहित कई गांवों के लोग मौके की ओर उमड़ पड़े। मृत मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से नदी में मगरमच्छ देखे जाने की चर्चाएं हो रही थीं। कुछ लोगों ने नदी में मगरमच्छ को देखने का दावा भी किया था। ऐसे में अब मृत मगरमच्छ मिलने से आशंका जताई जा रही है कि नदी में और भी मगरमच्छ मौजूद हो सकते हैं। किशन, मंजेश, ओकेन्द्र, उपेन्द्र, कैलाश और महानदर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि अब वे अपने पशुओं को नदी में पानी पिलाने तक से डर रहे हैं। उनका कहना है कि किसी भी समय कोई अप्रिय घटना हो सकती है, जिससे जन–धन की हानि का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि घटना की सूचना के बावजूद अभी तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है और न ही कोई सुरक्षा या निगरानी व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग व प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लें, मृत मगरमच्छ का परीक्षण कराएं तथा नदी में मौजूद अन्य मगरमच्छों की तलाश कर सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम किए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों में व्याप्त भय को दूर किया जा सके।

## किसान महापंचायत की तैयारी तेज, प्रशासन को सौंपा नोटिस

**संडीला/हरदोई।** भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के पदाधिकारियों ने आगामी 30 मार्च 2026 को प्रस्तावित किसान महापंचायत को लेकर प्रशासन को सूचनार्थ नोटिस सौंपा। जिला अध्यक्ष हरदोई सत्यप्रकाश तिवारी सत्यम और इम्तियाज अली के निर्देश पर नगर अध्यक्ष अरविंद तिवारी दुर्गा के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने यह पहल कीप्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी हरदोई, उप जिला अधिकारी सदर हरदोई और क्षेत्राधिकारी नगर हरदोई को महापंचायत की जानकारी देते हुए तहसीलदार सदर सचिन शुक्ला को नोटिस सौंपा। इस दौरान किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की बात कही गई। नगर अध्यक्ष अरविंद तिवारी दुर्गा ने बताया कि महापंचायत में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी और उनके समाधान के लिए रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि



संगठन किसानों के अधिकारों के प्रति सजग है और उनकी आवाज को मजबूती से उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस मौके पर गंगाराम दादा, हीरालाल दादा, समीम शिवराज, रामनरेश कुशवाहा और करनलाल दादा सहित कई किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर महापंचायत को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## एसपी ने पाली थाने का किया वार्षिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा

**पाली हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बुधवार शाम को पाली थाने का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में रखे रजिस्टर, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरे, हवालात, बैरक, भोजनालय एवं थाना परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पाली थाने परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और व्यवस्थाओं की स्थिति भी देखी। उन्होंने संबंधित दीवान एवं जिम्मेदार कर्मियों को रजिस्टरों का सुव्यवस्थित रखरखाव



सुनिश्चित करने और थाना परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पाली थाना प्रभारी सोमपाल गंगवार,उप निरीक्षक जयनारायण मिश्रा उप निरीक्षक मान सिंह उप निरीक्षक अनिल दुबे,उप निरीक्षक अतुल शर्मा उप निरीक्षक विपिन सिंह सहित पाली थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बिजली विभाग का छापा, पांच लोग बिजली चोरी करते पकड़े, मुकदमा दर्ज

**पाली हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को सुबह सुबह बिजली विभाग की टीम ने मुंडेर गांव में बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 उपभोक्ताओं को रंगे हाथ पकड़ा। सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। टीम ने कई घरों में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने के प्रमाण पाए। अधिशासी अभियंता भजन लाल ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह लगभग 6 बजे बिजली विभाग की टीम ने मुंडेर गांव में छापा डाला जिससे उपभोक्ताओं में हड़कंप की स्थिति



बन गई अवर अभियंता सुखपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी के खिलाफ मॉर्निंग रेड मारी। इस दौरान टीम ने 5 लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ा सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता भजन लाल ने बताया कि टीम को लंबे समय से क्षेत्र में बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के आधार पर टीम ने मंगलवार सुबह अचानक छापेमारी की। जांच के दौरान कई घरों में डायरेक्ट लाइन डालकर बिजली चोरी किए जाने के प्रमाण मिले। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी में पकड़े गए पांचों उपभोक्ताओं पर विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, उनसे जुर्माना वसूला जाएगा और बकाया बिल की भी वसूली की जाएगी।

## विशाल नेत्र शिविर, 20 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित, 15 अप्रैल को फिर लगेगा कैंप

**संडीला/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

नगर में लाला गंगाप्रसाद मानव कल्याण समिति एवं सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे, जहां सैकड़ों लोगों की आंखों की जांच की गई और 20 मरीजों को मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

शिविर का आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश आर्य की देखरेख में हुआ, जबकि कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के दंत चिकित्सक डॉ. दुष्यंत गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मरीजों को पोषण किट भी वितरित की गई, जिससे जरूरतमंदों को अतिरिक्त राहत मिली। शिविर में मौजूद नेत्र विशेषज्ञों की टीम, जिसमें डॉ. निकिता अग्रवाल, डॉ. हर्षित शुक्ला, डॉ. सोनल शुक्ला, डॉ. प्रिया, डॉ. पारितोष मिश्रा एवं डॉ. नसीम गाजी शामिल रहे, ने मरीजों की गहन जांच कर आवश्यक परामर्श और उपचार की सलाह दी।

आयोजन को सफल बनाने में विशुनदयाल शुक्ला, आलोक अस्थाना, शिवनारायण, श्रीकांत गुप्ता, विभा गुप्ता और कल्पना गुप्ता सहित कई कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति ने जानकारी दी कि अगला नेत्र शिविर 15 अप्रैल 2026 को नगर कल्याण समिति की धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिल सके।

## जिला चिकित्सालय में निःशुल्क किया गया चश्मा वितरण



**हमीरपुर।** नेत्र विभाग में डा सुरेश द्वारा निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया यह चश्मे उन मरीजो को दिये गये जिनका दिनांक 11 फरवरी को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे इन मरीजों का मोतियाबिंद का निःशुल्क फेको विद व विना चीरा बिना टाका के ऑपरेशन किया गया था ओर निःशुल्क लेस डाला गया था सभी मरीजो को अच्छी रोशनी आई मरीज अच्छी रोशनी पाकर खुश हुये और डा सुरेश को सभी मरीजो ने आशिर्वाद दिया डा सुरेश ने बताया कि हम सेवक है और पूरी जिंदगी सेवा करता रहूंगा और लोगो को गांव गांव जाकर नेत्र शिविरों का आयोजन करता रहूंगा और लोगो का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करता रहूंगा इसके अलावा हम जनता की हर एक मदद करता रहूंगा जब तक जीवन है तब तक सेवा करता रहूंगा नर सेवा ही नारायण सेवा है।

## सपा महिला मोर्चा ने गैस सिलेंडर की कीमतों और गैस संकट को लेकर किया प्रदर्शन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और वितरण व्यवस्था में अव्यवस्था के खिलाफ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर हाथों में तख्तियां, बैनर और खाली गैस सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और गैस वितरण प्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की।प्रदर्शन में शामिल राठ विधानसभा की सपा की पूर्व प्रत्याशी चंद्रवती वर्मा ने सरकार पर निशाना साधते हुये आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार लोगों को पहले आधार कार्ड व बैंक के बाद अब गैस सिलेंडर के लिये हर जगह कतारों में खड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल



बड़े लोगों के हित में काम कर रही है, जबकि पहले मुफ्त सिलेंडर देने का वादा किया गया था, जो अब महंगा हो गया है और लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव ने सरकार की नीतियों पर गंभीर आरोप लगाते हुये कहा कि सरकार की नीतियां जनता पर जबरन थोपी जा रही हैं, जिससे आम लोग परेशान हैं। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर टिप्पणी करते हुए चूड़ियां दिखाई और कहा कि जो पहले चूड़ियां भेंट करती थीं, वे अब जनता की समस्याओं पर चुप हैं।बताते चलें कि जनपद सहित अन्य कई जिलों में इन दिनों गैस वितरण केंद्रों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। विशेषकर ईद के कारण गैस की मांग बढ़ गई है, जिससे स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। लोग तपती धूप में घंटों लाइन में खड़े होकर सिलेंडर का इंतजार कर रहे हैं, जिनमें रोज़ा रखने वाले लोग भी शामिल हैं।हालांकि गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और बेवजह भीड़ न लगाने की अपील की है

## जनपद महोबा-हमीरपुर फसल बीमा घोटाला की एसआईटी जांच की मांग तेज

- केंद्रीय मंत्री से सीमा पटनाहा सिंह को अहम वार्ता में मिला आश्वासन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद महोबा एवं हमीरपुर में हुए बहुचर्चित फसल बीमा घोटाले ने अब राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर स्वरूप धारण कर लिया है। मामले की निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है। इसी क्रम में महोबा निवासी सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी से मुलाकात कर विशेष जांच दल (एस आई टी) के गठन की जोरदार मांग उठाई है। इस महत्वपूर्ण बैठक में सीमा पटनाहा सिंह ने घोटाले



से जुड़े अनेक गंभीर तथ्यों को दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बड़े पैमाने पर सुनियोजित अनियमितताएं की गईं। वन विभाग की भूमि, बंजर क्षेत्र, तालाबों की जमीन तथा यहां तक कि शैक्षणिक संस्थानों की भूमि को भी फर्जी तरीके से कृषि योग्य दर्शाकर बीमा कराया गया और बाद में अवैध रूप से क्लेम निकाले गए। इस पूरे प्रकरण को एक संगठित आर्थिक घोटाला बताते हुए कहा कि इसमें विभिन्न स्तरों पर मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।

**किसानों के अधिकारों पर आघातः** सीमा पटनाहा सिंह ने स्पष्ट किया कि यह मामला केवल वित्तीय अनियमितता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे किसानों के अधिकारों और सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रहार है।उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करना है। लेकिन इस प्रकार के फर्जीवाड़े से वास्तविक लाभार्थी किसान वंचित रह जाते हैं।

**जांच पर सवाल, किसानों में बढ़ता आक्रोशः** जनपद महोबा और हमीरपुर क्षेत्र के किसान लंबे समय से इस मुद्दे को लेकर आंदोलनरत हैं। किसानों का आरोप है कि अब तक की जांच में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है और कार्रवाई महज औपचारिकता तक सीमित रही है। इससे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। स्थानीय असंतोष अब व्यापक जनआक्रोश का रूप लेता जा रहा है।

**जांच में रखी प्रमुख मांगें**

सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष प्रमुख मांगें रखी जिसमें प्रकरण की जांच तत्काल प्रभाव से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीवीआई) अथवा उच्चस्तरीय बहु–सदस्यीय एस आई टी को सौंपी जाए। जांच एजेंसी को सभी अभिलेखों, दस्तावेजों एवं संबंधित व्यक्तियों तक निर्बाध पहुंच एवं आवश्यक कानूनी अधिकार प्रदान किए जाएं। सभी संलिप्त व्यक्तियों—सरकारी अधिकारी, बीमा एजेंट, बीमा कंपनियों के कर्मचारी एवं अन्य सहयोगियों की भूमिका की गहन जांच कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। दोषियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता/भारतीय न्याय संहिता, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 सहित अन्य प्रासंगिक कानूनों की संगीन एवं गैर–जमानती धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए। जांच एवं अभियोजन के लिए समयबद्ध ढांचा निर्धारित किया जाए, ताकि मामले का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण हो सके।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एम.ए.फाइनल वर्ष -2003, अनुक्रमांक-61023 की मार्कशीट कहीं खो गई है। सदानंद चौबे पुत्र अमर शंकर चौबे, निवासी ग्राम-पयागपुर, थाना- पयागपुर, जनपद-बहराइच।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 236646 011 में मेरा नाम मालती देवी पत्नी महादेव यादव अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम गुड़िया अंकित हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या में मेरा नाम गुड़िया अंकित किया जाए। मालती देवी उर्फ गुड़िया पत्नी महादेव यादव ग्राम मस्जिदिया पोस्ट दसौंधी जिला श्रावस्ती, मो.-8052172950

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एल आईसी पॉलिसी संख्या 215 871368 में मेरा नाम मोहम्मद शमीम पुत्र साहबान अली अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम मोहम्मद हनीफ पुत्र साहबान अली लिखा है। यह दोनो नाम मेरे ही है इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या में मेरा नाम मोहम्मद हनीफ अंकित किया जाए। मोहम्मद समीम उर्फ मोहम्मद हनीफ पुत्र साहबान अली ग्राम बेहनपुरवा पोस्ट हुजूरपुर जिला बहराइच, मो.9967424253

# 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया



**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ0प्र0 एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने भूमिजा बहुउद्देशीय हाल खैराबाद में प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद सीतापुर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं व विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुये पात्रों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 09 वर्षों में जनपद सीतापुर में काफी परिवर्तन देखनें को मिला है। आगामी समय में नैमिषारण्य का जो विकास हो रहा है, उससे नैमिषारण्य एक वृहद तीर्थ के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने पिछले 09 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने काफी तरक्की की है तथा हमारी सरकार ने भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की है। वर्तमान सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से मजबूत है, जो अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिये तत्पर है। महिलाएं एवं बच्चियां पूरी तरह से अपने आप को सुरक्षित एवं महफूज महसूस करती हैं। कृषि क्षेत्र में भी हम निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं तथा हमारी सरकार में उ0प्र0 दिन प्रतिदिन तरक्की को ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित के रूप में स्थापित होगा।

विधायक सेवता ज्ञान तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी नारी शक्ति जो विभिन्न रूप में कार्य कर रही है, चाहें वह जिन क्षेत्र की हों, उनके लिये हमारी सरकार निरन्तर कार्यरत है। हमारी सरकार पूरी तरह से गांव, गरीब, किसान आदि की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री जी का जो संकल्प है, उसी संकल्प के तहत हम निरन्तर कार्य कर रहे है। उन्होंने सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर कार्य करना होगा, जिससे हमारा जनपद एवं देश एक विकसित देश के रूप में जाना जाये। उन्होंने गरीबों के उत्थान एवं महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर दिया। उ0प्र0 विकास हेतु बजट एवं योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रभारी मंत्री एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा टी0बी0 मरीजों को पोषण किट, राजस्व विभाग द्वारा घरौनी वितरण, एन0आर0एल0एम0 के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिस्त पत्र, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोजा इफ्तार कार्यक्रम में जुटे सैकड़ों लोग, रमजान के महीना इबादत, क्षमा और एकता का देता है सन्देश



**सिरौली गौसपुर बाराबंकी।** ग्राम पंचायत औरेला में ग्राम प्रधान मुकाम हुसैन द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने शिरकत की।इस अवसर पर प्रधान मुकाम हुसैन ने कहा कि रमजान का यह महीना रोजा रखने और ईश्वर की इबादत करने के साथ-साथ दया, क्षमा और एकता का संदेश भी देता है। उन्होंने बताया कि इस पवित्र महीने में ईश्वर की इबादत से बरकतों की बारिश होती है।कार्यक्रम में आठ वर्षीय कामरान अकमल मलिक ने अपना पहला रोजा रखा और इफ्तार में शामिल हुए। सभी उपस्थित लोगों ने कामरान को मुबारकबाद दी।इस दौरान नियाज प्रधान रामपुर, मकसूद रियाज, मसूद प्रधान सैदनपुर, सद्दाम प्रधान अलीनागर, फ़कीर हसन, अली हसन, अल्ताफ, मो फहीम, मेंहदी हसन, इमाम नईम बक्श, मो सिराज, सलीम, सलमान, शजेब और अदनान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाराबंकी में प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न,नए पदाधिकारियों का मनोनयन

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बाराबंकी के पदाधिकारियों की बैठक जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विकासखंडों के शिक्षकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक के दौरान विकासखंड मसौली एवं हरख में संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय बांसा-2, मसौली में कार्यरत सहायक अध्यापक ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, मसौली का कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं, विकासखंड हरख के कंपोजिट विद्यालय इब्राहिमाबाद की सहायक अध्यापिका अंजना गुप्ता को महिला उपाध्यक्ष तथा प्राथमिक विद्यालय झींझामऊ के सहायक अध्यापक अनूप कुमार यादव को ब्लॉक उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने नव-मनोनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी को निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री नीरज कुमार वर्मा ने भी सभी मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और संगठन तथा शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में विकासखंड हरख के अध्यक्ष रवि कुमार वर्मा तथा मसौली के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से जिला अध्यक्ष को अवगत कराया।

अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षक हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का होली मिलन समारोह संपन्न




**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** सेवानिवृत माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन उप्र के तत्वावधान में शहर के डीएवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होली मिलन समारोह एवं जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र नाथ मिश्र, तथा अति विशिष्ट अतिथि कार्यकारी महामंत्री रमेश चंद्र सिंह, प्रचार मंत्री एमडी मिश्रा एवं लखनऊ के जिला अध्यक्ष के के मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला अध्यक्ष सुरेश चन्द्र बैसवार ने की। समारोह का प्रारम्भ प्रदेश अध्यक्ष एवं का.महामंत्री द्वारा सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके हुआ। जिला के कोने कोने से आए सेनि शिक्षक एवं अतिथिगण उपस्थित रहे। सभी ने आपस में गले मिलकर होली मिली, जिला मंत्री ने सभी के माथे पर अबीर लगाया।इस अवसर पर नींबू लाल गुप्ता, कृष्ण वर्मा तथा अन्य शिक्षकों ने होली गीत/कविताएं प्रस्तुत किये । इस अवसर पर एक कवि समारोह भी आयोजित हुआ जिसमें अनिल श्रीवास्तव लल्लू व्यंग्यकार , गीतकार साहब नारायण शर्मा,ओज कवि दीपक दिवाकर, गीतकार सोहन आजाद , गीतकार सुखद, तथा एम डी मिश्रा आदि कवियों ने सरस्वती वंदना श्रृंगार,ओज, हास्य-व्यंग्य की रचनाएं तथा होली गीत गाकर समां बांधा तथा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य समारोह का संचालन व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू द्वारा किया गया। जिला सम्मेलन में जिला मंत्री श्री के के शर्मा ने अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि संगठन के प्रयास से संगठन से जुड़े लगभग सभी शिक्षकों को नोशनल वेतन-वृद्धि तथा उसके कारण देर ग्रेच्युटी का भुगतान हो चुका है। दिवंगत हुए सेवा निवृत्त शिक्षकों की पत्नियों को पारिवारिक पेंशन दिलाने का कार्य किया जा चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र नाथ मिश्र ने प्रदेश स्तर पर नेशनल वेतन-वृद्धि के कार्य की प्रगति पर प्रकाश डाला तथा पेंशन राशिकरण की वापसी के बारे में उच्च न्यायालय के निर्णय तथा सरकार द्वारा गठित समिति के निर्णयों पर प्रकाश डाला। कार्यकारी महामंत्री रमेश चंद्र सिंह ने सभी जनपदों में संगठन की क्रिया शीलता का को बताया। कहा कि बैसवार ज़ी के नेतृत्व में संगठन मजबूत है और प्रदेश संगठन को भी उनके सुझाव व मार्गदर्शन मिलता है। जिला अध्यक्ष सुरेश चन्द्र बैसवार ने अपने गिरते स्वास्थ्य के कारण जिला की अध्यक्षता किसी अन्य से नि शिक्षक को देने का अनुरोध किया परन्तु उपस्थित सदस्यों ने इसे स्वीकार नहीं किया और उन्हें अधिकार दिया कि वे कार्य कारिणी का गठन करे उसमे कार्यकारी अध्यक्ष व मंत्री नियुक्त कर लें जो आपका सहयोग करें।अंत में दिवंगत पदाधिकारियों व शिक्षकों कौशल प्रसाद शुक्ल, रामदेव सिंह, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा व के डी पांडेय की आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खबरें एक नजर में

### बंद हो रहे रास्ते को खुलवाने के लिए पीड़ित ने लगाई गुहार



**महराजगंज रायबरेली।** नंदकिशोर पुत्र दौलत निवासी गढ़ी पोस्ट पहरेमऊ थाना चन्दापुर जनपद रायबरेली ने चन्दापुर थाना मे लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरे घर के पास बंजर भूमि है जिसमें गंगा चरन पुत्र गुरुदीन गंगा राम पुत्र गुरुदीन राकेश पुत्र ननकऊ रामधनी पुत्र राम आसरे ने रास्ता अवरूद्ध कर दिया है और बासं बल्ली व तार कांटा लगा दिया जबकि लोगों के शौचालय बने हैं और जानवर बांधे जाते थे विपक्षी द्वारा रास्ता बंद कर दिया गया तथा राजस्व टीम व पुलिस उचित जांच करने की गुहार लगाई।

### ट्राई साइकिल, कान की मशीन व स्मार्ट केन पाकर खिले दिव्यांगजनो के चेहरे



**रायबरेली।** निवर्तमान ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह व खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने प्रदान किए दिव्यांगों को उपकरण दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम महराजगंज रायबरेली ब्लॉक परिसर महराजगंज मे दिव्यांगों को बांटे गए उपकरण। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा महराजगंज ब्लॉक में निवर्तमान ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह व खंड विकास अधिकारी वर्षा के द्वारा दिव्यांगों को ट्राई साईकिल स्मार्ट केन कान की मशीन प्रदान की गई निवर्तमान ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि दिव्यांग जनों को सरकार द्वारा जो भी दिया जा रहा है उससे उनको बहुत सहूलियत मिलेगी और उनके जीवन को आसान बनाएगी। खंड विकास क्षेत्र के अतरेहटा दौतरा हलोर कुबना नारायनपुर पारा खुर्द टीसाखानापुर टूंक गांव के दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल कान की मशीन स्मार्ट केन प्रदान की गई ।इस मौके पर समाज कल्याण अजय पटेल दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शशी चौधरी वरिष्ठ सहायक अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में लापरवाही, खराब प्रगति पर अधिकारियों का वेतन रोका



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा माह फरवरी के मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा में जनपद की विभिन्न योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। डीएम एवं सीडीओ के निर्देशानुसार कम प्रगति बी, सी एवं डी ग्रेड प्राप्त करने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माह मार्च का वेतन अवरुद्ध किया गया है, जिससे विभागीय कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए उनसे तत्काल स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें प्रवीणा शुक्ला उपयुक्त स्वरोजगार, ऐश्वर्य यादव परियोजना निदेशक, मनोज त्यागी जिला पंचायत राज अधिकारी, संतोष कुमार श्रीवास्तव जिला कार्यक्रम अधिकारी, शैलेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड, अभय कुमार सुमन उपयुक्त उद्योग, संदीप कुमार अधिशासी अभियंता पी.के. सिंह अधिशासी अभियंता , सतेंद्र विशेन सिंह (परियोजना प्रबंधक , मनोज कुमार शर्मा अधिशासी अभियंता , मनोज कुमार अधिशासी अभियंता आवास विकास, हरिओम श्रीवास्तव अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जगपाल वर्मा अधीक्षण अभियंता एवं उमेश कुमार अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-2 शामिल हैं।

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से कहा कि जनपद में संचालित सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम एवं सीडीओ ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी तत्काल कार्यों में सुधार लाते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें, अन्यथा भविष्य में और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सांसद की प्रेरणा से शुरू हुआ तीन दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** लोकप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा की प्रेरणा से आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का शुभारंभ बुधवार को जनसेवा की भावना के साथ किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु लगभग 257 सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें ट्राई साइकिल, श्रवण यंत्र तथा कृत्रिम हाथ-पैर प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने सांसद किशोरी लाल शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल न केवल दिव्यांगजनों के जीवन में नई आशा का संचार करेगी, बल्कि समाज में समावेशी सोच को भी सशक्त बनाएगी। चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकतानुसार उपकरण उपलब्ध कराए गए। यह शिविर गांधी-नेहरू परिवार की सेवा, समर्पण और मानवता की उस गौरवशाली परंपरा को भी आगे बढ़ाता है, जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक अन्तर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा बढ़ते अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ''ऑपरेशन चक्रव्यूह'' अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना जगदीशपुर में वांछित अभियुक्त मुसर्रफ उर्फ ननकू पुत्र सत्तार निवासी मोहल्ला लोहिया वार्ड मदीना मस्जिद कस्बा व थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद लखनऊ व अमेठी में चोरी, जालसाजी व धोखाधड़ी आदि विभिन्न धाराओं में कुल 9 अभियोग पंजीकृत हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़, विकासखंड गोंदलामऊ, सीतापुर

पत्रांक / निविदा                                        दिनांक 18-03-2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/14वां वित्त/राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्नलिखित कार्यों हेतु रजिस्टर्ड फर्मों एवं विक्रेताओं से उच्च कोटि की गुणवत्तायुक्त सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति करने हेतु सील बंद निविदाएं दिनांक 22-03- 2026 को 12:15 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जमा की जाएगी। उसी दिन अपरान्ह 4:15 बजे निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अशोक के मकान से रामफल के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 1,08,689/- | 2,200/- | 500/- |

**निविदा की शर्तें:-**

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री संबंधित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में....निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

पिंकी देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामगढ़

प्रदीप कुमार
ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत रामगढ़


# प्रधान परिवार पर भुगतान, जांच में सिद्ध निकला आरोप, डीपीआरओ ने नहीं की कार्रवाई



**सीतापुर।** सीतापुर जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर के द्वारा लगातार सरकार की मनसा को लेकर कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं और भ्रष्टाचारों पर कार्यवाही भी कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ जिला पंचायत अधिकारी निरीश चंद्र साहू के द्वारा सरकार और जिलाधिकारी को चुनौती देते हुए अपनी मनमानी कर रहे हैं जहां ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच टीम गठित की थी जांच टीम के द्वारा निष्पक्ष जांच करते हुए कार्यवाही के लिए पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को सौंप दी गई थी, परंतु जिला पंचायत राज अधिकारी फाइल को दबाते हुए अपनी मनमानी कर रहे हैं क्या इस मामले पर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे लोगों पर कार्यवाही कब होगी ? बताते चलें विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम प्रधान की सगी बहन के नाम की फर्म मानवी कॉस्ट्रक्शन पर रू0 1839546-00 का हस्तान्तरण कर किया दुरूपयोग । राजकुमार सिंह पुत्र प्रेम प्रकाश सिंह एवं मोहित सिंह पुत्र सन्तोष सिंह निवासी ग्राम पहाड़ापुर पो0 भिठौरा तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर द्वारा नोटरी सत्यापित शिकायत दिनांक 13-09-2025 को जिलाधिकारी सीतापुर से की गयी थी जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सरकार के आदेश के बाद भी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की सगी बहन और प्रधान प्रतिनिधि की पत्नी के नाम फर्जी फर्म बनाकर मानवी कान्स्ट्रक्शन का करेन्ट खाता खोलकर धन का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया गया था। जिलाधिकारी द्वारा इसकी जॉच जिला कीड़ाधिकारी सीतापुर से कराने पर आरोप सही पाया गया। जिला पंचायतराज अधिकारी सीतापुर द्वारा जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर के स्तर से ग्राम प्रधान करन कुमार सिंह को पत्रांक 8553 दिनांक 26-11-2025 द्वारा कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जोन-3, अलीगंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-2006/ई.ई.-3/एल0जे0एस0/2025-26                                        दिनांक- 18.03.2026

**अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 25.03.2026 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 25.03.2026 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 25.03.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying & jointing of 150 mm dia PVC pipe line 350 mtr from St. Merry to H.No. 4/1126, Sec-J, Jankipuram Colony, Lko. | 7500.00 | Rs. 400+18% GST=472 | 07 दिवस |
| 2. | Laying & jointing of 110 mm dia PVC pipe line 300 mtr (from H.No. 1/209 to H. No. 1/237 110 mtr & from 1/035 to 1/49 70 mtr & from H.No. 1/57 to 1/70 50 mtr and H.No. 1/183 to 1/104 70 mtr) at Sec-J, Jankipuram Colony, Lko. | 6300.00 | Rs. 350+18% GST=413 | 07 दिवस |
| 3. | Laying & jointing of 110 mm dia PVC pipe line 400 mtr (from H.No. 1/305 to 1/310 50 mtr & from H.No.1/405 to 1/415 80 mtr & 1/469 to 1/475 50 mtr and from H.No. 1/495 to 1/501 65 mtr) and H.No. 1/901 to 1/929 155 mtr) at Sec-J, Jankipuram Colony, Lko. | 7100.00 | Rs. 400+18% GST=472 | 07 दिवस |
| 4. | Laying & jointing of 110 mm dia PVC pipe line 390 mtr from H.No. 3/88 to H.No. 3/259, Sec-J, Jankipuram Colony, Lko. | 7000.00 | Rs. 350+18% GST=413 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम**
**लखनऊ**

# भाजपा कार्यकर्ताओं की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ कन्नौज।**

नगर के बीच स्थित गोविंद गेस्ट हाउस में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत छिबरामऊ नगर, छिबरामऊ देहात एवं प्रेमपुर मंडलों की दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला का समापन हो गया। पहले दिन पंजीकरण के उपरांत 7 सत्रों में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम सत्र में इतिहास और विकास, कार्य पद्धति वैचारिक अनुष्ठान, बूथ प्रबंधन, कार्य विस्तार ,सोशल मीडिया और सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यशाला में प्रदेश से तय विषयों पर जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय, जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी, श्यामू राजपूत ने अलग-अलग सत्रों में वक्ता के रूप में विषय को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। कार्यकर्ताओं ने रात्रि में प्रवास कर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एक दूसरे के साथ मिलकर वर्ग का पूर्ण आनंद लिया।



संपूर्ण वर्ग में मंडल अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, मण्डल अध्यक्ष आदित्य राजपूत, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, रामानंद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल, राम प्रकाश वर्मा, विश्वनाथ तिवारी, अध्यक्ष सहकारी समिति देव प्रकाश पालीवाल, अध्यक्ष सहकारी समिति मुनीष मिश्रा, सूर्यकांत दीक्षित, जितेंद्र राजपूत, अजय श्रीवास, सुधीर कुमार दुबे, अरुण द्विवेदी, रेखा त्रिपाठी, संध्या त्रिपाठी, मंजू वर्मा, श्यामू चौहान व विजय वर्मा सहित 214 कार्यकर्ताओं ने दो दिवसीय वर्ग में भाग लिया।

# न्यू लाइफ हॉस्पिटल में सड़क दुर्घटना पीड़ितों का होगा मुफ्त इलाज

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर है। अब सड़क दुर्घटना की स्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है। नगर के सौ शैया अस्पताल रोड स्थित न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर ने मानवता की सेवा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम राहत स्कीम के तहत दुर्घटना पीड़ितों को मुफ्त इलाज की सुविधा शुरू की है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार किसी भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को बिना किसी अग्रिम भुगतान के तत्काल भर्ती कर उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।




अस्पताल का मुख्य उद्देश्य मरीज की जान बचाना है, न कि इलाज के खर्च को लेकर परिवार को परेशान करना। न्यू लाइफ हॉस्पिटल में लखनऊ के अनुभवी डॉक्टरों की टीम 24 घंटे तैनात रहती है। इसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज वर्मा, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.आलोक मौर्य, सर्जन डॉ.इमरान अली और महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.मीनल टंडन शामिल हैं। अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर, आईसीयू, एचडीयू, वेंटिलेटर, बाई-पैप और ऑक्सीजन बैकअप जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही दूरबीन विधि से सफल ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं।

आपातकालीन स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 8175995870 और 8299823828 पर संपर्क किया जा सकता है।

## अल्लाह की इबादत का महीना है रमजान : मो. दाऊद



**छिबरामऊ, कन्नौज)।** अधिवक्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी मो. दाऊद ने पवित्र महीने रमजान और रोजे की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान मुसलमानों के लिए अल्लाह की इबादत, आत्म-संयम और नेकी का विशेष महीना है। उन्होंने कहा रमजान के पवित्र माह में रोजा रखना न केवल भूख-प्यास सहन करने की परीक्षा है, बल्कि यह दिल की सफाई, दूसरों के दर्द को समझने और गरीबों-जरूरतमंदों की मदद करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि रोजेदार अल्लाह के हुक्म पर सुबह से शाम तक भूख-प्यास बर्दाश्त करते हैं।

# नवरात्रि में भारतीय नववर्ष पर होगी शक्ति की सामूहिक साधना

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि में भारतीय नववर्ष पर शक्ति की सामूहिक की जाएगी।

उन्होंने कहा सनातन धर्म में नया वर्ष चैत्र प्रतिपदा से प्रारंभ होता है जिसमें सभी सनातन धर्मी देवी की आराधना, पूजा पाठ, चालीसा, आरती, कलश स्थापना द्वारा सनातन नव वर्ष मानते हैं। 19 मार्च गुरुवार से छयवती प्रतिपदा में नया संवत्सर वर्ष 2083 वासंतिक नवरात्र प्रारंभ हो जाएगा। कलश स्थापना 6:40 के बाद किसी भी समय की जा सकती है। सभी सनातनी अपने घर पर नया ध्वजारोहण करें। नवदुर्गा की पूजा भी आज से ही प्रारंभ की जाती है। इस वर्ष राजा गुरु तथा मंत्री मंगल है अतः भारत में केंद्र सत्ता तथा राज्यों के मध्य विवाद बना रह सकता है।



देश में कृषि सुधार हेतु विशेष कानून पारित होंगे। सीमा पर सैनिक कार्यवाही हो सकती है। पूर्वी क्षेत्र में प्राकृतिक प्रकोप से जनधन की क्षति तथा दक्षिण भाग में समुद्री आपदा हो सकता है। विश्व कल्याण हेतु नगर के शक्तिपीठ गमादेवी में नवरात्रि भर सामूहिक रूप से भगवती की साधना होगी। प्रातः जागरण 4 बजे, प्रातः आरती 5:30, दोपहर शयन 12 बजे, सायं जागरण 4 बजे, साय आरती 5:30 तथा रात्रि शयन 10 बजे होगा। शक्तिपीठ के पुजारी ने नगर के सभी श्रद्धालु जनों को आधिकाधिक संख्या में सामूहिक साधना संध्या आरती में सम्मिलित होने की अपील की है।

## तहसील रोड पर जलभराव से निजात दिलाने की मांग

### विधायक को सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील से कैरदा मार्ग के बीच तहसील के पश्चिमी गेट पर गंदे पानी से भीषण जलभराव की समस्या के समाधान की मांग को लेकर स्थानीय अधिवक्ताओं ने विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि इस मार्ग पर बस्ती से निकलने वाला गंदा पानी भर जाने से रास्ता अवरुद्ध हो गया है। यह एकमात्र मार्ग है, जिससे अधिवक्ता, वादकारी, आमजन, श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर, प्राइमरी एवं मॉन्टेसरी स्कूल, गेस्ट हाउस, प्रशासनिक-न्यायिक अधिकारी, तहसील कर्मचारी, वार्डवासी तथा क्षेत्रवासी आते-जाते हैं। जलभराव के कारण वाहन छींटे मारते हैं, लोग गिरकर चोटिल होते हैं तथा दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। गंदे पानी से बीमारियों का भी भय है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि यहां नाला निर्माण कराकर उचित सड़क बनवाई जाए ताकि आमजन को सहूलियत मिल सके। इस मौके पर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव दुबे, पूर्व महासचिव सुशील पांडेय, अधिवक्ता रूपेश दुबे, मोनू शुक्ला, पिंकू दीक्षित सहित अन्य मौजूद रहे।

## एलपीजी गैस की किल्लत से लोग बेहाल, सिलेंडर के लिए लग रही लंबी कतारें

**गुरसहायगंज/कन्नौज।** नगर मे इन दिनों एलपीजी गैस की किल्लत ने आम जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं। गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, लेकिन इसके बावजूद कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। समय पर गैस सिलेंडर न मिलने से घरों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तिर्वा रोड और जीटी रोड क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गैस की आपूर्ति अनियमित चल रही है। बुकिंग के बाद भी सिलेंडर समय पर नहीं पहुंच रहा, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। खासकर महिलाओं को रसोई संभालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों को मजबूरन लकड़ी, कोयला या अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और



श्रम दोनों अधिक लग रहे हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि गैस एजेंसी पर बार-बार चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। इससे लोगों में असंतोष का माहौल बना हुआ है।

गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि सप्लाई में देरी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। उनका दावा है कि जैसे ही गैस की नियमित आपूर्ति शुरू होगी, स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी और सभी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। इस बीच स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो उनकी दैनिक दिनचर्या और अधिक प्रभावित हो सकती है।

## खबरें एक नजर में

### थ्रेसर से युवक का हाथ कटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद जनपद के जहानगंज थानांतर्गत ग्राम बेहटा राजेपुर टप्पा मंडल निवासी हिमांशू राजपूत पुत्र धर्मेंद्र सिंह अपने चचेरे भाई पवन कुमार राजपूत के खेत में थ्रेसर से सरसों कटवाने गया था। वहां थ्रेसर से सरसों कटवाते समय अचानक उसका हाथ फिसल गया, जो थ्रेसर के अंदर चला गया, जिससे उसका कलाई से हाथ कट गया। परिजन उसे आनन-फानन में सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टर ने मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया।

### विद्युत चोरी सलिप्त आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज कन्नौज।** रामाश्रम विद्युत उपकेंद्र के विद्युत अधिकारियों का



कर्मचारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत चोरी व अनियमिताओं के विरुद्ध अभियान चलाया तथा विद्युत चोरी में संयुक्त व्यक्तियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। बुधवार को रामाश्रम विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अनिल राम की अगुवाई में विद्युत चोरी रोको अभियान के तहत शिकायत के आधार पर रामाश्रम,मलिकपुर,लालपुर आदि क्षेत्रों में विद्युत चोरी व अनियमितताओ के विरुद्ध उपभोक्ता चेकिंग रिपोर्ट भरकर खंड कार्यालय में राजस्व निर्धारण हेतु प्रेषित किया गया है तथा विद्युत चोरी में सलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अवर अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील है कि विद्युत चोरी ना करें यदि परिसर पर विद्युत संयोजन नहीं है तो शीघ्र ही विद्युत संयोजन ले लें तथा जो बकायदार उपभोक्ता हैं अपना नियमित रूप से बिल जमा करें। ऐसे उपभोक्ता जो विद्युत बिल राहत योजना में अपना पंजीकरण कराए हैं तथा पूर्ण रूप से अपना शेष धनराशि जमा नहीं किए हैं वह अपना संपूर्ण बिल 31 मार्च 2026 से पहले जमा कर लें अन्यथा छूट की धनराशि पुनःबिल में जुड़ जाएगा जिससे उपभोक्ताओं को छुट का लाभ मिल पाना संभव नहीं होगा।

### कृषि भवन में किसान दिवस आयोजित

**कन्नौज।** चौधरी चरण सिंह सभागार, कृषि भवन में उप कृषि निदेशक संतोष कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक और करीब 50 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। उद्देश्य किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान और आधुनिक खेती की जानकारी देना रहा। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक डॉ. अमरेन्द्र यादव ने रबी फसलों में संतुलित उर्वरक प्रयोग, कीट-रोग नियंत्रण व जल प्रबंधन पर जानकारी दी। आलू के कम दाम को देखते हुए उन्होंने बहुफसली खेती अपनाने और मूंग की खेती बढ़ाने की सलाह दी।

जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई पर 80-90% अनुदान की जानकारी दी। किसान यूनियन जिलाध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह ने आलू के उचित मूल्य व कोल्ड स्टोरेज शुल्क का मुद्दा उठाया। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्युत आपूर्ति, सिंचाई व फसल विविधीकरण पर भी चर्चा हुई। अंत में किसानों को योजनाओं का लाभ लेने व फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया गया।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला चौधरियान में पति से विवाद के चलते महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन उसे आनन-फानन में सौ शैया अस्पताल ले गए। वहां उसका उपचार जारी है। मोहल्ला चौधरियान गौशाला के पास रहने वाले फरीद की पत्नी रोशनी (23) ने मंगलवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ते देख परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोगों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस बात से क्षुब्ध होकर रोशनी ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

## ईओ दिव्या गुप्ता ने निर्माण कार्यों और ईदगाहों का निरीक्षण किया



- **खामियां मिलने पर ठेकेदार को फटकारा, सफाई के दिए निर्देश**

**समधन, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी (ईओ) दिव्या गुप्ता ने बुधवार को नगर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो में खामियां मिली जिस पर उन्होंने ठेकेदार को फटकार लगाई साथ ही ईद के त्योहार के मद्देनजर ईदगाहों की साफ-सफाई के लिए कड़े निर्देश दिए। ईओ दिव्या गुप्ता ने सबसे पहले मोहल्ला लोहिया नगर रिहुआ में बन रहे सीसी नाले का निरीक्षण किया यहां घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर उन्होंने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई और कार्य संतोषजनक न होने पर बिल कटौती की चेतावनी दी। इसके बाद उन्होंने मोहल्ला गोरी नवादा में जैनुद्दीन के मकान से लालू के ट्यूबवेल तक बन रही सीसी सड़क और नाले का भी जायजा लिया यहां खराब ईंटों के प्रयोग पर उन्होंने तत्काल सही कार्य करने और जल्द से जल्द निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके उपरांत, ईद के त्योहार को देखते हुए ईओ दिव्या गुप्ता और नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम के पुत्र व प्रतिनिधि अयान हुसैन सिद्दीकी ने दारा सराय,गोरी नवादा और पछाई तरफ स्थित ईदगाहों की साफ-सफाई का निरीक्षण किया उन्होंने सफाई नायक नरेश कुमार को सख्त निर्देश दिए कि ईद की नमाज़ के समय कर्मचारियों को वर्दी में डियूटी पर लगाया जाए और किसी भी कीमत पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस अवसर पर नगर पंचायत कर्मी व सफाई नायक मौजूद रहे।

## गाय को घोषित किया जाए राष्ट्रमाता



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** पंडित कन्हैयालाल पांडे मार्केट पर गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की। आगामी 27 अप्रैल को पूरे देश में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए सभी 28 राज्यों एवं 8 केंद्र शासित प्रदेशों की 5410 तहसीलों में राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम सार्वजनिक ज्ञापन दिया जाएगा। इस अवसर पर एक टोल फ्री नंबर 9067777323 पर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करवाने के लिए मिस कॉल करने हेतु भी प्रेरित किया गया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य डॉक्टर रजनीश दुबे, रामकिशोर दुबे, अमन मिश्रा, अभिषेक पांडे, बाबा सीताराम समेत तमाम सनातनी बंधु मौजूद रहे।

# पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया शिवम वर्मा का स्वागत



**गुरसहायगंज कन्नौज।**

शासकीय सभासद के रूप में शिवम राज वर्मा को शासन द्वारा मनोनीत किया गया है यह नियुक्ति नगर के युवा प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के तहत की गई है पालिका बोर्ड में युवाओं के आने से विकास में नई गति प्रदान हो सकेगी। यह बात नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कही नगर के रेलवे रोड स्थित आवाज पर आयोजित शासकीय सभासद शिवम राज वर्मा के स्वागत समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को विकास की डोर सौंप है जिससे लगातार नगर सभी क्षेत्रों का विकास तेजी से किया जा रहा है शिवम राज वर्मा का साफ शासकीय सभासद बना गुरसहायगंज में युवा भागीदारी का प्रतीक माना जा रहा है एक ऐसी आवाज है जो जमीन से उठकर नीति टेबल तक पहुंच रही है शासकीय सभासद शिवम राज वर्मा को नगर के युवा सोशल मीडिया पर बधाई संदेश भी दे रहे हैं इससे पहले पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने शासकीय सभासद शिवम राज वर्मा को फूल मालाओं से लात्कार उनका भव्य स्वागत किया इस मौके पर शासकीय सभासद शिवम राज वर्मा ने कहा कि सरकार ने जो दायित्व सभासद उसकी ईमानदारी व लगन के साथ निर्वाह करूंगा पालिका अध्यक्ष के कंधे से कंधे मिलाकर विकास के कार्यो में अपना सहयोग प्रदान करूंगा सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने का काम प्रमुखता से किया जाएगा इसके अलावा नगर के गरीब लाचार वर्ग के लोगों को भी नगर पालिका परिषद कार्यालय से मिलने वाले सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का भी इमानदारी से काम किया जाएगा।

इस मौके पर शासकीय सभासद चंदन चौरसिया राकेश कुशवाहा मुरारी कठेरिया किरण दुबे शासकीय सभासद मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पहली किश्त वितरित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के पात्र लाभार्थियों को पहली किश्त का वितरण किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने पात्र महिला लाभार्थियों को प्रमाणपत्र सौंपे और उन्हें बधाई दी। लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था, क्योंकि उनका पक्का घर बनाने का सपना अब साकार होने की ओर बढ़ रहा है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की यह जनकल्याणकारी योजना बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम छोर तक पहुंच रही है। इससे गरीब एवं



जरूरतमंद परिवारों का जीवन स्तर लगातार सुधर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट लक्ष्य हर पात्र परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है।

इसी संकल्प के साथ विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र में गरीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है।

## यूपी के 9 साल: विकास, सुशासन और पारदर्शिता के बने नए आयाम : असीम अरुण

**कन्नौज।** समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने रितुकला गांव में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास, सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में गरीबी उन्मूलन, मजबूत बुनियादी ढांचे, हाईवे-एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट जैसी परियोजनाओं के जरिए तेज प्रगति हुई है। कानून व्यवस्था में सुधार से निवेश और रोजगार के नए अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

## राष्ट्रीय पक्षी मोर को शिकार के लिए ले जा रहे बाइक सवार चोर की भीड़ ने की पिटाई

**कन्नौज।** राष्ट्रीय पक्षी मोर को पकड़ने के बाद झोले में डालकर ले जा रहे एक बाइक सवार शिकारी युवक की भागते समय लोगों ने पिटाई कर दी। मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद शिकारी युवक की तलाश शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार की दोपहर कन्नौज के नगर कोटि काशीराम कालोनी के निकट से एक बाइक सवार युवक ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को पकड़ने के बाद अपने पास मौजूद झोले में डाल लिया और हाजीगंज मोहल्ले से जलालपुर पनवारा मार्क की ओर जाने वाली सड़क मार्ग से भगाने लगा। इस मार्ग पर बाग बगीचों के अलावा अधिकतर सन्नाटा रहता है।

# जुड़वां बहनों ने नवोदय परीक्षा में मारी बाजी, बीईओ ने किया सम्मानित

- **प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम की एक छात्रा और तहसीपुर ठठिया की दो जुड़वा बहनें प्रवेश परीक्षा में चयनित**

**ज़लालाबाद, (कन्नौज) समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम की छात्रा सुहानी कमल और प्राथमिक विद्यालय तहसीपुर ठठिया की छात्राएं जुड़वां बहन आयुषी और आरूषी ने कड़ी मेहनत के बल पर जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026-27 में सफलता हासिल कर




क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए चयन होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने छात्राओं को फूल माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय स्टाफ की सराहना की और अन्य छात्रों को भी प्रेरित करने पर जोर दिया। जसपुरापुर सरैया प्रथम की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने बताया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय में नवोदय, विद्याज्ञान और सर्वोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी कराई जाती है। बताया कि सुहानी का चयन विद्याज्ञान परीक्षा-2026 में भी हुआ है, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। विद्यालय परिवार ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान प्रधानाध्यापक संजय कुमार, सहायक अध्यापिका सम्भवी मिश्र, एनपीआरसी डी.एस.चौहान, संकुल प्रभारी कोतवाल सिंह, लोकेंद्र शाक्य, सौरभ द्विवेदी सहित अभिभावक रहे।

# पीएमश्री विद्यालय गुगरापुर के छात्रों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में लहराया परचम

- **छात्र सफल सिंह ने जिले में प्रथम स्थान, जबकि मोहित ने 36वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** पीएमश्री उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया है। कक्षा-8 के छात्र सफल सिंह ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जबकि मोहित ने 36वीं रैंक प्राप्त




की। विद्यालय में दोनों छात्रों की इस सफलता पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षकों ने माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके कठिन परिश्रम और लगन की सराहना की। नोडल शिक्षक संकुल रामकिशोर सिंह सहित शिक्षक नीरज कुमार यादव, नेहा आदर्श, ऋषि कुमार, लोकेश कुमार, अनिल कुमार, अनामिका पांडेय, सुदेश कुमार और अभय कुमार उपस्थित रहे। शिक्षकों ने कहा कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि विद्यालय के छात्र इस प्रकार की उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं।

# चैत्र नवरात्रि की तैयारियां पूर्ण, सज गये मां के दरबार, नवरात्रे आज से

- मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री की दुकानें सज गयी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चैत्र नवदुर्गा का प्रारम्भ भारतीय नववर्ष प्रतिपदा 19 मार्च से होगा। नवदुर्गा की पूर्व संध्या पर जहां नगर में किराने की दुकानों पर पूजा सामग्री की बिक्री होती रही, वहीं नवदुर्गा की पूर्व संध्या पर मंदिरों में भव्य सजावट की गयी। उधर, मिशन अस्पताल के बाहर भगवती दुर्गा की मूर्तियों की बिक्री होती रही। बाजारों में माता के परिधानों की दुकानों पर बिक्री का दौर देखा गया। मिट्टी के कलश, नारियल आदि की भी जमकर बिक्री हुई। वहीं मंदिरों के बाहर भी पूजा सामग्री की दुकानों को सजाया गया। जिन पर महिलाओं ने जमकर खरीददारी की।


बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर के बाहर सजी पूजा सामग्री की दुकानें

अपराकाशी के नाम से विख्यात नगरीय फर्रुखाबाद में मंदिरों की बहुतायत है। मंदिरों के नजरिये से ही इसे अपराकाशी का नाम दिया गया है बड़ी तादात में मंदिर हैं। जिसमें प्रमुख देवी मंदिरों में पूजा की तैयारियां देर शाम तक होती रहीं। पल्ला मठिया के नाम से प्रसिद्ध फूलमती देवी मंदिर, ऐतिहासिक गुरगांव देवी मंदिर, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णो देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, फतेहगढ़ स्थित कालीवाड़ी मंदिर व सैन्य क्षेत्र में स्थित मां दुर्गा के मंदिर में तैयारियों का दौर चलता रहा। शाम को मंदिर भव्य तरीके से सजाये गये। भोलेपुर स्थित मां वैष्णों मंदिर तथा बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर तथा ऐतिहासिक गुरगांव देवी मंदिर के बाहर पूजा सामग्री की दुकानें सजायी गयीं। जिस पर मां की चुनरी, नारियल, फूल आदि की महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। घर में घट स्थापना की तैयारियां चलती रहीं। रविवार से नवदुर्गा अनुष्ठान शुरु हो जायेगा। जिसमें नौ दिन भक्त व्रत रखकर मां दुर्गा की आराधना करेंगे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स भी तैनात रहेगा।

## नवनिर्मित मंदिर पर श्रद्धालुओं ने चढ़ाया झंडा, हुआ विशाल भंडारा



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव पुठरी रावत पट्टी में बने ऐतिहासिक मंदिर के निकट श्रद्धालुओं ने गांव में डीजे गाजे बाजे के साथ यात्रा निकाली और नय झण्डा चढ़ाया, साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें गांव रावत पट्टी, पुठरी, आसलपुर, ब्रह्मपुर आदि आसपास के गांव में लोगों ने रावत पट्टी के मंदिर पर भंडारे के आयोजन में खूब प्रसाद चखा। उसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने ट्रैक्टर में भरकर गांव पुठरी शिव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया। वहां चल रहे मेले में लोगों ने खूब प्रसाद चखा। इस अवसर पर मंदिर के निर्माता स्वामी अमित कुमार, रेनू गौड़, पूनम गौड़, विजय सिंह, अनिरुद्ध सिंह, अनिकेत सिंह, आशु गौर आदि भक्तगण मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालयों में स□पन्न करायी गई वार्षिक परीक्षायें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय में पारदर्शी तरीके से शिक्षकों ने वार्षिक परीक्षा संपन्न कराई।



कस्बा नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय में शासनादेश द्वारा कराई जा रही छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा शिक्षकों ने संपन्न कराई। जिसमें पूरे विद्यालय के अलग-अलग कक्ष में कक्षा 5, कक्षा 4, कक्षा 3, कक्षा 2 के समस्त छात्र-छात्राओं की परीक्षा संपन्न कराई गई। जिसमें प्राथमिक विद्यालय केंद्र के प्रधानाध्यापक संजीव रंजन के निर्देशानुसार समस्त शिक्षकों ने अपने-अपने कक्षों में छात्र-छात्राओं की पारदर्शी तरीके से परीक्षा संपन्न कराई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य, वसीम अख्तर तथा समस्त महिला शिक्षाएं परीक्षा में मौजूद रही।

## सियार के हमले में घायल बच्ची की उपचार के दौरान मौत



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सियार के हमले से घायल सात वर्षी बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव लालपुर पट्टी निवासी राधिका उम्र 7 वर्षीय पुत्री प्रवेश 2 मार्च को खेत पर गई थी। उसके पिता तम्बाकू की फसल में सिंचाई कर रहे थे, तभी अचानक सियार ने राधिका पर हमला कर घायल कर दिया था। जिससे वह गम्भीर घायल हो गई।

## 3 स्लीपर बस सीज, एक की आरसी निलम्बित पाई गई


पकड़ी गयी बस की जानकारी देते परिवहन अधिकारी

- ओवरलोड माल ढोने के अभियोग में 3 ट्रक सीज
- 2.82 लाख का लगाया गया जुर्माना
- बकाया कर के अभियोग में 3 ट्रक सीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान तीन स्लीपर बसें सीज की गई तथा इनमें से एक स्लीपर बस बरेली से आ रही थी। जब उसके प्रपत्र चेक किये गये तो पाया गया कि राजस्थान राज्य में उसका पंजीयन निलम्बित था। बस पर रू0 93 हजार का जुर्माना लगाया गया तथा बस को रोडवेज बस अड्डा में सीज किया गया। एक अन्य बस पर बिना परमिट संचालित पाये जाने पर रू0 58 हजार का जुर्माना लगाया गया तथा बस को रोडवेज बस अड्डा में सीज किया गया। एक अन्य बस पर रू0 16 हजार का जुर्माना लगाया गया तथा बस को रोडवेज बस अड्डा में सीज किया गया। ओवरलोड माल ढोते हुये 3 ट्रक सीज किये गये व उन पर रू0 1.15 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त बकाया कर के अभियोग में 3 ट्रक सीज किये गये, जिन पर रू0 1.55 हजार का कर बकाया था। भविष्य में भी नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों पर दोष सिद्ध, 23 मार्च को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुष्कर्म के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त राजकुमार पुत्र पेशकर, बब्लू पुत्र रक्षपाल निवासीगण रमपुरा मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 23 मार्च की तिथि नियत है। बीते नौ वर्ष पूर्व थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी पुत्री 17 वर्षीय 15 जनवरी 2017 को समय करीब सात बजे शाम को घर से खेत में शौचक्रिया करने गई थी। गांव के किनारे राजकुमार, बब्लू ने आकर मेरी पुत्री को पकड़ कर जबरन कपड़े उतराने लगे।

## पूर्व विधायक के घर हुए विस्फोट में डीआईजी ने पहुंचकर लिया जायजा

- आरोपीगण नहीं कर रहे जांच में सहयोग : एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व विधायक विजय सिंह के मोहल्ला नाला मछरट्टा थाना कोतवाली फर्रुखाबाद स्थित आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में आवास के बेसमेंट में ब्लास्ट हो गया था। ब्लास्ट के कारण मकान का निचला हिस्सा व रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया है। बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर हरीश चन्दर, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रकरण की गहनता से जाँच के लिए बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड ( बीडीडीएस), एटीएस, डॉग स्क्वॉड व फॉरेन्सिक टीमों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए साक्ष्य एकत्रित किए गए। इस दौरान उच्चाधिकारीगणों द्वारा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


घटना स्थल का निरीक्षण करते डीआईजी जांच करती डॉग स्क्वॉड टीम

बुधवार को कानपुर परिक्षेत्र के डीआईजी हरीश चन्दर ने बम विस्फोट मामले की गहन जांच की। उन्होंने मौके पर काफी देर तक निरीक्षण किया और जांच में जुटी टीमों से आवश्यक जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी हरीश चंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को दोबारा बुलाया गया है। बीटीएस के साथ-साथ कानपुर की बीवीपीएम और एटीएस की टीमें भी इस विस्फोट की जांच में जुटी हुई हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विस्फोट घर के अंदर ही हुआ था, जिसके कुछ साक्ष्य सीसीटीवी में भी मिले हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि घटना के बाद आरोपितों ने न तो 112 पुलिस को सूचना दी और न ही कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है। सभी टीमों की रिपोर्ट और सेंपलिंग के नतीजे आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि विस्फोट किस केमिकल के कारण हुआ। इस दौरान कायमगंज के दोहरे हत्याकांड को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में सुराग मिल चुके हैं और जल्द ही खुलासा किया जाएगा। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है और पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर प्रथम दृष्ट्या विस्फोट घर के अन्दर से ही होना प्रतीत हुआ है, घर में रखा गैस सिलेण्डर सुरक्षित

## खबरें एक नजर में

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल, महिला का पैर टूटा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। जिनमें एक महिला का पैर टूट गया। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगला बरी निवासी अंगद सिंह के पुत्र विवेश (22 वर्ष), उनकी बहू धनदेवी (30 वर्ष) पत्नी शिवेंद्र सिंह तथा डेढ़ वर्षीय बालक मोनू 17 मार्च की सुबह करीब 9 बजे मोटरसाइकिल से बाबा नीम करौरी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। बताया गया कि गेरिंगापुर गांव से पहले पेट्रोल पंप के पास मोहम्मदाबाद की ओर से आ रही पिकअप संख्या यूपी 76के/6270 के चालक ने कथित रूप से तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में धनदेवी का पैर टूट गया, जबकि विवेश और बालक मोनू को भी चोटें आई। घायलों को उपचार के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल, में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि दुर्घटना में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी ने बाइक चालक पर लगाया टक्कर मारने का आरोप

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में एक किशोरी को बाइक से टक्कर मारने का मामला सामने आया है। घटना में किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने मामले में कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम धीरपुर ज्योता निवासी अनीता पत्नी रमेशचंद्र ने शिकायत पत्र में बताया कि 17 फरवरी 2026 को शाम करीब 5 बजे उनकी 17 वर्षीय पुत्री अंशिका खेत पर चारा देने जा रही थी। आरोप है कि उसी दौरान गांव निवासी एक युवक अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 76एएस/0893 से तेज गति व लापरवाही से चलते हुए आया और किशोरी को टक्कर मार दी। हादसे में अंशिका गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता का कहना है कि घटना के संबंध में थाना मोहम्मदाबाद में तहरीर दी गई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महरूपुर रावी में बुधवार शाम करीब 4 बजे एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। इस घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिवारिजन तुरंत महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एसएसआई संदीप गौतम मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के मुताबिक, ग्राम महरुपुर रावी निवासी भूरा की पत्नी का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। मृतका का एक वर्षीय पुत्र ऋषभ है। महिला की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व कन्नौज जनपद के एक गांव से महरूपुर रावी में हुई। थानाध्यक्ष अवधनारायण पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मंदबुद्धि युवक से कुकर्म, शिकायत पुलिस से

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कुकर्म के शिकायत करने पर दबंग युवक ने पीड़ित के साथ मारपीट की और जांच से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी।

जानकारी के मुताबिक, नगला झब्ब निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरी में दर्शाया कि उसका मंदबुद्धि भाई को 14 मार्च को रात्रि 8 बजे सरनाम सिंह पुत्र प्रेम सिंह ने बुलाया और बीड़ी लाने को कहा। जब मेरा भाई बीड़ी लेकर पहुंचा तो आरोपी सरनाम सिंह अपनी बोलेरो गाड़ी में बैठा लिया और उसके साथ कुकर्म किया।

जब मेरे भाई ने घटना परिजनों को बतायी तो मैं अपने शिकायत करने सरनाम के घर गया तो आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी।

## पूर्व विधायक के घर हुए विस्फोट में बेटों सहित 6 पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व विधायक विजय सिंह के घर में हुए विस्फोटक के मामले में पुलिस ने विक्की, सिक्की सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मंगलवार शाम पूर्व विधायक के तीन मंजिला घर में विस्फोट हुआ था। जिससे बेसमेंट की छत उड़ गयी थी। विस्फोट इतना जोर था कि तीसरी मंजिल तक खिड़कियां व शीशे टूट गये थे और मकान कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना में पूर्व विधायक के दोनों बेटों समेत छह लोग घायल हुए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मुहल्ला नाला मछरट्टा से खड़यिाई मुहल्ला को जाने वाली गली में पूर्व विधायक विजय सिंह का चार मंजिला आवास है। इसी आवास के भूतल पर बैठक में पूर्व विधायक के पुत्र अविनाश सिंह विक्की और अभिषेक सिंह उर्फ सिक्की के अलावा राजीव गांधीनगर निवासी राशु मिश्रा, नाला मछरट्टा के ईशू चौरसिया और कर्मचारी भइया लाल चौहान बैठे थे। शाम करीब 7:30 बजे तेज धमाका हुआ। इससे यह सभी लोग घायल हो गए थे। चीख-पुकार सुनते ही आसपास मौजूद लोग वहां पहुंचे। ब्लास्ट में कुल 06 लोगों को चोटें आई है। अविनाश उर्फ विक्की पुत्र विजय सिंह उम्र करीब 38 वष, अभिषेक उर्फ सिक्की पुत्र विजय सिंह उम्र करीब 35 वर्ष, इशू चौरसिया पुत्र घनश्याम चौरसिया उम्र करीब 29 वर्ष उपरोक्त निवासीगण मोहल्ला नाला मछरट्टा

## तीन दिवसीय ओपन स्टेट आमंत्रण पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला खेल कार्यालय द्वारा 18 से 20 मार्च तक ओपन स्टेट आमंत्रण पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में कराया जा रहा है। ओपन स्टेट सीनियर पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों गौतमबुद्ध नगर, इटावा, एटा, कानपुर, सीतापुर, फिरोजाबाद, मिर्जापुर, मऊ, उन्नाव की 09 टीमें एवं 01 स्थानीय टीम सहित कुल 10 टीमें प्रतिभाग करेगीं। प्रतियोगिता के पहले दिन बुधवार को क्रीड़ाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि मोनिका यादव अध्यक्ष जिला पंचायत को पटुका, पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि मोनिका यादव ने टीमों/निर्णायकों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया।



प्रतियोगिता के पहले दिन लीग मैच का आयोजन किया गया। गौतमबुद्ध नगर (27 पॉइन्ट) बनाम मिर्जापुर (05 पॉइन्ट) खेला गया। जिसमें गौतमबुद्ध नगर 22 पॉइन्ट से बिजेता बना। इटावा (28 पॉइन्ट) बनाम फर्रुखाबाद (40 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें फर्रुखाबाद 12 पॉइन्ट से विजेता बना। उन्नाव (20 पॉइन्ट) बनाम सीतापुर (26 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें सीतापुर 06 पॉइन्ट से विजेता बना। इटावा (16 पॉइन्ट) बनाम कानपुर (24 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें कानपुर 08 पॉइन्ट से विजेता बना। गौतमबुद्ध नगर (27 पॉइन्ट) बनाम एटा (17 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें गौतमबुद्ध नगर 10 पॉइन्ट से विजेता बना। मऊ (27 पॉइन्ट) बनाम फिरोजाबाद (15 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें मऊ 12 पॉइन्ट से विजेता बना। उक्त मैचों में निर्णायक की भूमिका कुलदीप यादव सचिव जिला कबड्डी संघ, अवनीश कुमार राय, शराफत अली, पवन गोस्वामी, नरसिंह शर्मा, जितेन्द्र नागर, सरफराज, शीत कुमार, विमलेश कुमार, सुनील पाल, कृष्ण प्रताप सिंह ने निभाई। इस अवसर पर प्रदीप कुमार जायसवाल, देवेश यादव, धर्मेंद्र कुमार, प्रदीप यादव, विजय बहादुर सिंह, विपिन कुमार, आर्यन सिंह, सुशांत गुप्ता, सत्यम मिश्रा, पूनम शर्मा के साथ समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिवों से विकास कार्यों की समीक्षा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कार्यालय पर विकासखंड अधिकारी ने ग्राम पंचायतों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की और सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।


बैठक लेते विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान

विकासखंड कार्यालय परिसर में विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम ग्राम पंचायत के समस्त ग्राम सचिवों की बैठक बुलाई। साप्ताहिक बैठक के दौरान विकासखंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत के सचिवों से विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य जैसे कि मनरेगा रिचेकिंग, स्वच्छता तथा आवास योजना आदि विकास कार्यों के बारे में ग्राम पंचायत के सचिवों से जानकारी की। वहीं विकासखंड अधिकारी ने संचारी रोगों के लेकर समस्त विभागों की बैठक बुलाई। जिसमें ग्राम पंचायत में साफ-सफाई, स्वच्छता अभियान आदि के बारे में जानकारी की। स्वच्छ भारत मिशन अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी ली। संचारी रोगों से जुड़े बातें सभी कर्मचारियों को बतायी। इस मौके पर विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेश सिंह, एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, आकांक्षा सक्सेना, मोतीलाल यादव,

## जानलेवा हमले में पिता पुत्र पर दोष सिद्ध, सजा 25 मार्च को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने सुशील उर्फ कारिया पुत्र रामनरेश, रामनरेश पुत्र सूबेदार निवासी पसई नगला निवासी थाना कमलागंज को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर 25 मार्च की तिथि नियत है।

विगत 22 वर्ष पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम सियापुर निवासी शिवरतन पुत्र राजकुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 14 मई 2004 को शाम समय करीब साढ़े आठ बजे मै अपनी मोटर साइकिल से घर जा रहा था। मोटरसाइकिल के पीछे मेरा साला बैठा था और मेरे साले के गांव के लोग

## पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रैकों की अज्ञात चोरों ने चुराई बैटरिया



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के रजीपुर स्थित एक पेट्रोल पंप पर खड़े चार ट्रकों से अज्ञात चोरों ने रात में बैटरियां चोरी कर लिया। घटना का पता तब चला जब बुधवार सुबह ट्रक मालिक मौके पर पहुंचे और ट्रकों की खिड़कियां खुली देखीं। ट्रक मालिक शिवेंद्र सिंह, राजेंश सिंह, राजेंद्र सिंह पुत्र रवि यादव निवासी ग्राम पेरी दरौरा एवं विपिन कुमार निवासी ग्राम पाहला थाना कमालगंज ने जांच की तो पाया कि चारों ट्रकों से बैटरियां गायब थी। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। चौकी प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पीड़ित ट्रक मालिक ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## मशाल जलूस निकालकर कर यूटा ने किया टीईटी का विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों हेतु टीईटी की अनिवार्यता समाप्त किए जाने को लेकर यूनाइटेड टीचर्स एससोसियेशन (यूटा) द्वारा बीएसए कार्यालय में धरना प्रदर्शन उपरांत मशाल जलूस निकाला गया। प्रदर्शन में सैंकड़ों शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।


मशाल जुलूस निकालते शिक्षक-शिक्षिकायें

मंगलवार को फतेहगढ़ स्थित बीएसए कार्यालय में यूटा जिलाध्यक्ष पीयूष कटियार व जिला महामंत्री पंकज यादव के नेतृत्व में आयोजित हुए धरना प्रदर्शन में सैंकड़ों शिक्षक एकत्रित हुए। जिलाध्यक्ष पीयूष कटियार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा अधिकार अधिनियम 29 जुलाई 2011 को लागू किया गया था। तत्समय अधिनियम में यह व्यवस्था थी कि अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षक हेतु टीईटी से छूट रहेगी। परंतु केंद्र सरकार द्वारा निर्गत संशोधित अधिनियम संख्या 24 ऑफ2017 के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने सितम्बर 2025 में सभी शिक्षकों के लिए दो साल में टीईटी करना अनिवार्य किया है। इसके चलते देश भर के लाखों वरिष्ठ शिक्षक के सामने नौकरी का संकट आ खड़ा हुआ है। यूटा ऐसे शिक्षकों को न्याय दिलाने तक सरकार से कोर्ट तक संघर्ष करेगा। जिला महामंत्री पंकज यादव व संयुक्त मंत्री संजीव गुप्ता ने कहा कि यह समय शिक्षक एकजुटता दिखाने का है। यूटा प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राठौर व पदाधिकारियों द्वारा कानून में संशोधन हेतु केंद्र सरकार के सांसदों व मंत्रियों से बराबर संपर्क किया जा रहा है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के जरिए लीगल प्रयास जारी है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल वर्मा व उपाध्यक्ष विनोद गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री को सभी जिलों से ज्ञापन भेज कर लाखों शिक्षकों के साथ न्याय की मांग की जा रही। धरना प्रदर्शन के बाद शाम को शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक मशाल जलूस निकालकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन किया। कार्यक्रम में फूल सिंह, मनोज शर्मा, नितिन गंगवार, अनुपम सक्सेना, संजय कुमार, अरुण कुमार, विश्राम सिंह, आकाश विश्नोई, कपिल गुप्ता, अंजू कटियार, नीलम राठौर, अर्चना सिंह, सीमा पथरिया, राममोहन सहित आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## अवैध आरा मशीन पर जेई ने बिना स्टीमेट के कमर्शियल कनेक्शन पर लगा दिया ट्रांसफार्मर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग के एसडीओ और एक्सईएन की बिना अनुमति के 25 केवी का ट्रांसफार्मर बिना किसी स्टीमेट के ग्राम मीरपुर में ग्रामीणों से मोटी रकम लेकर एक गांव में लगा दिया गया था। इस घटना का खुलासा तब हुआ जब जेई द्वारा ग्रामीणों को जो आश्वासन दिया गया उसके तहत पूरा कार्य नहीं किया। वहीं अब जेई अजीत राजपूत का एक और भ्रष्टाचार सामने आया है। उन्होंने बगैर एस्टीमेट के आरा मशीन पर ट्रांसफार्मर लगवा दिया। जो की नलकूप लाइन से दिया गया है। जब की आरा मशीन का जो कनेक्शन है वो कमर्शियल है। कनेक्शन को नलकूप से जोड़ दिया गया, जो विभाग को लाखों का चूना लगाया जा रहा है। पूरा मामला ग्राम सितौली में धनपाल सिंह ठाकुर पुत्र सुरेश सिंह ठाकुर निवासी सितौली ब्लॉक कमालगंज थाना जहानगंज के अंतर्गत एक आरा मशीन लगी हुई है। उस आरा मशीन पर जेई अजीत राजपूत के द्वारा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर बगैर एस्टीमेट के लगाया गया है। जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं है। जिससे बिजली विभाग को लाखों का चूना लगाया जा रहा है। जेई अजीत राजपूत अपनी जेब भरने में लगे हुये है। जब जेई के पास किसी जानकारी के लिये फोन से संपर्क करो तो जेई अजीत राजपूत द्वारा सारी गलती लाइनमैनों पर डाल दी जाती है और लाइनमैनों पर जेई द्वारा दवाब बनाया जाता है, जो लाइनमैन ज्यादा विरोध करता तो उसका दूसरी जगह ट्रांसफर का दिया जाता है। इस संदर्भ में जब जेई से संवाददाता ने जानकारी की तो उन्होंने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, जांच करायेंगे।

# जिला एकीकरण समिति का हुआ पुनर्गठन

**बैठक में धार्मिक समूहों के प्रमुख व प्रतिनिधि रहे मौजूद**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देशों के क्रम में जिला एकीकरण समितियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र की भावना तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण को निरंतर सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिला एकीकरण समिति का पुनर्गठन किया गया। समिति के सदस्यों की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य के रूप में विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक



बैठक लेते डीएम मौजूद जनप्रतिनिधि

आरती सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी तथा सदस्य सचिव के रूप में मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय धार्मिक समूहों के प्रमुख/प्रतिनिधि के रूप में ईश्वर दास महाराज (महर्षि दुर्वासा ऋषि आश्रम), आसिफ मंसूरी, मंगल सिंह ज्ञानी एवं कन्हैया लाल जैन द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त शरद चन्देल, रवीन्द्र भदौरिया, रोहित गोयल, डी0एस0 राठौर, वैभव राठौर, भूपेन्द्र सिंह, अनिल प्रताप सिंह, सुमन, श्वेता दुबे, गुंजा जैन, चित्रा अग्निहोत्री एवं राना हिजाब सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में समिति के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देना, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुझाव देना, राज्य एकीकरण परिषद के निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा देश की सुरक्षा एवं अखण्डता के प्रति जनसहभागिता बढ़ाना शामिल है। साथ ही यह भी विचार किया गया कि साम्प्रदायिकता एवं विघटनकारी शक्तियों को सक्रिय होने से रोकने तथा किसी भी प्रकार के विवाद या तनाव की स्थिति में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन को समय-समय पर आवश्यक सुझाव दिए जाएं और सहयोग प्रदान किया जाए। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सौहार्द को सुदृढ़ करने हेतु अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से आगामी बैठक में जिला एकीकरण को और प्रभावी बनाने हेतु ठोस एवं व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करने का आवाह्न किया।

# आफिसर्स क्लब में नौ दिवसीय प्रदर्शनी व मेले का हुआ शुभारंभ



मेले का शुभारम्भ करते डीएम व जनप्रतिनिधि

**कलेक्ट्रेट में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का देखा गया लाइव प्रसारण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 09 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व विकास केंद्रित विशेष फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही ऑफीसर्स क्लब में आयोजित 09 दिवसीय प्रदर्शनी एवं मेले का शुभारंभ विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य व अध्यक्ष जिला पंचायत मोनिका यादव द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 80 लाभार्थियों को चेक व स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।

# शिक्षक संकुल बैठक में विनोद पाठक व अशोक वर्मा को किया सम्मानित



विदाई समारोह में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्याय पंचायत मुडौल की मासिक बैठक में सेवानिवृत्त हो रहे विनोद पाठक और अशोक वर्मा का माल्यार्पण कर, शाल उड़ाकर, गीता की पुस्तक एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने खट्टे मीठे अनुभव शेयर करते हुए कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। वैधानिक व्यवस्था के तहत उसे रिटायरमेंट दिया जाता है, किन्तु शिक्षकों को अपने अनुभव से शिक्षा विभाग और समाज में सदैव सक्रिय बनकर अपनी सेवाएं देते रहना चाहिए। इस अवसर पर अरविंद मिश्रा, अनुराग पाठक, मनोज कुमार, विनोद गंगवार, विक्रांत पाठक, रवि गुप्ता, ब्रजेश दीक्षित, संजू दीक्षित, नारायण दीक्षित, ओमदत्त शर्मा, जसविंदर गंगवार, अनुपम सक्सेना, हेमलता वर्मा, अनीता यादव ने संबोधित किया।

## शहर में कूड़ा ढोने के लिए लगाये गये 85 नये ई-रिक्शा




जानकारी देते ईओ व पालिका में खड़े नये ई-रिक्शा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में कूड़ा ढोने के लिए ई-रिक्शा लगाये गये है। ट्रायल के रुप में 10 ई-रिक्शा पहले आ गये थे, जो कूड़ा ढोने के लिए शहर में चल रहे थे। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि 85 ई-रिक्शा आने वाले है। जिसमें 40 नये ई-रिक्शा आ चुके है। जिनको शहर में कूड़ा ढोने के लिए लगा दिया गया है। छोटे वाहनों से बाजार में जाम नहीं लगता है और आसानी से गीला कचरा व सूखा कचरा ई-रिक्शे में भर लिया जाता है। नीले व हरे रंग के ई-रिक्शा में केबिन बने है। जिसमें सूखा व गीला कचरा अलग-अलग डाला जाता है। सभी 85 ई-रिक्शा कूड़ा ढोने के लिए इसी माह के अंत तक शहर में हर रोड पर तैनात हो जायेंगे। जिससे स्वच्छता अभियान को बढ़ावा मिलेगा और कूड़ा ढोने के लिए ई-रिक्शा लाभकारी होंगे। चार्जिंग युक्त ई-रिक्शा है, जिनको नगर पालिका परिषद में कर्मचारी रात में चार्जिंग करेगा और सुबह से ई-रिक्शा लेजाकर अन्य-अन्य मार्गो से कचरा उठाया जायेगा।

# जिनके घर में महिलाएं नहीं वो औरतों की पीड़ा क्या समझे : सुलक्षणा सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पिछले कुछ दिनों से घरेलू गैस की भारी किल्लत एवं मुसीबत का सामना कर रही महिलाओं के समर्थन में समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के निर्देश पर महिला सभा संगठन की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह के नेतृत्व में बुधवार को महिला सभा ने सरकार के ढिलमुल रवैए और गैस की हो रही कालाबाजारी के खिलाफ कलेक्ट्रेट परिसर में खाली सिलेंडर के साथ पहुंचकर प्रदर्शन किया। वर्तमान सरकार की दिशाहीन नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। महिला सभा की पदाधिकारी मां बहनों ने ठानी है साइकिल की सरकार बनानी है।



सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करती सपा नेत्रियां

जिलाध्यक्ष महिला सभा सुलक्षणा सिंह ने वर्तमान सरकार की दिशाहीन नीतियों पर निशान साधते हुए कहा कि सरकार में बैठे हुए लोगों के घर में औरतें नहीं है इसलिए वह औरतों के दर्द को महसूस नहीं कर सकते। आज पर्दे में रहने वाली औरतें खाली गैस सिलेंडर के साथ गैस एजेंसियों के बाहर घंटों तपती धूप में सिलेंडर मिलने के इंतजार में खड़ी हैं। सरकार सिलेंडर की व्यवस्था करने की जगह हास्यास्पद तरीके से यह कह रही है कि घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। यह हम महिलाओं के लिए जले पर नमक छिड़कने के समान है, सरकार की ऐसी दिशाहीन नीतियों की हम कड़े शब्दों में आलोचना करते हैं। इस दौरान पूजा कठेरिया, लक्ष्मी राजपूत, नीलम चौहान, रूबी यादव, स्नेहलता, अनीता सिंह, गीता, रीना राय आदि मौजूद रहीं।

# किसान दिवस में नहीं पहुंचे अधिकारी, भाकियू नेता हुए नाराज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास भवन सभागार फतेहगढ़ में किसान दिवस आयोजित किया गया। किसान दिवस कार्यक्रम में अधिकारियों के न पहुंचने पर किसान नेताओं ने नाराजगी जतायी। विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में भाकियू जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने समस्याओं को लेकर किसानों के साथ ज्ञापन सौंपा। प्रदेश में किसानों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि किसान दिवस सिर्फ औपचारितापूर्ण बनकर रह गया है। किसान दिवस में जिला अधिकारी को आना चाहिए था। उनके न पहुंचने से समस्या किसानों की बनी रही। जबकि पशुओं के खुरपका और मुंहपका का वेक्सिनेशन हर छः माह में होता है ये टीकाकरण जनपद में सिर्फकागजों पर



ज्ञापन देते किसान नेता

ही कर दिया गया। पूरे जनपद में टीकाकरण का कार्यक्रम 22 जनवरी से 8 मार्च तक हुआ है। जिसमें विभाग ने लाखों पशुओं का टीकाकरण दिखाया है। इस पर उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समय पंचायत चुनावों का माहौल चल रहा है तो इस वजह से प्रधान और ग्राम सचिव मिलकर व्यक्ति को मृत दिखाकर पेंशन ही बंद करा देते हैं। राजेपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा चिड़िया महोलिया की रामकली, लाला राम, रिंकी, प्रेमसागर, कुमरचंद आदि को ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव ने मृत दिखाकर उनकी पेंशन ही बंद करा दी। ऐसे ही उसी ग्राम सभा के कई महिला और व्यक्तियों को मृत दिखाकर या फिर गांव से बाहर दिखाकर एक से दो वर्षो से पेंशन ही बंद करवा दी है, ये सब जबकि महिला और व्यक्ति जीवित है। जिला महासचिव अभय यादव ने कहा कि पिछले कई वर्षो से हम अपने ग्राम नगला फुलु के लिये सड़क मांग रहे हैं जो कि देश को आजाद हुए 78 वर्ष से अधिक हो गया है, हमारे गांव के लिये अभी तक कोई भी पक्की सड़क नहीं है। इस मौके पर कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, अनुज राजपूत, सुशील दीक्षित, पुजारी कटियार, शिवराम शाक्य, टिंकू यादव, विजय शाक्य, राघवेंद्र यादव, डंपी यादव, सत्येंद्र सिंह, अजीत सोमवंशी आदि उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत जादूगर ने लोगों को किया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी परिसर में नशा मुक्ति अभियान के तहत एक जादू का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जादू के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। आमतौर पर इलाज और दवाइयों के लिए पहचाने जाने वाले इस अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ समाज में फैल रही नशे की लत पर अंकुश लगाना था। जादूगर ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को नशे के हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जादूगर ने कई हैरतअंगेज करतब दिखाए। जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने खेल-खेल में यह दर्शाया कि कैसे नशा इंसान के जीवन



लोगों को जागरुक करते जादूगर

को खोखला कर देता है। खाली हाथ से चीजें गायब करने और फिर उन्हें वापस लाने जैसे प्रतीकों के जरिए समझाया गया कि नशा कैसे किसी की जमा-पूंजी और खुशियों को पल भर में खत्म कर सकता है। जादूगर ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे शराब, सिगरेट और अन्य नशीले पदार्थों को छोड़कर एक स्वस्थ जीवन अपनाएं। सीएचसी प्रभारी डॉ0 लोकेश शर्मा ने बताया कि पारंपरिक प्रचार-प्रसार के तरीकों की तुलना में इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रमों का असर लोगों के मन पर अधिक गहरा होता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों ने न केवल जादू का आनंद लिया, बल्कि भविष्य में नशे से दूर रहने का संकल्प भी लिया। स्थानीय निवासी राहुल कुमार, जशवीर, आलोक कुमार और मोनू सिंह ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा नशा एक ऐसी बीमारी है जो सिर्फ इंसान को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को तबाह कर देती है। जादू के माध्यम से दी गई यह सीख लोगों को लंबे समय तक याद रहेगी।

## खबरें एक नजर में

### गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक परीक्षा दिवस का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक परीक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल, निदेशक राजीव मोहन पाण्डेय, प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारभ किया। प्री-प्राइमरी के छात्रों को परीक्षा परिणाम बड़े ही सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में वितरित किए गए। सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। अभिभावकों का सहयोग सराहनीय रहा। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने कहा आज के बच्चे कल का भविष्य हैं, इसलिए हमें उन्हें बेहतर शिक्षा से संबंधित हर सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। उपप्रधानाचार्या डॉ0 अंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### नव संवत्सर महोत्सव आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नव सृष्टि संवत, वैदिक नव वर्ष एवं आर्य समाज स्थापना दिवस पर चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के शुभ दिन आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में भव्य नवसंवत्सर महोत्सव का आयोजन 19 मार्च को होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक रीति से यज्ञ के साथ होगा। जिसके उपरांत वैदिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वैदिक विद्वानों द्वारा भारतीय नववर्ष की वैज्ञानिकता, आध्यात्मिकता एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला जाएगा। आर्य समाज के विद्वान आचार्य संदीप आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव में जनपद के विभिन्न आर्य समाजों के प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे।

### शिक्षिका पर अपने छोटे बच्चों के डायपर छात्रों से साफ करवाने का आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगला झब्बू सिंह मोहल्ले स्थित एक सरकारी स्कूल में एक शिक्षिका पर गंभीर आरोप लगे हैं। परिजनों का आरोप है कि शिक्षिका अपने छोटे बच्चों के गंदे डायपर स्कूल के छात्रों से साफ करवाती हैं। बुधवार को कक्षा 5 और 3 की छात्राओं ने घर जाकर अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। शिकायतकर्ता नरेंद्र सिंह उर्फ कन्हैया लाल ने बताया कि शिक्षिका कथित तौर पर बच्चों से कहती हैं कि उन्हें घिन आती है और उल्टी होती है, इसलिए वे डायपर साफ करें। परिजनों के अनुसार शिक्षिका अक्सर अपने बच्चों के शौच किए हुए डायपर छात्रों से फिकवाती हैं। शिकायत मिलने के बाद बच्चों के परिजन स्कूल पहुंचे और प्रधानाध्यापक से शिक्षिका की शिकायत की। नरेंद्र सिंह उर्फ कन्हैया लाल ने बताया कि जब वह स्कूल पहुंचे, तो उनकी छोटी बहन डरी हुई थी। हालांकि, कक्षा 5 की छात्रा बहन ने हिम्मत दिखाते हुए पुष्टि की कि शिक्षिका उनसे यह काम करवाती हैं। छात्रा ने यह भी बताया कि उन्हें लकड़ी की मदद से डायपर उठाकर गड्ढे में फेंकने के लिए मजबूर किया जाता है। इस मामले में स्कूल के प्रधानाध्यापक ने शिक्षिका को मौके पर बुलाकर जांच पड़ताल की है। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया कि उन्हें अभी तक इस घटना की कोई जानकारी नहीं है।

# अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 14 तकनीकी सत्रों में 200 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत हुए

**दो दिवसीय संगोष्ठी का हुआ समापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय महाविद्यालय में आयोजित द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के चौदह तकनीकी सत्रों में इंडोनेशिया, फिजी, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि देशों तथा भारत के विभिन्न राज्यों से 200 से अधिक अध्येता तथा शोध छात्रों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। विभिन्न सत्रों में प्रो0 अनिल कुमार विश्वकर्मा, डॉ0 मेवालाल, डॉ0 राजीव कुमार सिंह, डॉ0 राजू सिंह, डॉ0 रश्मि दुबे, डॉ0 ज्योति हर्मित, डॉ0 राहुल द्विवेदी, डॉ0 संदीप सिंह वर्मा, डॉ0 उमेश सिंह, डॉ0 लेखराम दन्नाना, डॉ0 संजीवनी आर्या, डॉ0 मनोज कुमार, डॉ0 अमित कुमार, डॉ0 प्रियांशु गुप्ता, डॉ0 विनीत सिंह, प्रो0 स्वाति सक्सेना, डॉ0 अश्विनी




कार्यक्रम में मौजूद प्राध्यापकगण

देवी, डॉ जितेन्द्र डबराल आदि विद्वानों ने सत्र की अध्यक्षता की तथा डॉ0 संदीप कुमार द्विवेदी, डॉ0 रमाशंकर, नीरज कुमार द्विवेदी, प्राची गोस्वामी, समीर कुमार गुप्ता, डॉ0 निधीश कुमार सिंह, डॉ0 आलोक बिहारी लाल, डॉ0 धनंजय कुमार कुशवाहा, डॉ0 मधुप कुमार, विजय कुमार, विवेक सिंह आदि ने तकनीकी सत्रों का संचालन किया। संगोष्ठी के समापन सत्र के मुख्य अतिथि सुधीर चन्द्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ0 योगेन्द्र पांडेय, मुख्य वक्ता डॉ0 निशंका संजीवनी, विशिष्ट वक्ता प्रो0 अजय कुमार चौबे तथा सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश ने की। संगोष्ठी समन्वयक निधीश कुमार सिंह ने बताया कि सेमिनार में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने तथा सात से अधिक देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन सत्र का संचालन संगोष्ठी सचिव डॉ0 संदीप कुमार द्विवेदी तथा प्राची गोस्वामी ने किया।

# हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजेश मिश्रा की मां को दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि अर्पित करती किरन तिवारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश मिश्रा की माताजी के निधन बुधवार को साहबगंज चौराहा स्थित निजनिवास पर हिन्दू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन कमलेश तिवारी ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन तिवारी ने राजेश के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की व माताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मयंक पाण्डेय, राष्ट्रीय सचिव श्रीकान्त द्विवेदी व प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से 500 घरों की बिजली गुल



ट्रांसफार्मर सही करते कर्मचारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने से नगर के लगभग 500 घरों में जल संकट गहरा गया है। सोमवार रात हुए इस हादसे के बाद से पिछले दो दिनों से जलापूर्ति ठप है, जिससे सैकड़ों परिवारों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सोमवार रात को अचानक तेज धमाके के साथ ट्रांसफार्मर जल गया। इस घटना के कारण नवाबगंज नगर के लगभग 500 घरों में नल सूख गए हैं। लगातार दो दिनों से पानी न मिलने के कारण स्थानीय निवासियों को दैनिक कार्यों में भारी परेशानी हो रही है। लोग दूर-दराज के हैंडपंपों और अन्य स्त्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं। इस मामले में अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने के कारण जल आपूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि ट्रांसफार्मर फुंकने की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। ईओ प्रमोद कुमार के अनुसार बुधवार तक नया ट्रांसफार्मर आ जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि बुधवार शाम तक बिजली आपूर्ति सुचारु होने के बाद जलापूर्ति भी बहाल कर दी जाएगी। भीषण गर्मी और उमस के बीच पानी की आपूर्ति ठप होने से स्थानीय नागरिकों में रोष है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी, ताकि दो दिनों तक पानी की किल्लत न होती। अब सभी की निगाहें बुधवार शाम पर टिकी हैं कि कब तक नलों में पानी वापस आता है।

# विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान द्वारा हुआ रोजा इफ्तार



इफ्तार करते रोजेदार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजान के पवित्र माह पर मस्जिद हबीब बक्स पर पं0 विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान द्वारा आदेश तिवारी व क्षमा तिवारी ने सैकड़ों रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराया और रमजान की मुबारकवाद दी। हाफिज मो0 मुकीम ने रोजेदारों को नमाज अदा कराई और रोजेदारों ने इफ्तारी की। इस अवसर पर जीशान अंसारी, इरफान खाँ, फैसल शमसी, रहमत अली, मुन्ना भाई, मुकेश सक्सेना, मो0 इरफान, अरशद सिद्दीकी, शब्बीर सहित सैकड़ों लोगों ने रोजा इफ्तारी की और मुल्क में अमन चैन की दुआ की।

## खबरें एक नजर में

### बंगले में घुसे तेंदुए ने पांच नवजात बछड़ों को बनाया निवाला, गांव में दहशत



**निघासन-खीरी।** मझगईं वन रेंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौधिया कला में बुधवार तड़के तेंदुए के हमले से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। नहर किनारे स्थित एक गौपालक के एकांत बंगले में घुसे तेंदुए ने पांच नवजात बछड़ों को मार डाला। घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों का माहौल बना हुआ है। गांव निवासी नरेंद्र कुमार उर्फ बुधई यादव का बंगला गांव से लगभग 500 मीटर दूर नहर के पास स्थित है, जहां वह अपने पशुओं को रखते हैं। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब चार बजे एक तेंदुआ चुपचाप बंगले में घुस आया। उस समय परिसर में बंधी गायों ने हाल ही में बछड़ों को जन्म दिया था, जो पूरी तरह असहाय अवस्था में थे। तेंदुए ने इसी का फायदा उठाते हुए एक-एक कर पांचों नवजात बछड़ों को अपना शिकार बना लिया। सुबह जब गौपालक रोज की तरह पशुओं को चारा देने पहुंचे तो वहां का मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। चारों ओर खून के निशान और मृत बछड़ों के अवशेष पड़े थे। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते घटना की खबर पूरे गांव में फैल गई और लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने तेंदुए के पगचिह्नों के आधार पर उसकी गतिविधियों का पता लगाने का प्रयास शुरू कर दिया है। मझगईं वन रेंज के रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हमला तेंदुए द्वारा ही किया गया है, जिसमें पांच नवजात बछड़ों की मौत हुई है। पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा मृत बछड़ों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, ताकि घटना की पुष्टि हो सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है और ग्रामीणों की सुरक्षा प्राथमिकता है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, रात के समय अकेले बाहर न निकलें, बच्चों को घर के भीतर सुरक्षित रखें और समूह में ही खेतों की ओर जाएं। इधर, ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने, क्षेत्र में स्थायी गश्त लगाने और प्रभावित गौपालक को उचित मुआवजा देने की मांग की है। घटना के बाद से पूरे गांव में भय का माहौल है और लोग रात के समय घरों से बाहर निकलने से भी कतरा रहे हैं।

### पीएलए डिवीजन द्वारा डेंटल कैंप का आयोजन, मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार



**अमीरनगर-खीरी।** पी.एल.ए डिवीजन कुंभी द्वारा बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कुंभी में एक निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोजेक्ट हेड ललित जैन, एचआर जीएम संत कुमार शुक्ल, यूनिट हेड कुंभी चीनी मिल सुनील कुमार यादव, डॉ. अरुण कुमार उपाध्याय (पीएचसी कुंभी), पूर्व शाखा प्रबंधक एसबीआई अतुल कुमार मेहरोत्रा एवं डेंटल स्पेशलिस्ट डॉ. प्रशांत मेहरोत्रा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पूजा-अर्चना के साथ किया। कैंप के दौरान क्षेत्र के बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों का निःशुल्क दंत परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का भी मुफ्त वितरण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दांतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बारे में परामर्श देकर लोगों को जागरूक किया गया। डेंटल स्पेशलिस्ट डॉ. प्रशांत मेहरोत्रा (बीडीएस, एमडीएस) ने बताया कि उनकी क्लीनिक थाना मोहम्मदी के सामने स्थित है, जहां दांतों के सभी प्रकार के रोगों का आधुनिक तकनीक से सफल उपचार किया जाता है, साथ ही जरूरतमंद मरीजों के नए दांत भी लगाए जाते हैं। कैंप में क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही और लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम बताया। क्षेत्रवासियों के अनुसार, डॉ. प्रशांत मेहरोत्रा दंत चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं और जटिल से जटिल समस्याओं का भी सफल इलाज करते हैं।

### शिक्षा चौपाल का सफल आयोजन, मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



**मितौली-खीरी।** बुनियादी शिक्षा को सशक्त बनाने और अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से निपुण भारत मिशन के अंतर्गत मितौली न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षा चौपाल का भव्य आयोजन प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ प्रथम में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता, नामांकन, उपस्थिति और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान ए.आर.पी. प्रशांत कुमार पांडेय एवं बृजेन्द्र प्रताप सिंह की देखरेख में हुआ, जबकि अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव ने की। अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान से दक्ष बनाना है। इसके लिए शिक्षक, अभिभावक और समाज सभी की सहभागिता जरूरी है। इस अवसर पर संकुल शिक्षक राममिलन सिंह ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं—जैसे निपुण लक्ष्य, स्कूल चलो अभियान, और छात्रवृत्ति योजनाओं—की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें और घर पर भी पढ़ाई का अनुकूल माहौल बनाएं। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा भी खुलकर सामने आई। नोडल संकुल शिक्षक सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गीत, नृत्य और नाटक शामिल रहे। प्रस्तुतियों ने शिक्षा के महत्व, स्वच्छता और सामाजिक मूल्यों का संदेश दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। शिक्षा चौपाल का मुख्य आकर्षण रहा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह। कार्यक्रम में संकुल शिक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार, राजेंद्र कुमार, महेश कुमार सहित न्याय पंचायत मितौली के शिक्षक अमित कुमार मिश्र, श्वेता मिश्रा, वजीहुल हसन, पूनम, पल्लवी मिश्रा, रोहित कुमार, राजेश कुमार वर्मा, दिनेश कुमार, कमता प्रसाद, नीलम सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, रेनू देवी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक मुनेश कुमार उपस्थित रहे।

### प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार के उपलब्धियों को गिनाया

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में बुधवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सरकार का सफलता पूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने पर जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी, आशा, सचिव आदि सहित कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार की उपलब्धियों एवं सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश सरकार का नौ वर्ष पुर्ण होने पर समन्वय कार्यक्रम कर सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुचाया जाना है। इस मौके पर पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार, सीएम फेलो गौरव सिंह,एडीओ एजी नरेंद्र कानपुरिया, जेई एम आई विजय कुमार,भटवारी प्रधान राजेश मौर्य, थोथा प्रधान राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### नवरात्र के मद्देनजर गड़बड़ा धाम में तैयारियां पूर्ण

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम बुधवार की मध्य रात्रि से शुरू हो रहे नवरात्रि के प्रथम दिन दर्शन पूजन कलश स्थापना के लिये भक्त जल ले कर पूजन पाठ करेंगे। नवरात्र पर लगने वाले मेले में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गड़बड़ा धाम में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा सेमरा मोड़ तथा गलरा हनुमान मंदिर के पास तथा एक मंदिर के दक्षिण तरफबैरियर लगा कर मेला भीड़ को नियंत्रित किया जाएगा। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हलिया के अलावा ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष तथा 13 कांस्टेबल एवं 5 महिला पुलिस तथा एक फायर ब्रिगेड तथा एक प्लाटून पीएसी तथा मेला प्रभारी के रूप में एसआई श्याम लाल की तैनाती किया गया है एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि 32 सफाई कर्मियों की ड्यूटी दो शिफ्ट में लगाई गई है। पानी टैंकर व साफ सफाई पूरे नवरात्रि में चलेगा।

### महिला ने पिता-पुत्र के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी पुष्पा देवी पत्नी बलराम ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर पिता व पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है । दी गई तहरीर में बताया है की भूमि विवाद को लेकर विपक्षी रमेश तिवारी व उनका पुत्र कनक तिवारी मंगलवार की शाम मेरे घर पर आकर गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दिया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता व पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा महिला का उपचार किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर पिता व पुत्र के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट सहित जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# गांव हमारी जिम्मेदारी, शिक्षा से ही होगा विकासः लोकेंद्र प्रताप सिंह

**उचौलिया (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**




बब्लॉक पसगवां क्षेत्र में बुधवार को परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और ग्राम प्रधानों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने गांवों के समग्र विकास में शिक्षा की भूमिका को सबसे अहम बताते हुए कहा कि गांव हमारी जिम्मेदारी है। जब गांव विकसित होंगे तभी प्रधानमंत्री का विकसित भारत विजन 2047 साकार हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि गांवों के विकास में ग्राम प्रधान और विद्यालय के प्रधानाध्यापक की संयुक्त भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि दोनों मिलकर कार्य करें तो गांवों में शिक्षा का स्तर तेजी से सुधर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों के माध्यम से विद्यालयों में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब हर व्यक्ति अपने गांव को अपनी जिम्मेदारी मानेगा, तभी भारत माता की जय का वास्तविक अर्थ साकार होगा। कार्यक्रम की शुरुआत में खंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार भारती ने ग्राम प्रधानों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालयों को बेहतर बनाने और उनका कायाकल्प करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने मिशन कायाकल्प के तहत स्कूलों में हुए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। खंड विकास अधिकारी मोहित कौशिक ने क्षेत्र में किए गए नवाचारों की जानकारी देते हुए बताया कि किरियारा गांव के सरकारी स्कूल में नक्षत्रशाला और औरंगाबाद में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि इन मॉडलों को अन्य स्थानों पर भी लागू किया जा रहा है, जिससे बच्चों को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या पसगवां के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया। कोटरा के बच्चों ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' विषय पर प्रभावशाली नाटक पेश किया, जबकि रामपुर ग्रंट के बच्चों ने मिशन शक्ति पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। काशीपुर के बच्चों ने आकर्षक नृत्य से कार्यक्रम में रंग भर दिए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अर्चना सैनी ने किया। दीप प्रज्ज्वलन के दौरान शिक्षक विवेक शर्मा ने स्वस्ति वाचन किया। कार्यक्रम में शिक्षक एवं कवि पत्रकार श्रीकांत सिंह ने काव्य पाठ कर माहौल को साहित्यिक रंग दिया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विश्वास सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अरुण मिश्रा, मंत्री सत्येंद्र बहादुर सिंह, सियाराम दिनकर, एआरपी शहादत खान, रामसूरज, रेखा, सोहन लाल, नरेंद्र प्रताप सिंह, अंशुल शर्मा, वंदना रानी, मोहम्मद रवी, शब्बन खान, आसिफ बेग, मोहम्मद अकील सहित बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## निघासन तहसील में अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, संगठन मजबूती पर जोर

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




निघासन तहसील सभागार में बुधवार को निघासन अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि सिविल जज दिव्यांशु सैनी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला तथा जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर खीरी के अध्यक्ष महेंद्र पाल वर्मा शामिल हुए। अतिथियों का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रकेश मिश्रा, मंत्री मोहम्मद लतीफ खां सहित अन्य पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण की प्रक्रिया विशिष्ट अतिथि अजय कुमार शुक्ला ने संपन्न कराई। इस दौरान उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, संयुक्त मंत्री सर्वेश यादव, लेखा परीक्षक अखिल श्रीवास्तव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रमेश भार्गव तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रमेश भारती ने भी शपथ ली। कार्यक्रम में एसडीएम निघासन राजीव निगम, तहसीलदार दिव्यांशु शाही, सिंगाही नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कयूम और निघासन नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य की उपस्थिति रही, जिससे समारोह की गरिमा और बढ़ गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अजय कुमार शुक्ला ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की एकजुटता और मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए संगठन का सशक्त होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने न्यायिक व्यवस्था में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। समारोह के अंत में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें राजेंद्र तिवारी 'कंटक', कमलेश धुरंधर, अमित कैथवार, संदीप कटियार, कृति श्रीवास्तव और प्रशांत पांडेय ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के संरक्षक ध्रुव सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध पांडे, सर्वेश मिश्रा, उमाकांत जायसवाल, सर्वेश गुप्ता, वीरेंद्र, पंकज यादव, धर्मेश यादव, आशीष कश्यप, नवदीप 'गोल्डी', राजू गिरी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## ब्लॉक परिसर में मंदिर निर्माण से जुड़ा शिलापट्ट गायब, सुरक्षा और व्यवस्था पर उठे सवाल

**नकहा (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



> थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी ने बताया कि मुझे किसी प्रकार की जानकारी व तहरीर नहीं मिली है आगे अगर हमको तहरीर मिलती है तो जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी वहीं पर खंड विकास अधिकारी संगीता यादव का सीयूजी नंबर नहीं उठा।

विकास खंड नकहा परिसर में मंदिर निर्माण को लेकर हुए भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद स्थापित किया गया शिलापट्ट रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया है। इस घटना ने न केवल प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है, बल्कि पूरे क्षेत्र में इसे लेकर चर्चाओं का दौर भी तेज हो गया है। सरकारी परिसर के भीतर इस तरह की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया जा रहा है कि कुछ समय पूर्व मंदिर निर्माण कार्य के शुभारंभ के लिए विधिवत भूमि पूजन कराया गया था। इस अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान एक शिलापट्ट भी स्थापित किया गया था, जिस पर जनप्रतिनिधियों के नाम और निर्माण कार्य से जुड़ी जानकारी अंकित थी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि कुछ ही दिनों में यह शिलापट्ट मौके से गायब हो गया। ब्लॉक परिसर, जहां दिनभर अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों का आना-जाना लगा रहता है, वहां से शिलापट्ट का इस तरह गायब हो जाना कई तरह के सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इतने संवेदनशील सरकारी स्थल पर लगी सामग्री सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिकों की समस्याओं और संपत्तियों की सुरक्षा का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। घटना के बाद ब्लॉक परिसर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कुछ लोग इसे शरारती तत्वों की करतूत मान रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग इसे प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बता रहे हैं। यह भी चर्चा है कि हाल के दिनों में नामपट्ट और शिलापट्टों के गायब होने की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे लोगों में नाराजगी है। इस मामले पर प्रधान संघ अध्यक्ष सुशील वर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब सत्ता पक्ष के विधायक के नाम से जुड़े शिलापट्ट तक सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की स्थिति क्या होगी, यह समझना मुश्किल नहीं है। उन्होंने प्रशासनिक रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह घटना व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को दर्शाती है। सूत्रों के अनुसार, मामले की जानकारी स्थानीय प्रशासन तक पहुंच चुकी है, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। न ही यह स्पष्ट हो पाया है कि शिलापट्ट चोरी हुआ है या किसी अन्य कारण से हटाया गया है। फिलहाल यह घटना विकास खंड नकहा में चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई है और लोग प्रशासन की अगली कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

### अचानक तबियत बिगड़ने पर उपचार के दौरान युवक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा गांव निवासी युवक की मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने पर युवक परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए प्रयागराज लेकर गये जहाँ भर्ती कराया गया। जंहा पर उपचार के दौरान मंगलवार को देर रात मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।हलिया कस्बा निवासी 33 वर्षीय अजय कुमार सोनी की अचानक सीने में दर्द होने से तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्रयागराज लेकर गये जहाँ उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई सूचना मिलते ही मृत युवक की पत्नी प्रियंका का रो रोकर बुरा हाल है मृतक दो भाइयों में छोटे थे। दोनों मिल कर आभूषण की दुकान देखते थे मृतकों को दो लडकिया है अचानक मौत से युवक के मृदुल स्वभाव के कारण पूरे कस्बे में मातम छा गया। युवक के पिता की पूर्व ही मौत हो चुकी है।

## मो. तीर्थ वार्ड-6 में स्नानघर का लोकार्पण, मुक्तिधाम परिजनों को मिलेगी राहत



**गोलागोकर्णनाथ (खीरी)।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या-06 मो. तीर्थ गोकर्ण वार्ड द्वितीय स्थित मुक्तिधाम के बाहर बुधवार को स्नानघर का लोकार्पण किया गया। यह निर्माण अंत्येष्टि स्थल योजना के तहत कराया गया है, जिससे अंतिम संस्कार के बाद शोकाकुल परिजनों को स्नान जैसी आवश्यक सुविधा के लिए अब इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने समाजसेवियों के साथ फीता काटकर किया। इस अवसर पर समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, जीडी गोयनका के डायरेक्टर अतुल अग्रवाल, पंजाबी महासभा अध्यक्ष पारस साहनी और लायंस क्लब अध्यक्ष संजय बंसल विशेष रूप से मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने कहा कि शिव मंदिर कॉरिडोर बनने के बाद मुक्तिधाम क्षेत्र में अंतिम संस्कार के उपरांत स्नान की सुविधा का अभाव महसूस किया जा रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए मुक्तिधाम के मुख्य द्वार के पास स्नानघर का निर्माण कराया गया है, ताकि शोक संतप्त परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाए और नागरिकों को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस प्रकार के कार्य न केवल व्यवस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता का भी परिचय देते हैं। कार्यक्रम में नामित सभासद रामचन्द्र राठौर, गीता विश्वकर्मा, शत्रोहन मिश्रा, समाजसेवी राजेश गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. योगेश वर्मा, अवधेश जायसवाल, नीरज गर्ग, प्राचार्य गुरु हरिकिशन डॉ. निर्मल सिंह, सफाई नायक नरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मुक्तिधाम पर स्नानघर बनने से अंतिम संस्कार के दौरान होने वाली असुविधा अब काफी हद तक दूर हो जाएगी।

## नवोदय परीक्षा में बरोठा के कार्तिकेय उर्फ कान्हा ने लहराया परचम, जिले में 32वीं रैंक

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं एक बार फिर यह साबित कर रही हैं कि सीमित संसाधन सफलता की राह में बाधा नहीं बनते। बरोठा गांव निवासी 11 वर्षीय कार्तिकेय उर्फ कान्हा ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में 32वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है। कार्तिकेय, अमर प्रकाश शुक्ला के पुत्र हैं और बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर व समर्पित रहे हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा निघासन के एसएमडी विद्यालय से प्राप्त की। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के दम पर यह सफलता अर्जित की। बताया जाता है कि कान्हा प्रतिदिन कई घंटे पढ़ाई करते थे और कठिन विषयों को समझने के लिए शिक्षकों से मार्गदर्शन लेते रहते थे। परिजनों के अनुसार, कार्तिकेय शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और हर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते आए हैं। उनके पिता अमर प्रकाश शुक्ला ने बेटे की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उसकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग का परिणाम है। गांव के लोगों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि कान्हा ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे गांव का नाम रोशन किया है। उसकी सफलता से क्षेत्र के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे भी मेहनत और लगन के बल पर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने कार्तिकेय को अनुशासित, जिज्ञासु और परिश्रमी छात्र बताते हुए उसकी सराहना की। उनका कहना है कि वह हर विषय को गहराई से समझने का प्रयास करता है, जो उसकी सफलता का मुख्य कारण है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी कार्तिकेय को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी का मानना है कि यदि वह इसी तरह मेहनत करता रहा, तो भविष्य में और भी बड़ी सफलताएं उसके कदम चूमेंगी। कार्तिकेय उर्फ कान्हा की सफलता यह संदेश देती है कि सच्ची लगन, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की असली कुंजी हैं।

## स्वयंसेवकों ने महाप्रभु के आश्रम परिसर में सेवा कार्य एवं शुद्धता का दिया संदेश



**चुनार, मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चतुर्थ एकदिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला के मार्गदर्शन में आचार्य मंदिर परिसर में महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के विचारों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता एवं सेवा कार्य द्वारा समाज को शुद्धता का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने भक्ति आंदोलन में महाप्रभु वल्लभाचार्य के योगदान एवं शुद्धाद्वैत के विचारों की प्रासंगिकता को स्वयंसेवकों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दीप नारायण ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता, सेवा कार्य के महत्व को सामाजिक, धार्मिक तथा नैतिक आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया। साथ ही आस-पास के कूड़े-कचरों को साफ सफाई करके स्वच्छता कार्य किया गया। उक्त अवसर पर कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने स्वच्छता एवं महाप्रभु की बैठक के महत्व को समझा। कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन एवं संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विद्या सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**हलिया, मिर्जापुर।** क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव स्थित कनौठी आश्रम पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग दो दिवसीय का समापन हुआ है समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया व मुख्य वक्ता गंगा सागर दुबे व राजेश सिंह हिन्द रहे । समापन प्रशिक्षण वर्गो में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने कहा की यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, और जनसेवा के विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल सिद्धांतों, सेवा भाव, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और जनसंपर्क के प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया इन प्रशिक्षण वर्गो का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की नीति, विचारधारा और कार्यशैली को समझने का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे समाज में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। वक्ताओं ने बताया कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है प्रशिक्षण की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी ने किया इस दौरान पंकज सिंह चंदेल, योगेश दुबे, मंतोष अग्रहरी, अंशु मिश्रा, गौरी शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विकास खंड हलिया में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय विकास खंड सभागार राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत विकास खंड स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार कोई शुभारंभ खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को पीएफएमएस, ई-ग्राम स्वराज एवं जेम पोर्टल के प्रभावी संचालन एवं उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान करना है, ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं का पारदर्शी एवं सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

इस अवसर पर पंचायती राज विभाग से आए प्रशिक्षकों डॉ. पीयूष मणि मौर्य, श्यामधर, रंजना एवं दीपांशी मिश्रा कृद्वारा प्रतिभागियों को पोर्टल के विभिन्न तकनीकी पहलुओं, डेटा प्रविष्टि, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं ऑनलाइन प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार, एडीओ (कृषि)नरेंद्र कानापुरिया, जेई (एमआई)विजय कुमार, सीएम फेलो गौरव सिंह, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इससे शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सकेगा। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त जानकारी को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने का संकल्प लिया।इस दौरान ग्राम प्रधान आयत्री प्रसाद सहित ग्राम प्रधान मौजूद रहे।